"तुम्हारे जैसी नकचड़ी लड़की मैने अपनी ज़िंदगी में नही देखी.. या शायद देखी है... याद नहीं.. पर तुम बहुत ही नकचड़ी हो" विवेक ने जाती हुई पूजा के पीछे बोला जिसके रिप्लाइ में पूजा ने बस उसको जीब निकाल कर चिड़ा दिया और चलती रही... विवेक को भी याद आया कि उसको नेक्स्ट क्लास में जाना है और वो क्लासरूम ढूँढने लगा. पूरा दिन क्लास में निकल गया. प्रतिक से उसकी मुलाक़ात हो गयी थी लेकिन दिया उससे कहीं नही दिखी. अब उसको यकीन हो गया था कि दिया किसी और कॉलेज में ही पढ़ रही है. उसने सोचा कि चलो दिया ना सही, किसी और को ही ढूँढ लेते हैं टाइम पास के लिए. उसने डिसाइड किया कि कल से वो किसी और लड़की पे लाइन मारेगा.. लेकिन किस पे - यह था सबसे बड़ा क्वेस्चन. पूरा दिन उसने लड़कियों की तोल मोल करी और इस निष्कर्ष पे निकला कि पूजा ही सबसे सेफ  है. वो उसके देश की थी और वो उसको थोड़ा बहुत जानती थी.. तो बात तो आराम से शुरू हो जाएगी.. लेकिन सबसे बड़ी प्राब्लम भी यही थी - वो विवेक को जानती थी. हो सकता है कि वो पहली बार में ही चाँटा मार दे...

दूसरी ओर पूजा विवेक से बहुत खिजी हुई थी. उसको ज़्यादा बोलने वाले लड़के बिल्कुल पसंद नही थे और उपर से विवेक उसको बहुत इरिटेटिंग लगता था. वो इतना कूल बनता था जबकि था एक बड़ा फूल. जब भी वो उससे देखती, गुस्से से आग बाबूला हो जाती. उसका बस चलता तो ऐसे इंसानों को पैदा होने से पहले ही मार डालती. वो अपनी ही धुन में खोई हुई चल रही थी कि पीछे से उससे किसी ने आवाज़ मार. पीछे मूडी तो देखा के दिया है.

"हाई पूजा. क्या हाल.. वॉट आ प्लेज़ेंट सर्प्राइज़"

"मुझे देख कर सर्प्राइज़.. वेट टिल यू सी युवर आशिक़"

"डोंट टेल मी... विवेक भी इसी कॉलेज में है.."

"हां.. सुबह से ३ बार तुम्हारे बारे में पूछ चुका है... मैं तो हैरान हूँ कि अभी तक तुमसे मिला नही"

"ढूँढ तो मैं भी उसे रही थी.. फिर मुझे लगा शायद इस कॉलेज में नही होगा"

"डोंट टेल मी दिया... तुम कैसे उसे अपना दिमाग़ खाने देना चाहती हो.."

"बस ऐसा ही है... और बताओ.. तुम्हें कहीं ड्रॉप कर दूं..."

"हां प्लीज, मुझे लॅडीस हॉस्टिल ड्रॉप कर दो" पूजा ने कहा और दिया के पीछे पीछे उसकी कार की तरफ चली गयी

वापस हॉस्टिल जाते हुए विवेक को फिर से प्रतिक दिखा. विवेक उसके पास गया और साथ साथ वो दोनो हॉस्टिल चलने लगे. उनके साथ एक और बंदा था जिस से प्रतिक नोन स्टॉप किसी सब्जेक्ट के बारे में बात कर रहा था. "कैसे लोग है यार यह.. कॉलेज में पढ़ कर मन नही भरा तो अब भी पढ़ाई की बात कर रहे हैं" उसने सोचा.. सारा रास्ता विवेक चुप रहा. जो रास्ता सुबह जल्दी से कट गया था, वो उसको जीटी रोड जैसा लग रहा था अब.. ऐसा लग रहा था कि घंटों से चल रहा है पर हॉस्टिल नही आ रहा था. उपर से प्रतिक और जॅक की बकवास. जैसे ही हॉस्टिल आया और जॅक अपने रूम की तरफ बढ़ा, विवेक

ने प्रतिक का हाथ पकड़ लिया. "प्रतिक यार मेरे रूम में आ. तुझसे बहुत इंपॉर्टेंट बात करनी है" उससे कहा और उसको खीच के अपने रूम में ले गया.

प्रतिक हैरान था कि ऐसी कौन सी बात करनी है विवेक को. फिर उसको लगा कि शायद कल रात के बारे में बात करनी हो. उसने पहले ही सोच लिया था कि सारा ब्लेम गांजे पे डाल देगा. रूम के अंदर पहुँच कर विवेक ने अंदर से रूम लॉक कर दिया

"विवेक तुम मेरा रेप तो नही करने वाले ना"

"अबे तुझे मैं गे लगता हूँ? और वैसे भी प्रतिक नाम वाले लोग गे नही होते हैं. चल उधर बैठ जा" कहते हुए विवेक कुर्सी पर बैठ गया. "यार कल रात जो मैने देखा, मुझे नहीं लगता कि वो गांजे का असर था."

"अबे पागल हो गया है क्या तू. तुझे क्या लगता है कि मैं सच मुच उड़ सकता हूँ?"

"हां मुझे यही लगता है. और यह भी लगता है कि तुम उड़ने की ही प्रॅक्टीस कर रहे थे जब मैं उपर आया. यार मैं शकल से मूरख लगता होऊँगा, हूँ नहीं."

"यार कैसी बहकी बहकी बातें कर रहा है यार. तुझे कैसे लग सकता है कि मैं कुछ ऐसा कर सकता हूँ जो और कोई इंसान नही कर सकता"

"क्यूंकी मैं भी कुछ ऐसा कर सकता हूँ"

"क्या बकवास कर रहा है" प्रतिक ने हैरानी से पूछा

जवाब में विवेक ने टेबल से चाकू उठाया और अपनी एक उंगली के आगे का छोटा सा हिस्सा काट दिया. देखते ही देखते उंगली में से खून निकलने लगा. २-३ सेक. बहने के बाद प्रतिक ने देखा कि विवेक की उंगली का घाव अपने आप ठीक हो गया और वो उंगली बिल्कुल पहले जैसी हो गयी. हैरानी में प्रतिक का मूह खुले का खुला रह गया. "यह देखकर तुझे लग गया होगा कि तू अकेला इंसान नही है जो स्पेशल है. प्लीज़ यार. एक दोस्त होने की हैसियत से बता दे. मैं सच हूँ या ग़लत"

"यह क्या हो रहा है, कैसे हो रहा है मुझे कुछ नही पता विवेक.. तुम्हारा घाव ठीक कैसे हो गया?"

"बात को बदल मत प्रतिक"

"मुझे नहीं पता कि मैं उड़ सकता हूँ कि नहीं. पर हां.. मुझे यह लगता ज़रूर है कि मैं उड़ सकता हूँ"

"आज रात को ९ बजे छत पे मिलते हैं. लेट्स सी अगर हम तेरी पॉवर को डेवेलप कर पायें" विवेक ने एक लंबी सास छोड़ते हुए बोला

# १४

दिया को रात में नींद नही आई. वो बस करवटें बदलते बदलते विवेक के बारे में सोच रही थी. इतने बड़े टोरोंटो में, वो दोनो एक ही कॉलेज में है, ऐसा कोयिन्सिडेन्स तो नही हो सकता. शायद भगवान चाहता ही था कि वो और विवेक भी एक दूसरे से मिले. उसने सोचा कि कल जाते ही सबसे पहले विवेक को ढूँढेगी कॉलेज में.

"बेटा खाने के लिए आ जाओ"

"हां माँ आई" दिया ने बोला और झट से नीचे पहुँच गयी

"बेटे कैसा गया पहला दिन कॉलेज में" खाने की टेबल पर उसके पापा ने पूछा

"ठीक गया पापा."

"बेटा एक बात पूछूँ.. जब से तुम वापस आई हो, इतना गुमसुम क्यूँ रहती हो.. आज भी कॉलेज से आ कर सीधा अपने रूम में चली गयी...सब ठीक तो है ना"

"पापा मैं आप लोगों को १० बार कह चुकी हूँ कि सब ठीक है. क्यूँ दिन रात एक ही बात के पीछे पड़े रहते हो. क्या ज़रूरी है कि कुछ हुआ हो तभी मैं यहाँ आई हूँ?"

"बेटा इस तरह से सब छोड़ छाड़ के आ जाना तो सब ठीक होने की तरफ इशारा नही करता"

"क्यूँ एक बात के पीछे पड़े हुए हो... बोल दिया कि नहीं है तो नहीं है कोई प्राब्लम" दिया ज़ोर से चीखी और खाना छोड़ कर उपर चली गयी.

"अर्रे बेटा खाना तो खा ले. ऐसे क्यूँ नाराज़ होती है" उसके पापा ने पीछे से बोला. "अर्रे यह बत्ती को क्या हो गया... लगता है फ्यूज़ उड़ गया... अब खाने के बाद फ्यूज़ ठीक करना पड़ेगा"

दिया अपने रूम में गयी और अपने पलंग पर लेट गयी... उसके माँ बाप बार बार उसको वो रात याद दिलाते थे. वो ना चाहते हुए भी फिर उस डर और असहयता को एक्सपीरियेन्स करती थी. पहले तो उसको करेंट के झटके भी लगते थे, पर अब उसने उनको कंट्रोल करना सीख लिया था. लेकिन हर बार उसको अपनी पॉवर किसी चीज़ पे कॉन्सेंट्रेट करनी पड़ती थी. अभी कल प्लँट्स में आग लग गयी थी और आज फ्यूज़ पिघल गया. यह क्यूँ हो रहा है उसको नही पता था. पर जब भी उसके अंदर करेंट पैदा होता और वो उसे बाहर फेंकती तो उसको एक अच्छी सी पॉवर का एहसास होता. उसको लगता कि वो अब उतनी असहाय नही है जितनी उस रात थी. बस वो यही सोच रहही थी कि काश, उस दिन वो उस दरिंदे से बच पाती किसी तरह तो आज शायद उसकी ज़िंदगी इतनी उदास नही होती. उदासी में वो बाहर झाँक रही थी और झाँकते झाँकते कब सो गयी, उससे पता भी ना चला.

"हां तो प्रतिक. कॉन्सेंट्रेट. तुझे हल्का महसूस हो रहा है... तू चलते चलते बहुत हल्का हो रहा है. अब तू हवा में उड़ रहा है... अब तू नीचे देख..."

"अबे तू क्या मुझे हिप्नोटाइज कर रहा है हिन्दी फिल्मों की तरह?? ज़मीन पर ही हूँ मैं"

"यार मैं तेरी मदद कर रहा हूँ और तू ऐसे कर रहा है... कोशिश कर ना..."

"नही होती मुझसे और कोशिश."

"अबे तो कल कैसे हवा में चल रहा था... गांजा ख़तम है नहीं तो अभी तेरी नसों में घुसेड देता मैं.. तू उड़ बस.. मैं नही जानता"

"अबे मैं कोई रिमोट कंट्रोल्ड प्लेन नहीं हूँ जो ऐसे ही उड़ जाऊंगा"

"देख तू उड़ नहीं तो मैं फिर से अपना हाथ काट लूँगा. फिर खून को देख कर तुझे उल्टी होगी... तू जब तक नही उड़ेगा मैं तब तक ऐसा ही करता रहूँगा"

"शट अप विवेक.. क्या बचपना है... नहीं उड़ा जा रहा मेरे से मैं क्या करूँ"

"क्या मैं तुझे नीचे धक्का दूं?? अपने आप उड़ जाएगा"

"और अगर नही उड़ पाया तो?"

"तो यमराज आ के उड़ा लेगा तुझे" कहता हुआ विवेक हँसने लग गया.

"तुझे हर वक़्त मज़ाक ही क्यूँ सूझता है यार? चल बहुत ठंड लग रही है, अंदर चलते हैं" असल में बात यह थी कि प्रतिक विवेक के सामने उड़ना नही चाहता था. वो नहीं चाहता था कि विवेक को पता लगे कि वो भी एक आम इंसान नही है. विवेक की हरकतें उसे अभी भी कोई ट्रिक लग रही थी. उससे नहीं लग रहा था कि विवेक अपनी उंगली काट रहा है. उसको लगा शायद वो कोई नयी ट्रिक सीख के आया है और उसको मूरख बना रहा है...

"वैसे विवेक तू है कौन सी जगह से" प्रतिक ने पूछा तो पाया कि विवेक उसके पास नही है. उसने पीछे मूड के देखा तो विवेक छत की एड्ज पे खड़ा नीचे देख रहा था

"प्रतिक तेरे को पता है कि अगर मैं यहाँ से कूद गया, तो नीचे गिर के मुझे कुछ नही होगा"

"विवेक फालतू के काम मत कर और चुप चाप नीचे चल"

"अर्रे मैं सच कह रहा हूँ. यह देख" कह कर विवेक ने छलाँग मार दी

"विवेक...." प्रतिक ज़ोर से चिल्लाया और उसके पीछे दौड़ा. विवेक नीचे गिर रहा था. उसकी आँखें बंद थी. जब काफ़ी देर तक वो ज़मीन से नही टकराया तो उसने अपनी आँखें खोली

"हे हे हे.. उड़ गये ना फिर तुम. चलो मुझे वहाँ ले कर चलो" विवेक ने इशारा करते हुए कहा

"दिमाग़ खराब है तेरा विवेक. कहते हुए प्रतिक उसे ले कर वापस छत की तरफ बढ़ा"

"कसम है तुम्हें अपने प्यार करने वालों की प्रतिक, मुझे वहाँ ले कर चलो" विवेक ने फिर इशारा करते हुए कहा

"क्या है वहाँ विवेक जिस के लिए तू अपनी जान तक पे खेल गया"

"मेरी जान है वहाँ. आज ही कॉलेज के डेटाबेस हॅक करके उसका अड्रेस निकाला है. चल ले चल ना यार. एक पल भी नही रहा जाता अब उसको देखे बिना."

"पागल हो गया है तू विवेक."

"हां हो तो गया हूँ. लेकिन थोड़ा सा. चल उस बिल्डिंग के आगे से राइट टर्न ले लेना... और हां थोड़ा उपर उड़ ताकि कोई हमें देख ना ले" विवेक ने उसे गाइड करते हुए कहा

"विवेक मेरे से और नही उड़ा जा रहा विवेक. मैं थक गया हूँ"

"अर्रे बस पहुँच गये मेरे यार. होसला रख"

"अबे होसला क्या रख साले. गधा हूँ मैं जो मेरी पीठ पर इतना भारी समान लाद दिया"

"अर्रे तू मुझे समान मत कह. चल मैं तेरा मनोबल बढ़ाता हूँ गाना गा के"

"अबे बकवास मत कर.."

"तू जहाँ, जहाँ रहेगा, मेरा साया साथ होगा...."

"अबे यह क्या गाने गा रहा है... इससे कोई मनोबल बढेगा क्या"

"अबे बहुत हिट गाना है अपने टाइम का. कोई ममता कुलकर्णी का रापचिक आइटम सुनाऊं क्या"

"विवेक मेरे से सच में ... नही.. हो रहा" कहते हुए प्रतिक ने झट से नीचे हो कर छत का एंड पकड़ लिया और उसपे लटक के उपर खिच गया. अब विवेक बेचारे को पता भी नही था कि ऐसा होने वाला है. वो मज़े से प्रतिक की पीठ पे लदा हुआ था और कि अचानक से रुक जाने के कारण धम्म से उसकी पीठ से नीचे गिरा. कम से कम १० मीटर की उचाई से वो नीचे गिरा.

"कौन है वहाँ..."घर के अंदर से आवाज़ आई. विवेक की आँखों के सामने तारे नाच रहे थे. सर पे चोट ज़ोर की लगी थी. थोड़ी देर ऐसे ही पड़ा रहा फिर खड़ा हो गया. "कौन है वहाँ, बाहर निकलो" फिर वो आवाज़ आई. विवेक को लगा कहीं वो आदमी गोली वोलि ना चला दे तो चुप चाप बाहर निकल गया.

"जी मैं विवेक हूँ. कोई चोर नही है. हाथ मेरे उपर ही हैं. प्लीज़ गोली मत चलना"

"यह तुम उपर से कहाँ से गिर रहे थे ??"

"जी मैने सोचा संतरे का पेड़ है. मूड हो रहा था खाने का तो चढ़ गया"

"पर यह संतरे का पेड़ नही है"

"हां. उसपे तो बॅलेन्स की आदत है. ये कोई और पेड़ है इसलिए नीचे गिर गया. आप गोली मत चलाना"

"मेरे हाथ में बंदूक नही टॉर्च है. घर का फ्यूज़ उड़ गया है. वोही चेक करने आया था. तुम्हें फ्यूज़ ठीक करना आता है"

"अर्रे बिल्कुल आता है. मैने तो फ्यूज़ में ही पला बढ़ा हूँ. दिखाओ इधर" विवेक ने चैन की सास ली और लगा फ्यूज़ देखने.

"यह तो पूरा पिघल गया है.. नया लेना पड़ेगा सर जी आपको"

"अब इतनी रात में नया कहाँ से लाउ... यह तो कल सुबह ही हो सकता है अब.. लगता है रात अंधेरे में ही काटनी पड़ेगी"

"अर्रे हॅव नो फियर व्हेन विवेक ईज़ हियर... मैं डाइरेक्ट कनेक्षन कर देता हूँ.. मीटर की तार निकाल के... बहुत किया है गांव में... लेकिन सुबह ठीक कर देना. गांव में चलता था.. यहाँ किसी को पता चल गया तो कहीं फासी ना हो जाए"

"हां हां कर दूँगा. तुम लगाओ तो सही"

"अर्रे आप टॉर्च की लाइट मारो तो सही, ऐसे थोड़े लगेगा." विवेक ने कहा और लग गया काम में. ५ मिनिट में घर में बत्ती आ गयी. "लो जी हो गया. आप भी क्या याद रखोगे. घर मे संतरा है क्या?? मूड कर रहा है थोड़ा"

"हां हां अभी ला देता हूँ. अंदर ही क्यूँ नही आ जाते."

"अर्रे वाह आप तो बड़े बहादुर हो. किसी अंजान लड़के को ऐसे ही घर में घुसा दोगे संतरे के लिए..."

"शकल से तुम वैसे ज़्यादे बड़े चोर नही लगते.. और घर में मेरे पास बंदूक भी है" हँसते हुए उस आदमी ने कहा.."आ जाओ अंदर"

"संतरे के लिए तो मैं छत से कूद जाउ, यह घर में आना कौन सी बड़ी बात है.. चलिए... आज आपके घर का संतरा भी चख ही लेते हैं" विवेक ने कहा और पीछे पीछे हो लिया.

अंदर से घर बहुत आलीशान था. ऐसा हर विवेक ने अपने गांव में कभी नही देखा था. वॉल टू वॉल कार्पेटिंग, सेंट्रली टेंपरेचर कंट्रोल्ड, महनगा फर्निचर.. यह पार्टी तो सच मुच मालदार लगती थी. वो अभी घर की खूबसूरती निहार ही रहा था कि उसकी नज़र एक बड़ी सी फोटू पे पड़ी. फॅमिली पोर्ट्रेट था. वो आदमी, उसकी बीवी और दिया. "वाह रे उपर वाले.. भला हो तेरा... टपकाया भी तो सीधा मेरी माशूका की गोद में" उसने सोचा और इधर उधर देखने लग गया कि शायद दिया कहीं दिख जाए.

"क्या देख रहे हो मियाँ.. कहीं सच में कोई चोरी का इरादा तो नहीं..."

"अर्रे नहीं जी... मैं देख रहा था कि मेज़ पे एक प्लेट पड़ी है खाने की और घर में आपके सिवा कोई भी नहीं है..."

"मेरी वाइफ सो गयी है. बेटी का मूड थोड़ा ठीक नही है, तो उसने खाया नहीं.. मुझे तो वैसे ही कम नींद आती है... कुछ पियोगे"

"जी संतरे का जूस है क्या..."

"यह क्या संतरा संतरा लगा रखा है.. संतरा ना हुआ हीरा हो गया... कुछ बियर वगेरह पीयोगे?"

"अर्रे नही सर.. इतनी ठंड में बियर पी के कहाँ जाऊंगा... चलो आप इन्सिस्ट करते हो तो... विस्की है क्या.."

"हां हां क्यूँ नही... रोज़ अकेला पीता हूँ.. आज तुम्हारा साथ मिल गया..." कहते हुए अंकल ग्लास और दारू लेने चले गये और विवेक फिर इधर उधर देखने लग गया

दिया का भी भूख के मारे बुरा हाल था. जोश में वो खाना छोड़ के तो आ गयी थी, पर अब उसको भूख लगी थी. वो बिस्तर से उठी और सीडीयों की तरफ चल पड़ी डाइनिंग एरिया में जाने के लिए. उसका रूम फर्स्ट फ्लोर पे था. वो जैसे ही सीडीयों के पास पहुँची उसको किसी की आवाज़ आई नीचे से उसके पापा से बात करते हुए. वो सोचने लगी कि इतनी रात में कौन आ गया है. उसने थोड़ी सी बातें सुनी तो उसको वो आवाज़ जानी पहचानी सी लगी .. कहीं यह..... वो फटाफट से नीचे उतरी और सच में विवेक वहाँ खड़ा हुआ था... उसको देख के अजीब से हँसी हँस रहा था. दिया भी उस को देखती रह गयी.. कैसा लड़का है.. यहाँ तक पहुँच गया .. वो उसे देख कर बस सोचती रही

"तुम यहाँ कैसे आ गये"

"उड़ के आया हूँ. खीच लाई तुम"

"तुम्हें यहाँ का अड्रेस किसने दिया"

"भगवान की कृपा है मेडम"

"तुम अंदर कैसे घुस गये?"

"संतरे का कमाल.. मेडम संतरे का कमाल.. तुम क्या जानो कितनी महान चीज़ है संतरा... अर्रे अंकल आप रहने दो अब.. मेरा हो गया..."

"क्या हो गया बेटा.." अंकल हाथ में २ ग्लास ले कर आ गये थे. "अर्रे आप भी यहाँ है.. गुस्सा हो गया ठंडा.. इनसे मिलो.. यह हैं... यह हैं..."

"विवेक जी.. विवेक नाम है मेरा. बताया था ना आपको.. शायद बंदूक के डर से ज़ोर से नही बोला था.. वैसे हम दोनो मिल चुके हैं"

"मिल चुके हो... कहाँ??"

"पापा मैने बताया था ना कि हेलिकॉप्टर में ४ लोग थे.. यह भी उनमें से एक है" दिया बोली.

"वेरी इंट्रेस्टिंग... बैठो विवेक... कौन कौन है तुम्हारे घर में"

"रहने दो पापा.. यह एक बार शुरू हो गया तो फिर इसका बंद होना मुश्किल है.. रात बहुत हो गयी है.. आप सो जाओ..."

"हा हा हा.. सीधा क्यूँ नही कहती बेटी कि तुम्हें अकेले वक़्त बिताना है इसके साथ.. तुम्हारा बाप हूँ.. बुढ्ढा हो गया हूँ लेकिन थोड़ी बहुत अकल है अभी भी मुझमें" कहते हुए अंकल उठे और अपने रूम में चले गये

"देखो भगा दिया पापा को.. कैसी बेटी हो तुम" विवेक ने एक ही सास में सारी विस्की हलक से उतारते हुए कहा

"रहने दो तुम इन बातों को.. और यह बताओ कि यहाँ तक पहुँचे कैसे."

"मैं और प्रतिक घूमते घूमते आ गये थे."

"उस खड़ूस को साथ लाए हो?"

"अर्रे अच्छा आदमी है वो भी... उस दिन थोड़ा रिज़र्व्ड था, बट दिल का बहुत अच्छा है... मेरी तरह"

"तुम्हारे से तो हर कोई अच्छा होगा... पीछा करते करते यहाँ तक आ गये"

"अर्रे यह तो उपर वाले की मेहेरबानी है... और वैसे भी अब तो हमारी कॉफी डेट पक्की है... कल चलें"

"अर्रे इतनी ठंड में कॉफी की याद मत दिलाओ... "

"ओ तेरी.. ठंड से याद आया.. प्रतिक तो बाहर ही रह गया..."

"कितने बड़े गधे हो तुम, अंदर ले आओ उसे. कुलफी जाम गयी होगी उसकी तो" दिया ने हँसते हुए कहा

विवेक बाहर गया और इधर उधर देखा. प्रतिक का कहीं नामोनिशान नही था. उसने इधर उधर काफ़ी ढूँढा पर प्रतिक कहीं दिख नही रहा था. वो वापस अंदर गया और बहाना बना के दिया को छत पर ले गया. उसे लगा कि प्रतिक वहाँ होगा लेकिन वहाँ भी और कोई नही था

"कहाँ चला गया प्रतिक."

"अर्रे छत पे कहाँ ढूँढ रहे हो उसे?? आसमान से टपके थे क्या तुम लोग"

"टपके तो थे. पर उसको यहीं कहीं होना चाहिए"

"उसको फोन कर के क्यूँ नही पूछ लेते कि वो कहाँ है"

"अर्रे हां. काफ़ी इंटेलिजेंट हो तुम. फोन तो कर ही सकते हैं. अपना फोन दो. मेरे में बॅलेन्स कम है" दिया नीचे अपना फोन लेने चली गयी और विवेक छत पे घूमता रहा

"अर्रे पापा. आप क्यूँ ग्लास उठा रहे हो... मैं उठा दूँगी ना"

"अर्रे बेटा कुछ नही होता. वैसे भी मुझे नींद नही आ रही. तुम एंजाय करो" उसके पापा ने कहा. अगर दिया थोड़ी देर और रुकती तो देखती कि उसके पापा वो ग्लास डिश वॉशर में डालने की बजाए अपनी बेसमेंट की लॅबोरेटरी में ले गये हैं.

"लो. ले लो फोन... कंगाल कहीं के" विवेक को फोन देते हुए दिया बोली.

"अर्रे कंगाल नही हूँ. बस थोड़ा बुरे दौर से गुज़र रहा हूँ. और तुम्हारे सामने तो पूरी दुनिया ही कँगाल है. इतनी अमीरी मैने देखी नहीं है किसी पे"

"चुप रहो और फोन लगाओ"

"अर्रे फोन कहाँ भागा जा रहा है. अच्छा ही है कि प्रतिक यहाँ नहीं है. कम से कम हमे थोड़ा टाइम अकेले में बिताने का मौका तो मिला"

"तुम्हें क्यूँ अकेले में मेरे साथ टाइम बिताना है? मुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की मत समझना"

"अर्रे तुम्हें मैं अगर ऐसी वैसी लड़की समझता तो सीधा तुम्हारे बिस्तर पे आता, छत पे नही"

"शट अप और फोन लगाओ..."

"लगा रहा हूँ. जितनी मुझे प्रतिक की चिंता नही है, उससे कहीं ज़्यादा तुम्हें लग रही है... कुछ है तो बता दो... रास्ते से हटा दूँगा उसको"

"उफ्फ तुम कितना बोलते हो.."

"ह्म्म लेकिन अच्छा बोलता हूँ ना... हेलो.." कॉल लग गयी थी "अबे कहाँ है बे... मुझे यहाँ छोड़ के कहाँ भाग गया"

"मेरी हालत ठीक नही है विवेक. बहुत वीकनेस लग रही है. तुम्हें वापस उठाने की हिम्मत नही थी मेरे में.. और वैसे भी मुझे लगा कि तुम्हारा कोई प्रॉब्लम हो गया है मकान मालिक के साथ, इसलिए मैने वहाँ रुकना मुनासिब नही समझा"

"वाह.. दोस्त को प्राब्लम में देख के भाग गया... तुझसे आ के निपट-ता हूँ. कहाँ है अभी"

"रास्ते में ही थोड़ा रेस्ट कर रहा हूँ.. उड़ा नही जा रहा... सब तेरी वजह से हुआ.. शायद रास्ता भी भूल गया हूँ मैं.. किसने कहा था तुझे इतना ठूँसने को"

"अबे फोन धर अब... आके तेरा हिसाब किताब क्लियर करता हूँ मैं" कहते हुए विवेक ने फोन वापस दिया को दे दिया "कैसे बंद करते हैं इसे... फोन है या कंप्यूटर"

"तुम्हें यहाँ का अड्रेस मिला कैसे ? सच सच बताना..." दिया ने फोन लेते हुए कहा

"देखो दिया.. मैने इस बात को छुपा के नहीं रखा है कि तुम मुझे अच्छी लगती हो. अब मैं उन लोगों में से नही हूँ जो भगवान की मर्ज़ी प्रकट होने का इंतेज़ार करते रहें. मुझे तुमसे मिलना था, मैने अड्रेस ढूँढ लिया और टपक पड़ा. डीटेल्स में क्यूँ जाना है तुम्हें"

"तुम्हें पता है तुम कितने अजीब हो..."

"हां मैं अजीब ही सही दिया.. लेकिन मुझे लगता है कि तुम्हें मुझे एक मौका देना चाहिए. एक बार मेरे साथ होके देखो. अगर तुम्हें मैं पसंद नही आया, बस एक बार बोलने भर की देर है.. मैं कभी तुमसे बात नही करूँगा"

"विवेक इतनी जल्दी मैं ऐसा डिसीजन नही ले सकती. यह हमारी दूसरी मुलाक़ात है बस. तो मैं कैसे तुम्हें इतनी जल्दी जड्ज कर सकती हूँ. थोड़ा टाइम दो, सब ठीक हो जाएगा."

"ओके.. चलो रोमँटिक बातें करते हैं.."

"व्हाट....."

"वो चाँद देख रही हो..."

"यार अब यह चाँद तारों की बोरिंग बातें मत करना..."

"बोरिंग??"

"हां मैं जानती हूँ कि तुम अब कहोगे कि मैं चाँद की तरह हूँ, उसपे दाग है, मुझपे नहीं एट्सेटरा एट्सेटरा"

"अर्रे चाँद को तो लोगों ने ऐसे ही मशहूर कर रखा है.. क्या सुंदर है उसमें ?? अपनी रोशनी तक नही है उसके पास. सूरज की उधार ले कर धरती को रोशन करता है. तुम्हें चाँद से कंपेर करना तुम्हारी सुंदरता की बदनामी करना होगा दिया.."

"हा हा हा... तुम तो बिल्कुल फिल्मी हो विवेक... मुझे नही पता था कि तुम ऐसी बातें भी कर सकते हो"

" हा हा हा... सीख के आया था यह डाइलॉग... वैसे चाँद को देखना हो तो कभी हमारे खेत से देखो, गन्ने चूस्ते हुए... ऐसा लगता है कि हम किसी और दुनिया में हैं... जहाँ सिर्फ़ हम और चाँद. जब बहुत टेंशन में होता हूँ, तो मैं यही करता हूँ"

" कभी इंडिया आई तो ज़रूर तुम्हारे खेत आऊंगी.."

" बहुत बढ़िया.. वहाँ तुम्हें दिलजीत से भी मिलवाऊंगा. बहुत अच्छा दोस्त है मेरा. मेरे दिल, जिगर, फेफड़ा, अंडकोष - तक का टुकड़ा है वो"

"छी..."

"ओह सॉरी.. में थोड़ा जज़्बात में बह गया था...."

"विवेक मुझे नींद आ रही है"

"तो मेरे कंधे पे सर रख के सो जाओ... कसम वाहे गुरु की.. ऐसी नींद कभी नही आई होगी तुमको."

"शट अप विवेक. रात बहुत हो चुकी है. अब तुम्हें भी जाना चाहिए."

"ना... मुझे तो ऐसा नही लगता... मुझे लगता है यह रात सिर्फ़ इसलिए बनी है कि हम दोनो एक दूसरे को जान पाए"

" अब मैं जा रही हू सोने.. तुम्हें जो करना है करो..."

" मैं भी तुम्हारे साथ चलता हूँ.."

"शट अप..."

"मतलब है नीचे तक...यहाँ से कूद के तो नीचे उतरूंगा नहीं..."

" हां चलो.."

" पहले अपना फोन तो दो"

" अब क्या करना है?"

" एक मिस कॉल मारूँगा अपने नंबर पे और एक कॉल कॅब कंपनी को. मैं नहीं चाहता कि तुम्हारे ख़याल दिमाग़ में रख कर मैं इतनी दूर पैदल जाऊं"

" यह लो"

विवेक ने कॅब कंपनी को कॉल किया तो मेसेज मिला के १५ मिनिट में कॅब पहुँच जाएगी. उसने दिया का नंबर अपने सेल में स्टोर किया और उसके साथ नीचे चल पड़ा

"यह नीचे की लाइट क्यूँ जल रही है.."

"पापा की लॅब है नीचे.. कुछ कर रहे होंगे.."

" अंकल डॉक्टर हैं?"

" नहीं साइंटिस्ट हैं.."

" क्या फरक पड़ता है... कोट तो दोनो ही पहनते हैं... चलो तुम भी जा के सो जाओ. मैं अंकल को बाइ करके निकलता हूँ"

" ओके... गुड नाइट... कॉलेज में मुलाक़ात होगी.."

"हां.. कॉलेज में शायद मुलाक़ात हो जाए.." विवेक ने कहा और विदा ले कर नीचे चला गया "क्या कर रहे हो अंकल"

" कुछ नही बेटा... ऐसे ही थोड़ा रिसर्च कर रहा था.."

"इतनी रात में काम... बहुत ज़रूरी है क्या..."

" काफ़ी स्ट्रेंज पज़्ज़ील है.. सुलझाने की कोशिश कर रहा हूँ... वैसे तुम्हारे घर में और कौन कौन है...."

" माँ बाप है... रिश्ते की बात करनी है तो उनका नंबर ले लेना..." कहते हुए विवेक हँसने लगा "वैसे मैं सिर्फ़ बाइ बोलने आया था. मैं जा रहा हूँ. आऊंगा कभी. फिर बता दूँगा सारी फॅमिली हिस्टरी आप को.. गुड नाइट"

" गुड नाइट बेटा.. आते रहना.. अपना ही घर समझना इसे"

" मेरे तो २ घर आ जाएँगे यहाँ... थँक यू" कहते हुए विवेक बाहर निकल गया. टॅक्सी आ गयी थी. वो उसमें बैठ गया और उसको हॉस्टिल का अड्रेस दे दिया

प्रतिक ने फोन रखा तो वो बहुत हाफ़ रहा था. एक जगह से दूसरी जगह उड़ के जाने में सच मुच उसकी बहुत एनर्जी खरच हो रही थी. उसको लग रहा था कि वो अभी नही उड़ पाएगा और. वो थोड़ी देर छत पे बैठ कर अपनी एनर्जी रिस्टोर करने लगा. अब खाली बैठा है तो उल्टे सीधे ख़याल तो आएँगे ही. वो सोचने लगा कि इतनी बड़ी दुनिया, १९ साल में आज तक उसने एक भी आदमी नही देखा था जिसके पास सूपरहीरो पॉवर हो. अब ना सिर्फ़ उसके पास पॉवर थी, पर विवेक के पास भी थी. क्या यह सिर्फ़ लक है कि ४ अजनबी प्लेन क्रॅश में बच गये और एक अंजान हेलिकॉप्टर में सेफ्ली अपनी डेस्टिनेशन पर पहुँचाए गये. क्या यह लक ही है कि उन चार में से २ लोगों के पास वो पॉवर हैं... प्रतिक का रॅशनल दिमाग़ यह मान-ने को तैयार नही था कि यह सब लक या कोयिन्सिडेन्स है. हो ना हो, कुछ कनेक्षन तो है हम चारों में - वो ऐसा सोचने लगा.

जितना ज़्यादा वो सोच रहा था, उतना ही ज़्यादा उसे यकीन हो रहा था कि वो सही है. क्या कनेक्षन है, वो नही समझ पा रहा था, लेकिन कनेक्षन है ज़रूर यह उसने डिसाइड कर लिया. "तो अगर विवेक और मेरे पास पॉवर हैं, तो हो ना हो दिया और पूजा के पास भी पॉवर होंगी. और कितने लोग हैं जिनके पास यह पॉवर हैं ?? क्यूँ यह पॉवर हमारे पास हैं?? क्या चंद्रशेखर और अरुणा जानते हैं हमारी पॉवर के बारे में या वो भी सिर्फ़ एक मोहरा ही हैं ?? क्या हमारे घर वालों को पता है कि हम नॉर्मल नहीं है ??" ऐसा वो सोचता ही रहा काफ़ी देर तक. जितनी देर वो सोचता, सल्यूशन उससे उतना ही दूर भागता. अब तो उसके दिमाग़ ने भी इस पेचीदा प्राब्लम के आगे घुटने टेक दिए. उसका सर ज़ोर से दुखने लगा. वो खड़ा हो गया और सोचा कि अब वापस हॉस्टिल जाना चाहिए. तभी उसकी नज़र नीचे गयी

नीचे गली में एक लड़की अकेली जा रही थी. उसके हाथ में पर्स और कुछ सामान था. गली बिल्कुल सुनसान थी और वो लड़की भी आराम से चले जा रही थी. शायद उसने थोड़ी पी हुई थी क्यूंकी उसकी चाल रह रह कर एक ग़लत कदम लेती थी. तभी एक आदमी उस लड़की के पास आया और उसका बॅग छीन के भागने लगा. प्रतिक पहले से ही सूपरहीरो की तरह फील कर रहा था. अब तो उसका सुपरमैन बनने का टाइम आ ही गया था. उसने

आव देखा ना ताव, बिल्डिंग से नीचे कूद गया और उड़ता हुआ उस आदमी से जा टकराया और आदमी और बॅग लेकर आगे उड़ गया. थोड़ा दूर चलने पर उसने आदमी को छोड़ दिया जो रोड पे गिर गया. प्रतिक भी नीचे उतर आया और आदमी को जा के २ पंच मार दिए. वो दर्द से कराह रहा था. शायद उसकी टाँग टूट गयी थी. फिर किसी हीरो की तरह प्रतिक वापस मुड़ा और उस लड़की की तरफ चलने लगा. उसको लगा कि उड़ के जाने से थोड़ी ज़्यादा हीरोगिरी हो जाएगी.

वो अभी १०-१२ कदम ही चला था कि ज़ोर से गोली चलने की आवाज़ आई. उसके हाथ से वो बॅग छूट गया और कंधे में तेज़ दर्द होने लग गया. उसने अपना बाया हाथ जब दायें कंधे पे रखा तो उससे कुछ चिपचिपा सा महसूस हुआ. उसने गौर से देखा तो उसके कंधे में से खून निकल रहा था. उस का सर चकराने लगा और वो नीचे गिर गया. गिरते हुए उसने देखा कि सामने से वो लड़की भागी हुई उसके पास आ रही है और साइड से ४ बदमाश और आ रहे हैं.

उसने उठने की कोशिश करी पर उठ ना सका. उड़ने की कोशिश करी पर कंधे में दर्द होने के कारण वहाँ भी कॉन्सेंट्रेट ना कर पाया. तभी वो लड़की उसके पास आ गयी

"ओह माइ गॉड... प्रतिक.. क्या ज़रूरत थी यह करने की"

"पूजा... वो.. गन... वहाँ... ४.." प्रतिक के मूह से शब्द भी नही निकल रहे थे. पूजा ने तभी देखा कि ४ और बदमाश टाइप लोग पीछे से आ के उन दोनो को घेरने लगे. २ और लोग जा कर उस गिरे हुए गुंडे की मदद करने लगे.

"देखो जो तुम्हें चाहिए, तुम ले लो. बस हमे छोड़ दो"

"तुम्हारे साथी ने हमारे आदमी को चोट पहुँचाई है... अब तो हम तुम दोनो को ऐसे नही जाने दे सकते. तुम्हारा सारा समान तो हम लूटेंगे ही, साथ में तुम्हारी जान भी लेंगे... पता चला कल को पोलीस ले कर आ गये तुम दोनो हमारी पहचान करने"

"ऐसा कुछ नही होगा, मैं वादा करती हूँ.. ऐसा कुछ नही होगा"

"हाहाहा.. पता नहीं क्यूँ तुम्हारे वादे पे यकीन नही आता... पहले इसको मारूँगा.. फिर हम लोग तेरी इज़्ज़त लूटेंगे, फिर तू मरेगी... पकड़ लो इन दोनों को और ले चलो अड्डे पे" लगभग साडे ६ फीट की हाइट वाले उस बंदे ने बोला. बोलने के तरीके से वो इन लोगों का बॉस लग रहा था.

"बॉस लड़के का एक्सट्रा बोझ क्यूँ उठा के चलें? इसे यहीं पे मार के छोड़ देते हैं... अपने आप कल किसी को मिल जाएगी बॉडी" एक बंदे ने बोला

"बात तो तेरी ठीक है. चल इसको यहीं पर ख़तम कर देते हैं" कहते हुए बॉस ने उंगली ट्रिग्गर पर रख दी... वो ट्रिग्गर दबाना चाह रहा था पर दबा नही पा रहा था अपना पूरा ज़ोर लगाने पर भी.

"मैने तुम्हें बोला था कि हमे छोड़ दो... तुम्हें मेरी बात मान लेनी चाहिए थी... अब बहुत देर हो गयी..." पूजा ने कहा

उस बॉस ने देखा कि उसके तीनो आदमी जो पूजा को पकड़े हुए थे, अगले ही पल उड़ के अलग अलग दिशाओं में जा गिरे. उसने हड़बड़ा के गन पूजा के उपर तान दी लेकिन अभी भी उससे ट्रिग्गर नही दब रहा था... "तूने कहा था ना कि अगर तूने हमे ज़िंदा छोड़ दिया तो तुझे डर है कि हम कल को तुझे पहचान लेंगे... मुझे भी इसी बात का डर है... इसलिए मैं तुम्हें ज़िंदा नही छोड़ सकती" पूजा बोली और इशारे से ही "बॉस" को हवा में उठा लिया. डर के मारे उस आदमी का बुरा हाल हो रहा था. वो समझ नही पा रहा था कि आज किस से टकरा गया है. लेकिन इतना समझ गया था कि आज उसका बच निकलना असंभव था. मौत उसको अपने सर पर तांडव करती हुई दिख रही थी... एक तेज़ चुभन उसको हुई और फिर कुछ भी महसूस होना बंद गया.

पूजा ने उस निर्जीव शरीर को दूर फेंका और बाकी तीनो के उपर कॉन्सेंट्रेट करने लग गयी. वो सोचने लगी कि ऐसा क्या किया जाए कि किसी को शक ना हो कि यह मर्डर है... एक पल में ही उससे आइडिया आ गया... उसने एक एक कर के उन सब आदमियों को हवा में उठा लिया... वो उनको तब तक उड़ाती रही जब तक वो बिल्डिंग की हाइट तक नही पहुँच गये. फिर उसने एक एक कर के उन तीनो को रिलीज कर दिया. इतनी उँचाई से ज़मीन पर टकराते ही उनके सर से खून का फव्वारा छूटने लगा और भेजा इधर उधर गिर गया.

वो बाकी बचे ३ लोगों को ढूँढ रही थी कि तभी पोलीस साइरन की ज़ोर ज़ोर से आवाज़ आने लगी. उसकी पहली इन्स्टिंक्ट थी कि अपना सारा समान उठा के भाग जाए. लेकिन तभी उसने सोचा कि उसको प्रतिक को ऐसे छोड़ कर नही जाना चाहिए. क्या पता इसने क्या देखा है और पोलीस के सामने क्या बक दे... और तो और, यह धोखा नही था कि पूजा को लगा कि प्रतिक बिल्डिंग के उपर से कूदा और उड़ कर उस आदमी से जा टकराया. उसने इधर उधर नज़र दौड़ाई तो एक पार्क्ड कार दिखी... उसने अपनी पॉवर से उसके डोर्स खोलें और प्रतिक को उसके अंदर डाल दिया... फिर उसने अपना सारा सामान समेट के कार में रखा.. यह सब करने में उसको सिर्फ़ २ पल ही लगे थे. कार में बैठ कर उसने देखा कि उसमें चाबी नही है, और होती भी क्यूँ... उसने फटाफट से कार को हॉटवाइर किया और फुल स्पीड में वहाँ से निकल गयी...

१० मिनिट तक १०० की स्पीड से चलाने के बाद ही उसे साँस आई... अब वो सोचने लगी कि आगे क्या किया जाए. प्रतिक को वो हॉस्पिटल ले कर जा नही सकती थी. वहाँ पे उसको बहुत सारे सवालों का जवाब देना पड़ता. उस ने डिसाइड किया कि वो उसको अपनी आंटी के यहाँ ले जाएगी. आंटी और अंकल छुट्टियाँ के लिए बाहर गये हैं तो घर पे कोई होगा नहीं, और चाबी पूजा के पास थी ही... उसको यह आइडिया बहुत ही अच्छा लगा और उसने वो गाड़ी घुमा ली... थोड़ी और दूर जाने पर उसे रियलाइज़ हुआ कि यह कार चोरी की है और जीपीएस से आराम से ट्रॅक किया जा सकता है और इन दोनों को पकड़ा भी जा सकता है. यह ख़याल दिमाग़ में आते ही उसने कार एक जगह पार्क कर दी. फिर उसने एक टॅक्सी ली और प्रतिक को किसी तरह से उसमें लादा. थोड़ी ही दूर जाने पर उसने चोरी की कार में भी आग लगा दी ताकि पोलीस चाह के भी उस तक ना पहुँच पाए. वो इतने सालों से क्राइम वर्ल्ड में आक्टिव थी कि यह सारी सावधानियाँ बरतना उसके लिए नॅचुरल हो गया था

पूजा ने प्रतिक को घर में ले जा कर सीधा बाथ टब में बैठा दिया और उसका घाव धोने लगी. प्रतिक बेहोश ही था. शायद खून ज़्यादा बह जाने के कारण. पूजा ने आंटिसेपटिक ढूँढा और प्रतिक के घाव को सॉफ करने लगी और उसके बाद अच्छी तरह से पट्टी कर दी. अब प्रतिक बीच बीच में कुछ बोल रहा था लेकिन पूजा के समझ में नही आ रहा था कि वो बोल क्या रहा है. प्रतिक का जिस्म बुखार से तप रहा था. पूजा ने उसको एक पेरासीटामोल और एक पेन किल्लर भी दे दी और उसको बिस्तर पे लेटा दिया. पूजा को टेंशन हो रही थी कि कहीं प्रतिक को कुछ हो ना जाए. वैसे तो प्रतिक से उसका कोई लेना देना नहीं था पर अगर उसको कुछ हो जाता है तो वो उम्र भर अपने आप को माफ़ नही कर पाएगी कि एक

आदमी उसको बचाते हुए मारा गया. अगर वो पहले ही अपनी पॉवर से उस गुंडे को रोक लेती तो शायद प्रतिक नीचे ना कूद ता और अभी तक ठीक होता.

"पानी.. पानी" प्रतिक ने बुदबुदाया. पूजा झट से उसके लिए पानी ले आई और थोड़ा थोड़ा कर के उसको पिलाने लगी. थोड़ा सा पानी पी के प्रतिक फिर बेहोश हो गया. पूजा भी बिस्तर पर उसके पास ही लेट गयी और उसे कब नींद आ गयी, उसे पता ही नही चला. थोड़ी देर में उसकी नींद फोन की घंटी से टूटी. प्रतिक का फोन बज रहा था. उसने फोन निकाला तो देखा विवेक का कॉल है. वो सोचने लगी कि फोन उठाया जाए या नहीं कि तभी फोन कट गया. एक पल बाद वापस फोन बजने लग गया विवेक के कॉल से. पूजा को लगा कि विवेक आराम से नही मानेगा इसलिए उसने फोन उठा ही लिया.

"अबे कहाँ है साले... मुझे वहाँ छोड़ कर खुद रफूचक्कर हो गया... अब दरवाज़ा नही खोल रहा"

"हेलो"

सामने से लड़की की आवाज़ सुनकर विवेक चौंक गया. "हाई. मैं विवेक बोल रहा हूँ. आप कौन" उसको लगा कि रॉंग नंबर है, पर जब लड़की सामने हो तो फोन क्यूँ रखा जाए.

"रॉंग नंबर" पूजा बोली

"अच्छा ठीक है रॉंग नंबर है तो.. पैसा तो मेरा कट रहा है.. तुम अपना नाम तो बताओ"

"किससे बात करनी है तुम्हें?"

"मेडम अब नंबर आपका लगा है तो आप ही बात कर लो... "

"इतनी रात में तुम्हें कोई काम नही है?"

"काम तो तुम्हें भी नही लग रहा... ऐसे ही टाइम पास कर रही हो.. नाम बता देती तो ठीक होता"

"शट अप." कहके पूजा ने फोन काट दिया.

"यह कैसा नाम है... हेल्लू.. हेलो.... अबे फोन मत काटो यार... " जब सामने से फोन कट गया तो विवेक थोड़ा उदास सा हो गया... उसके साथ ही ऐसा क्यूँ होता है... क्या जा रहा था उस लड़की का थोड़ी देर बात करने में.... उसको लगा कि प्रतिक शायद सो रहा होगा, इसलिए वो भी अपने कमरे में जा कर सो गया.

# १५

सुबह जब विवेक उठा तो फिर लेट था. गनीमत थी कि वो रात को कपड़े बदले बिना सो गया था... तो वो फटाफट से टॉयलेट गया और मूह धो के, बॅग कंधे पे टाँग कर निकल पड़ा. बदक़िस्मती से जब वो कॉलेज पहुँचा तो क्लास स्टार्ट हो चुकी थी.

"एक्सक्यूस मी मॅम.. मे आइ एंटर?"

"नो यू मे नोट. रोज़ रोज़ लेट आने की आदत है क्या?"

"मॅम वो लूज मोशन लग गये हैं यहाँ के खाने से, इसलिए लेट हो गया" विवेक ने झूट बोला और सारी क्लास हंस पड़ी.

"शट अप. तुम्हें सिर्फ़ बहाने बनाना आता है... तुम मेरी क्लास में लेट नहीं घुस सकते. स्टे आउट"

"अर्रे मेडम थोड़ी तो दया करो. टाइम डिफरेन्स देखो इंडिया और कॅनडा का... इतनी जल्दी कैसे कोई आदमी अड्जस्ट हो सकता है?"

"बाकी लोग भी तो हैं... उन्हें तो कोई प्राब्लम नही हुई..."

"मेडम आज के लिए माफ़ कर दो प्लीज"

"नो... स्टे आउट"

"मेडम प्लीज"

"मेरी बात ध्यान से सुनो. इस लेक्चर में या तुम रहोगे, या मैं... जल्दी डिसाइड करो.."

"मेडम एक आइडिया है... आप स्लाइड्स को ऑटो टाइमर पे लगा दो.. मैं बैठ जाता हूँ, आप बाहर से लेक्चर देते रहना" जब विवेक ने देखा कि टीचर की आँखें गुस्से में लाल हो रही हैं तो "सॉरी आइ वाज़ जोकिंग.. जा रहा हूँ मैं" कह के वो निकल गया. उसने सोचा कि

कँटीन में बैठ कर थोड़ा नाश्ता कर लेगा अगली क्लास तक.. वो कँटीन जा ही रहा था कि उसको सामने से दिया आती हुई दिखाई दी."हाई दिया क्या हाल चाल है... लेट हो गयी क्या?"

"नहीं.. मेरी क्लास शुरू होने में १० मिनिट हैं.. क्लास के बाद मिलते हैं"

"आओ कँटीन चलते हैं." उसने दिया का हाथ पकड़ के कहा

"विवेक मेरी क्लास है. हाथ छोड़ो मेरा.. मुझे जाना है.. तुम क्लास में क्यूँ नही हो"

"अर्रे क्या रखा है ऐसी क्लास में.. उल्टा सीधा पढ़ा रही थी टीचर, उठ के बाहर आ गया मैं"

"मतलब तुम्हें बाहर निकाल दिया गया क्लास से"

"तुम्हारी कसम.. मुझे बाहर नही निकाला क्लास से"

"फिर तुम यहाँ क्या कर रहे हो.."

"मुझे क्लास में घुसने ही नही दिया.. आक्च्युयली टीचर मेरी नालेज से जलती है.. चलो ना कँटीन प्लीज... थोड़ा साथ में रहेंगे... पढ़ाइयाँ तो होती रहेंगी" विवेक ने दिया को खीचते हुए बोला

"विवेक मैं क्लास मिस नही करूँगी. आइ म लीविंग."

"तुम्हारी क्लास १० मिनिट पहले शुरू हो चुकी है.. मैने ही तुम्हारी फ्रेंड को कल बोला था तुम्हें ग़लत टाइम मेसेज करने को" विवेक ने अंधेरे में तीर छोड़ा

"व्हाट!!! तुम ऐसा कैसे कर सकते हो... कितनी इंपॉर्टेंट क्लास है पता है तुम्हें?"

"ना मुझे तो कुछ नही पता... मैं तो एक गवार आदमी हूँ जो अभी क्लास में ही बैठा है... रोने से कोई फ़ायदा नहीं. चलो कँटीन". दिया ने विवेक की बात का विश्वास कर लिया और दोनो गप्पे मारते हुए कँटीन की ओर चल दिए

# १६

"विवेक... विवेक को बुलाओ...." प्रतिक ने बदहवासी में बोला..

"क्या प्रतिक.. क्या हुआ..." पूजा की नींद टूटी और वो झट से प्रतिक के पास हो ली... उसने चेक किया तो प्रतिक का माथा एकदम गरम था. शायद दवाई ने असर नही किया था

"विवेक को यहाँ बुलाओ..."

"अर्रे क्या करेगा वो यहाँ आ कर.. और दिमाग़ खाएगा तुम्हारा. आइ विल मेक श्योर दट यू आर अलराइट" पूजा ने कहा

"विवेक को बुलाओ..." प्रतिक ने एक बार और बोला और बेहोश हो गया. पूजा सोचती रही कि क्या उसे विवेक को फोन करके बुलाना चाहिए या खुद ही प्रतिक की देखभाल करनी चाहिए. अंत में उसने डिसाइड किया कि विवेक को बुला ही लेना चाहिए. वो इन्सिडेंट में इन्वॉल्व्ड नही था और शायद आराम से प्रतिक को हॉस्पिटल ले जाए. यह सोचते ही उसने प्रतिक का फोन उठाया और विवेक को मिला दिया

"हां तो उस दिन रात को दिलजीत ने ट्रॅक्टर चुरा लिया..." विवेक ने सँडविच का एक बड़ा बाइट लिया और दिया को किस्सा सुनाने लगा...तभी उसके फोन की घंटी बज गयी..."हां प्रतिक"

"दिस ईज़ पूजा.."

"ओह्ह.. कल रात को तुमने फोन उठाया था जब मैने कॉल किया था... तुम और प्रतिक...."

"प्रतिक का एक्सीडेंट हो गया है... यह अड्रेस लिखो और जल्दी से यहाँ पर पहुँच जाओ..."

"व्हाट... जल्दी दो अड्रेस. " विवेक जल्दी जल्दी अपनी कॉपी में अड्रेस नोट करने लगा और फोन रख दिया. "सॉरी दिया.. मुझे जाना पड़ेगा." उसने दिया को कारण बताना मुनासिब नही समझा.

"व्हाट डू यू मीन जाना पड़ेगा... तुमने मेरी क्लास मिस करवाई और अब तुम मुझे छोड़ के जा रहे हो??"

"मैने झूठ बोला था ऑलराइट... तुम्हारी क्लास शुरू होने में अभी भी १ मिनिट रहता है... अगर तुम भाग के जाओगी तो पहुँच जाओगी.. मुझे अर्जेंट काम आ गया है... आइ हॅव टू रश..."

"व्हाट अन आस यू आर" दिया ने कहा और अपनी बुक्स उठा के क्लासरूम की तरफ भागी... विवेक भी भागते हुए मेन रोड तक पहुँचा और एक टॅक्सी ले कर, पूजा के बताए अड्रेस की तरफ रवाना हो गया

विवेक पूजा के बताए पते पर पहुँच गया. उसको बहुत हैरानी हुई यह देख कर कि वहाँ एक घर है. उसको लगा कि एक्सीडेंट के बाद पूजा प्रतिक को ले कर हॉस्पिटल गयी होगी. उसने घर की घंटी बजाई. घंटी की आवाज़ सुनकर पूजा की नींद टूटी. पहले उससे लगा कि उसकी आंटी वापस आ गयी हैं.. फिर उससे याद आया कि उसने विवेक को कॉल किया था. वो जल्दी से उठी और जा कर दरवाज़ा खोल दिया.

"कहाँ है प्रतिक?"

"वो वहाँ कमरे में है. चलो मेरे साथ"

"कैसे हुआ एक्सीडेंट?"

"कल रात को हम दोनो घूम रहे थे, तभी शायद कोई गँगवार हुआ और एक गोली प्रतिक को लग गयी"

"व्हाट!!! प्रतिक को गोली लगी है... तुम उसे हॉस्पिटल क्यूँ नही ले कर गयी?? आर यू मॅड?? कितने बजे हुआ यह हादसा"

"कल रात लगभग ९ बजे.."

"पर उस वक़्त तो प्रतिक मेरे साथ था... तुम मुझसे कुछ छुपा रही हो पूजा.."

" मैं तुमसे क्या छुपाउंगी... और तुम आते ही मेरा इंटरव्यू क्यूँ लेने लगे... प्रतिक की हालत ठीक नही है"

"मुझे पता नही तुम क्या छुपा रही हो.. लेकिन कुछ तो है... बताओ मुझे तुम हॉस्पिटल क्यूँ नही ले कर गयी..."

"इतना खून देख के मैं डर गयी थी... आइ डोंट लाइक ब्लड"

"अच्छा डर गयी तही... इसलिए उससे घर पर ले आई और उसकी पट्टी खुद ने करी..." प्रतिक के पास बैठकर विवेक बोला.

"पूजा मुझे बता दो कि क्या छुपा रही हो..."

"विवेक मेरा दिमाग़ नही चल रहा था. मुझे पता था कि अगर हम हॉस्पिटल जाते तो वहाँ पोलीस केस होता जिसमें और टाइम लगता.. उपर से गोली बारी में मौतें भी हुई हैं.. कहीं पोलीस हमे ज़िम्मेदार मानती तो"

विवेक को पता था कि पूजा जितना मूरख होने का नाटक कर रही है, उतनी मूरख है नही. लेकिन इस समय उसने पूजा से बहस ना करना ही मुनासिब समझा. वो प्रतिक के पास बैठ गया और कॅब को फोन किया.

"कहाँ जा रहे हो इससे इस हालत में ले कर"

"हॉस्पिटल ले जा रहा हूँ... इसका शरीर बुखार से तप रहा है... घाव से खून भी बह रहा है... इसको मारने का इरादा है क्या तुम्हारा..."

"अभी इसको सोने दो... मुझे लगता है कि यह ठीक हो जाएगा..."

"पूजा यह कोई खरोंच नही है जो अपने आप ठीक हो जाएगी. मुझे इसे हॉस्पिटल ले कर जाना ही पड़ेगा... कहीं इसकी जान ना चली जाए..."

"ठीक है जैसा तुम्हारा मन करता है तुम करो... ले जाओ इससे हॉस्पिटल" तभी कॅब आ गयी और विवेक ने प्रतिक को अपनी गोद मैं उठा लिया..

"चलो दरवाज़े खोलो जल्दी... मुझे नहीं लगता ज़्यादा देर तक इसे उठा पाऊंगा..." अब विवेक को रीयलाइज़ हो रहा था कि कैसे प्रतिक उसे उठा के इतनी देर तक उड़ता रहा... "अबे कार का दरवाज़ा भी खोल मूरख... छत पर रख के ले जाऊंगा क्या इसे"झल्लाते हुए उसने पूजा से बोला जिसको सुनते ही पूजा ने फटाफट दरवाज़ा खोल दिया... "तुम आगे बैठ जाओ.. मैं इसके साथ पीछे बैठ जाता हूँ"

"मैं नही आ रही विवेक. तुम जाओ..."

"व्हाट..." हैरानी में भर के विवेक ने बोला.. "चलो तुम्हारी मर्ज़ी.. मैं ले कर जाता हूँ इसे. अपना नंबर दे दो. ज़रूरत पड़ने पर फोन कर दूँगा..."

"मैने तुम्हें बोला ना कि मुझसे खून नही देखा जाता... चलो नंबर लिखो मेरा.." और पूजा ने अपना नंबर विवेक को बता दिया और कार के जाते ही मूड कर वापस घर में चली गयी... उसको मेन डर बस पोलीस का ही था. उसे डर था कि अगर किसी तरह से भी पोलीस ने उस पर शक किया और उसको प्रेशराइज किया, तो कहीं वो फिर कोई खून ख़राबा ना कर बैठे. इन सारी चीज़ों से बचने के लिए ही उसने हॉस्पिटल जाने से इनकार किया था. अब जब वो शांति से घर में आ कर बैठी तो उसका दिमाग़ तेज़ी से काम करने लगा.

"तो प्रतिक उड़ सकता है".. उसने मन ही मन कहा... मतलब कहीं ना कहीं उसके पास भी कुछ पॉवर हैं. आज तक पूजा समझ रही तही कि सिर्फ़ उसी के पास ऐसी पॉवर हैं, पर इस घटना ने उसको सोचने पर मजबूर कर दिया. जिसको आज तक वो एक रँडम आक्ट ऑफ नेचर समझती थी, वो उतना रँडम नही था मतलब. हो सकता है और लोगों के पास भी पॉवर हो. कहीं उन चारों के पास तो पॉवर नही हैं जो उस हेलिकॉप्टर में आए थे. मतलब चंद्रशेखर और अरुणा भी इस चीज़ में इन्वॉल्व्ड हैं. उसको इस बात पे पहले ही शक था. इसलिए उसने अपने पेंडेंट में लगे कमेरे से उनकी तस्वीर उतार ली थी. अब उसने वो तस्वीरें अपने लॅपटॉप पे डाउनलोड करी और उन दोनो की असलियत ढूँढने का ट्राइ करने लग गयी.

दूसरी तरफ दिया का भी मन नही लग रहा था क्लास में. उसको रह रह कर विवेक पे गुस्सा आ रहा था. जब प्रोफेसर ने उसको ध्यान ना देने के लिए टोका, तो वो खुद ही उठ के बाहर हो ली. वो चलते चलते बस विवेक के बारे में ही सोच रही थी कि ऐसा क्या हो गया जो उसको क्लासस छोड़ के ऐसे भागना पड़ा... उसने विवेक को कॉल किया पर विवेक ने फोन नहीं उठाया जिससे उसकी चिंता और बढ़ गयी. वो क्लासरूम के बाहर बैठ कर, फाउंटन को देखते हुए चिंता कर रही थी कि तभी उसके कंधे पर एक हाथ आ कर लगा. चौंक के उसने पीछे देखा

"अर्रे पापा आप. आप यहाँ कैसे"

"यही सवाल मुझे तुमसे पूछना चाहिए बेटी.. बाहर कैसे.. क्लास से बाहर निकाल दिया तुम्हें?"

"नही पापा वो थोड़ी तबीयत ठीक नही थी..."

"हां हां रहेगी भी कैसे जब इतनी रात में दोस्तों से बात करती रहोगी"

"आपने यह नही बताया कि आप यहाँ कैसे..."

"वो थोड़ा रिसर्च का काम देखने आया था... अब ट्रस्टी भी हूँ तो इंशुअर करना पड़ता है कि सही जगह पैसा डाल रहा हूँ. वैसे विवेक कहाँ है"

" वो ज़रा... पता नहीं... दिखा नहीं सुबह से..."

"और वो बाकी २ लोग जो तुम्हारे साथ थे हेलिकॉप्टर में... तुमने बताया था कि वो भी इसी कॉलेज में हैं..."

"हां.. पर आज वो भी नही दिख रहे..."

"अच्छा.. मिलो उनसे तो उनको कहना कि कभी घर आया करें... ऐसा करो.. उन सब को फ्राइडे नाइट डिन्नर के लिए बुला लो.. तुम्हारी मम्मी भी खुश हो जाएँगी कि घर पे कोई आ रहा है..."

# INDIAN BEST TELEGRAM ADULT (18 ) CHANNELS

## हिंदी Adult स्टोरी, Adult कॉमिक्स, सबसे अनूठे देसी मस्ती भरे XXX वीडियोज, हिंदी एडल्ट शायरिया, फन्नी एडल्ट जोक्स का अनूठा संगम..!! 🔞💯

(*Top To Click Here Join*)

**X Night Clubs**

*Click Here*

**Adult Comics Club**

*Click Here*

**Adult Shayari & Stories**

*Click Here*

**Night Club Chat Group**

*Click Here*

**18 Vargin Girls**

*Click Here*

"हां ज़रूर पापा.. मैं बुला लेती हूँ" दिया ने खुश होते हुए कहा.

"चलो ठीक है मैं चलता हूँ फिर. घर पे ही मुलाक़ात होगी" कहकर उन्होने विदा ली और चल दिए

उधर विवेक की हालत पतली थी. प्रतिक को इस हाल में देख कर उसको बहुत बुरा लग रहा था और यह ही लग रहा था कि वो ही इस हालत का ज़िम्मेदार है.. ना ही कल वो ज़िद्द करता और ना ही प्रतिक उसे दिया के घर ले जाता और ना ही यह हादसा होता. लेकिन इन सब के बीच वो नकचड़ी पूजा कहाँ से आ गयी... वो कैसे घुस गयी बीच में और क्या उसने प्रतिक को उड़ते हुए देख लिया था जिसके कारण वो उसे हॉस्पिटल नही ले कर गयी... विवेक अभी सोच में डूबा ही हुआ था कि प्रतिक को थोड़ा सा होश आया...

"विवेक....विवेक.."

"हां भाई बोल... मैं यहीं हूँ"

"खून... खून..."

"हां हॉस्पिटल ले कर जा रहा हूँ तुझे.. महेंगे वाले में जा रहे हैं.. अच्छा सा खून चढ़ा देंगे वो तुझे..."

"विवेक तेरा खून दे..."

"अबे तू मेरा खून पीएगा... पहले कम जल रहा है यह जो अब तू भी चूसेगा.... क्या बके जा रहा है..."

"विवेक तेरा खून...." कह कर प्रतिक फिर बेहोश हो गया...

विवेक को समझ ना आ रहा था कि दिया का फोन उठाया जाए या नहीं. उठा लिया तो उसको भी प्रतिक के बारे में बताना पड़ेगा. इस बात को जितने कम लोग समझे उतना ही अच्छा है. दूसरी तरफ दिया का बाप साइंटिस्ट था तो लोगों को जानता भी होगा. हो सकता

है वो इस मामले को दबाने में कुछ हेल्प कर दे. उसने सोचा के सुट्टा मारते हुए इस बात पर सोचता है.

"भाई गाड़ी साइड में लगाना ५ मिनट के लिए"

"सर आपको हॉस्पिटल नही जाना?"

"जाना है.. ५ मिनट रोक साइड में कहीं सिगेरेट बूथ पे जहाँ मैं खड़ा हो कर सुट्टा मार सकूँ"

"सर मुझे लगता है कि आपको पहले हॉस्पिटल लेके जाना चाहिए अपने दोस्त को"

"ओये तेरे को पूछ कौन रहा है... दोस्त मेरा, टेंशन तुझे हो रही है"

"सर लेकिन टॅक्सी तो मेरी है ना..."

"अबे तो खा थोड़ी रहा है यह तेरी टॅक्सी... ५ मिनट में मरेगा नही.. फिकर ना कर तू"

ड्राइवर ने एक बूथ के पास गाड़ी रोक दी और विवेक चला गया सुट्टा मारने. सुट्टा मारते हुए वो यही सोच रहा था कि कैसे वो यह सब मामला भी ठीक कर दे और दोनो की पॉवर्स की बात भी किसी को ना पता चले. "पावर्स.... अर्रे शायद तभी प्रतिक को मेरा खून चाहिए था... हां यही कारण होगा.. रिस्क है लेकिन ट्राइ कर सकते हैं" उसने सोचा, जल्दी से अपना सुट्टा ख़तम किया और टॅक्सी में बैठ गया.. "भाई ऐसा कर.. हॉस्पिटल का प्रोग्राम कॅन्सल.. यह अड्रेस हैं, यहाँ पे चल" उसने अपने हॉस्टिल का अड्रेस बताते हुए ड्राइवर को बोला

"सर हॉस्पिटल नही जाना क्या"

"अर्रे मैं तुझे बोल रहा हूँ ना.. क्यूँ पगला रहा है... जैसा कहता हूँ, वैसा ही कर"ड्राइवर का माथा थोड़ा ठनका लेकिन वो भी क्या कर सकता था. उसने गाड़ी घुमाई और विवेक के दिए अड्रेस पर चल पड़ा. थोड़े टाइम वो हॉस्टिल पहुँच गये. विवेक ने प्रतिक को गाड़ी में से निकाला और उसको उठा के हॉस्टिल की तरफ चला गया. उसने देखा नहीं कि पीछे से

ड्राइवर ने फोन उठा के पोलीस को फोन लगा दिया है. ड्राइवर को शक था कि मरीज़ के साथ जो भी हुआ है उस लड़की और विवेक ने ही मिल के किया है और यह डर था कि कहीं प्रतिक मर ना जाए. इसलिए उसने फोन किया पोलीस को और बता दिया कि वो कहाँ पे खड़ा है और उसको क्या शक है.

इस सब से अंजान विवेक प्रतिक को अपने कमरे में ले आया. उसने उसको बिस्तर पे लिटाया और उसको होश में लाने की कोशिश करने लगा. जब काफ़ी देर तक उससे होश नही आया तो विवेक ने सोचा कि किसी तरह से ऐसे ही खून प्रतिक के अंदर पहुँचाना होगा. वो उसने चाकू से अपनी उंगली काटी और प्रतिक का मूह खोल के काफ़ी देर तक बार बार उंगली पे चीरा लगा के खून उसके मूह में टपकाने लगा. जब ५ मिनट में प्रतिक को होश नही आया तो विवेक ने उसकी पट्टियाँ खोल दी. उसने देखा कि गोली अंदर नही फसि हुई. शायद कंधे को छू कर निकल गयी थी. उनसे अपना थोड़ा खून उसके कंधे पर भी टपकाया लेकिन फिर भी कुछ असर नही हुआ... उल्टा खून और बहे जा रहा था. विवेक को लगा कि हॉस्पिटल ही जाना ठीक होगा. फिर भी एक बार उसने आख़िरी ट्राइ करने की सोची. वो अपने रूम से बाहर आया और अपने विंग के डॉक्टर वाले रूम में चला गया. किस्मत से वहाँ पे डॉक्टर नही था. उसने थोड़ी ड्रॉयर्स टटोली तो उसको एक नीडल और सरिंज मिल गयी. उसने वो फटाफट से अपनी जेब में डाल ली और वापस अपने रूम में आ गया. उसने नीडल को सरिंज में लगाया और अपनी नस में घुसा कर उसमें खून भर लिया. फिर उसने प्रतिक के हाथ की नस ढूंढी और गले की नस ढूंढी और दोनो में आधी आधी सरिंज खून डाल दिया और वेट करने लगा. तभी उसके दरवाज़े पे दस्तक हुई. उसने उठ कर दरवाज़ा खोला तो सामने २ पोलीस वाले, वॉर्डन और वो टॅक्सी ड्राइवर खड़ा था.

"यही है क्या.." पोलीस वाले ने ड्राइवर से पूछा

"हां यही है.."

"क्या हुआ सर.. कोई प्राब्लम है क्या..." विवेक ने डरते हुए इनस्पेक्टर से पूछा.

"वो तो तुम ही बता सकते हो हमें. इस टॅक्सी वाले का मान-ना है कि तुमने अपने दोस्त को मारने की कोशिश करी है और हॉस्पिटल तक नही ले गये"

"अर्रे आप भी कैसे कैसे लोगों की बातों में आ जाते हैं... ऐसा कुछ नही है... अपना काम करिए जा के"

"तुम हमे मत समझाओ कि हमारा काम क्या है.. वॉचमन ने भी तुम्हें एक लड़के को अंदर लाते हुए देखा है.. हमे तुम्हारा कमरा चेक करना पड़ेगा."

"ऐसे कैसे करना पड़ेगा... तुम्हारे ससुर का कमरा है क्या?"

"अंदर आ जाओ" कहते हुए अंकल ने उनको अंदर बुलाया. "तुम्हारा दोस्त तो पहले ही पहुँच चुका है.. तुम्हारी ही राह देख रहे थे.. बैठ जाओ..." अंकल ने उन दोनो को सोफे की तरफ इशारा करते हुए कहा. विवेक पूजा को आँखें फाड़ फाड़ के देख रहा था. इतनी सुंदर लड़की इतने पास से उसने आज तक नही देखी थी. अब सच मुच उसे डर लगने लगा था कि कहीं उसके मूह से कुछ उल्टा सीधा ना निकल जाए.. इसलिए उसने अपनी ज़बान पर कंट्रोल करना ही ठीक समझा. उधर पूजा का विवेक को देखते ही मूड ऑफ हो गया. वो उसे ऐसे घूर रहा था जैसे उसने कभी लड़की ही नही देखी.. पूजा को पूरा यकीन था कि अब वो कोई अजीब सी बात करेगा जिससे उसका दिमाग़ और खराब होगा. वो विवेक से

दूर को बैठ गयी लेकिन उसकी नज़रें अभी भी अपने उपर ही महसूस कर रही थी. तभी फोन की घंटी बजने लगी.

"बेटा तुम लोग थोड़ा बात करो.. मैं ज़रा देखूं फोन पे कौन है...प्लीज एक्सक्यूस मी" उन्होने दिया को भी आवाज़ लगा दी कि वो आ कर अपने दोस्तों के साथ बैठे और खुद दूसरे कमरे में फोन के पास चले गये. अगले १० मिनट उन्होने फोन पर ही बिताए और जो उन्होने सुना, उस पर उनको विश्वास नही हो रहा था. सारी कहानी सुनने के बाद वो अपने कंप्यूटर पर गये और अपने ईमेल अकाउंट में लोग इन किया. वहाँ चंद्रशेखर की तरफ से एक ईमेल आई हुई थी जिसमें एक वीडियो अटॅचमेंट था. उन्होने वो वीडियो डाउनलोड किया और आँखें फाड़ कर उसको देखते रहे. जो उस वीडियो में हो रहा था वो सच मुच कल्पना के परे थे. अब उनको चंद्रशेखर की कही बात बिल्कुल सही लगने लगी. वो समझ गया कि यह ही वो समय है जब इन चारों को इनकी ज़िंदगी की सच्चाई से रूबरू करवाना पड़ेगा

"क्या हुआ पापा.. इतने टेंशन में क्यूँ हो.. किसका फोन था..." अपने पापा को एक सीरीयस रूप में बाहर आते हुए देख दिया ने पूछा.

"बेटा बात थोड़ी सीरीयस है. अपनी मम्मी को भी बुला लो.. उनका भी यहाँ होना ज़रूरी है..."

"सर अगर कोई पर्सनल बात है तो हम जा सकते हैं... किसी और दिन कर लेंगे डिन्नर" अंकल को ऐसी हालत में देखकर प्रतिक ने बोला

"नही बेटा... इनफॅक्ट जो बात मैं बताने जा रहा हूँ, वो तुम सब लोगों के लिए ही इंपॉर्टेंट है... रश्मि यहाँ बैठो... आज वो दिन आ गया है जिसका हमे हमेशा से डर था.."

"हम लोगों के बारे में बात करनी है.... लेकिन हम तो आज पहली बार ही मिले हैं अंकल... क्या हो गया ऐसा..." पूजा बोली

"किस दिन का हमेशा से डर था पापा.. सॉफ सॉफ बोलो.." इस बार आवाज़ दिया के मूह से निकली थी

"सब बताता हूँ बेटा. बस थोड़ा सब्र करो. जो मैं तुम्हें बताने जा रहा हूँ, उसके उपर यकीन करने में शायद तुम्हें थोड़ी सी कठिनाई हो, पर मेरी बात पे डाउट बिल्कुल मत करना... बात आज से २० साल पहले की है...." और दिया के पापा सब कुछ बताते गये उन चारों को. "... तो यह था एक्सपेरिमेंट. और इसी का नतीजा हो तुम चार लोग"

कमरे में एकदम खामोशी छा गयी थी. चारों लोग मूह फाड़ कर कभी दिया की मम्मी की तरफ तो कभी उसके पापा की तरफ देखते. "अंकल सच सच बताओ कि आज कितनी पी है.. यह क्या एलीयन वॅलियेन का चक्कर चला दिया आपने... यह तो किसी मूवी की कहानी ही लगती है.. फ्लॉप मूवी रही होगी, तभी मैने देखी नही है..." नकली सी हँसी हँसते हुए विवेक बोला.

"बेटा यह किसी मूवी की कहानी नही है और ना ही मैने दारू पी हुई है.. जो सच्चाई है, मैं वो तुम सब को बता रहा हूँ..."

"चलो मान लिया कि यह सब सच है.. तो फिर आप हमे यह अभी क्यूँ बता रहे हैं... जैसे हम ने अपनी ज़िंदगी के १९ साल निकाल दिए, वैसे ही आगे भी तो निकाल सकते थे ना... ऐसी कहानी अभी सुनाने का क्या मतलब है हमे.." पूजा ने पूछा

"बेटा एक तो यह कहानी नही है... और अभी मैं तुम्हें इसलिए सुना रहा हूँ क्यूंकी...." कहते हुए अंकल ने एलीयन के आने की खबर और लॅबोरेटरी के डिस्ट्रक्षन की बात भी बता दी. "अब तुम्हें यकीन तो होगा नहीं, मुझे भी कोई यह बात बताता तो मैं भी यकीन ना करता. लेकिन मेरे को चंद्रशेखर ने एक वीडियो भेजा है. वहाँ कंप्यूटर पे आओ. मैं दिखाता हूँ तुम्हें." कहकर वो उन पाँचों को अपने कंप्यूटर के पास ले गये और वो वीडियो दिखा दिया

"देखो पापा.. इट्स नोट फन्नी... आप जो भी मज़ाक कर रहे हैं मेरे दोस्तों के साथ, वो बंद कीजिए.. बहुत ही गंदा मज़ाक है यह."

"बेटा काश यह मज़ाक होता. अब मैं तुम्हें कैसे बताऊ इस सच्चाई के बारे में.... क्या तुम्हें आज तक कभी लगा है कि तुम एलेक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस कर सकती हो..."

"क्या... क्या बोल रहे हैं आप पापा...."

"बेटा मैने तुम्हारे शरीर के खून और डीएनए पे बहुत जाँच करी है... मैने पाया है कि तुम्हारे सेल्स में एलेक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस करने की क्षमता है.... यह शायद इसी लिए है क्यूंकी तुम्हारे खून में वो एलीयन डीएनए का एक पार्ट है."

"क्या बोल रहे हो पापा... कैसी बात कर रहे हो....."

"बेटा बस मुझे यह बताओ कि तुम्हें कभी यह एहसास हुआ है कि तुम एलेक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस कर सकती हो या नहीं....." इस सवाल का उत्तर दिया ने नही दिया. वो बस चुप हो कर कभी अपनी मम्मी और कभी अपने पापा को घूरे जा रही थी.

यह बात सुन कर प्रतिक, विवेक और पूजा के मन में भरे काफ़ी सवाल हल हो रहे थे. हालाँकि यह एक्सप्लनेशन काफ़ी अन्बिलीवबल था, पर पिछले कुछ दिनों के एक्सपीरियेन्स इस-से सॉफ एक्सप्लेन हो रहे थे. " उस डिस्क में क्या था जो उस आदमी के पास से गिरी थी... बताया चंद्रशेखर ने कुछ आपको" पूजा ने पूछा.

"हां बताया. और जो उसने बताया, वो बिल्कुल चौका देने वाला था..."

"बता दो जी बता दो... लगे हाथ सब बता दो... अभी कुछ ऐसा नही रहा है जो हमे और चौका दे.. अभी तो कोई कहे कि सचिन तेंदुलकर एलीयन है, तो भी हैरानी नही होने वाली हमें तो..." विवेक बोला... उसे पता नही क्यूँ यह सब सुन कर बड़ा मज़ा आ रहा था.

"ह्म.. तो सुनो.. उस डिस्क में चंद्रशेखर की लॅब की सारी इन्फ़ॉर्मेशन थी - लोकेशन वगेरह. और कुछ इंस्ट्रक्शन"

"अर्रे एक बार में बताओ ना.. क्यूँ बीच बीच में फ्यूज मार रहे हो..." पूजा अब अधीर हो गयी थी

"इन्फर्मेशन यह थी कि यूयेसेस आदमी को धरती पे आने के बाद करना क्या है."

"अर्रे आदमी तो आप हो अंकल. हम सब तो परदेसी हैं यहाँ.. वो भी परदेसी ही होगा..." हँसते हुए विवेक ने बोला...

"हां तो उस परदेसी को तुम लोगों को ढूँढना था और तुम लोगों को कॅप्चर करके अपनी स्पेसशिप में तुमपर रिसर्च करनी थी..."

"हम पर रिसर्च... किस चीज़ के लिए..." प्रतिक ने पूछा...

"वो देखना चाहते है कि उनका डीएनए कितना सुरक्षित है तुम्हारे अंदर.. क्या तुम्हारी एवोल्यूशन हुई है और तुमने उस पार्ट ऑफ डीएनए की प्रॉपर्टीस को आक्सेप्ट किया या रिजेक्ट किया - यह जान ना चाहते हैं वो. एक बार उनको यह पता चल जाएगा तो उससे उन्हें पता चलेगा कि उनके प्लॅनेट के लोगों के लिए यह धरती ठीक है या नही..."

"और अगर यह धरती ठीक हुई तो..." दिया ने पूछा

"तो वो यहाँ पर अटॅक कर के यहाँ पर अपनी प्रजाति बसाएँगे."

"वेट अ मिनट... आपके कहने का मतलब है कि वो पूरी धरती को टेकोवर करना चाहता हैं?" पूजा हैरानी में बोली

"यह मैं नही कह रहा, यह उस डिस्क से निकली इन्फर्मेशन है... अब यह सच है कि नही, यह तो पता नही लेकिन इन्फर्मेशन यही थी"

"दुनिया को बचाना हमारे हाथ में है... कूल.. मज़ा आएगा... सुपरमैन/स्पाइडरमन की जगह हम ने ले ली है... शायद हमारे उपर मूवीस बनेंगी... हम फेमस हो जाएँगे. यह तो वाकई एक अच्छी खबर है" विवेक खुशी में बोला

"खाक अच्छी खबर है... अपना मूह बंद रखो... वो कौन है, उनके पास क्या पॉवर हैं, हमे कुछ भी नही पता.. हो सकता है कि उनको हमारे बारे में सबकुछ पता हो... हो सकता है कि वो हम चारों की कंबाइंड शक्ति से भी ज़्यादा शक्तिशाली हो... तुम कभी यह बचपना छोड़ कर कोई सीरीयस बात करोगे?" पूजा ने गुस्से में खीजते हुए बोला

"देखो मेडम.. सीधा सीधा बताता हूँ. अब यहाँ सीरीयस हो कर दिमाग़ फाड़ने से कुछ होने वाला है नहीं... वो जो भी है, जो कुछ भी कर सकता है... इसका अंदाज़ा लगाना ऐसे तो मुमकिन नही है... अब या तो तुम यहाँ बैठ कर मातम मनाओ... या फिर हर एक पल को

जियो.. पता नही वो कब आ जाए और हमे ले जाए... पर एक बात पक्की है.. मैं उससे इतनी आसानी से हमे ले जाने नहीं दूँगा... साले को फाड़ के रख दूँगा एक मिनट में... कैसे नहीं पता.. पर हां.. जब ठान लिया तो कर ही डालूँगा... भगत सिंग के उपर विश्वास रखते है हम लोग... इतनी आसानी से उससे कुछ नही करने देंगे.. लेकिन अपने आप को कमज़ोर भी नही होने देंगे.. कमज़ोरी ना आए इसलिए अपने शरीर को बिल्कुल ठीक रखना है... उसके लिए खाने की ज़रूरत होगी.. मॅम खाना बन गया क्या.. खा ले क्या जल्दी से..." विवेक बोला

सब लोग हैरानी से विवेक की तरफ देखने लगे. ऐसे समय में भी उसको भूख लग रही थी. बाकी सभ की गोटिया गले में आई हुई थी और इसको खाना खाना था. लेकिन बात तो विवेक भी सही ही कह रहा था... ऐसे सोचने से तो कुछ फ़ायदा होने नही वाला. बस यह इंशुअर करना था के जब भी वो जीव आए, सब लोग पूरी तरह से प्रिपेर्ड रहें. थोड़ा सोचने के बाद सभी ने यह ही सोचा के खाना खा ही लेना चाहिए और खाने की टेबल पर बैठ गये. सभी ने दिया की मम्मी की हेल्प करी टेबल सजाने में और खाना लगाने में और खाना शुरू कर दिया...

"मेडम वैसे एक बात तो है..." खाना खाते हुए विवेक बोला

"क्या बात"

"आप खाना बहुत बढ़िया बनाती हैं... मुझे तो हैरत है कि दिया इतनी पतली कैसे रह गयी... ऐसा खाना मुझे मिलता तो फूल के हाथी हो गया होता"

"थँक्स फॉर दा कॉंप्लिमेंट... पर हम रोज़ ऐसा खाना नही खाते.. वो तो आज तुम सब आए हुए थे इसलिए बना दिया..."

"ह्म... अर्रे सब मुझे क्या देख रहो हो यार... ज़रा बाकी सब भी पास करो... सिर्फ़ पनीर भूर्जी और रोटी थोड़ा खाऊंगा.. हां अंकल वो चिकन इधर की ओर करना तो... कब से बुला रहा है मुझे पर शायद शर्मा रहा है.. आ नही रहा पास"

"विवेक तुम कितना बोलॉगे.. खाने खाते वक्त तो चुप रहो.. क्या लोगे चुप होने का" दिया ने पूछा

"चुम्मा लूँगा... दोगि?" विवेक ने चिकन पे कॉन्सेंट्रेट करते हुआ बोला और झट भाँप गया कि ग़लत जगह पर ग़लत डाइलॉग मार दिया है... "कहने का मतलब है तुम अपने खाने में कॉन्सेंट्रेट करो ना.. मेरा तो चलता ही रहता है" और बिना किसी से नज़र मिलाए वो खाने पर वापस टूट पड़ा.

"अर्रे आंटी क्या खाना बनाया था.. मज़ा आ गया.. लगता है कुछ ज़्यादा खा लिया.. ९ रोटियाँ और चावल.. लगता है पेट फॅट जाएगा..."

"१२ रोटी और चावल... लेकिन हम गिन थोड़े ना रहे थे... इतना खाओगे तो पेट फटेगा नही तो क्या कम होगा..." पूजा बोली

"अम्मा तुम एक चाकू पकड़ कर मेरे कलेजे में क्यूँ नही उतार देती अगर मैं इतना बुरा लगता हूँ तो... खाऊ तो तुम्हें प्राब्लम, बोलूं तो तुम्हें प्राब्लम... मुझसे नफ़रत करने के लिए ही पैदा हुई हो क्या... ऐसे मत देखो मुझे.. छुरिया चलती हैं तुम्हारी ऐसी नज़र से मेरे दिल पर..." विवेक ने पूजा को बोला... "चलो अंकल हम थोड़ा बाहर घूम लेते हैं... थोड़ा खाना हजम हो जाएगा और तब तक पूजा टेबल भी सॉफ कर देगी.. प्रतिक तू भी आ जा" कहते हुए उसने प्रतिक का हाथ पकड़ा और अंकल को साथ ले कर घर के बाहर निकल गया.

"बेटा कुछ बात करनी थी क्या जो मुझे ऐसे बाहर ले आए.."

"हां अंकल देखो बात तो सीधी है... मेरे और प्रतिक के साथ पिछले कुछ दिनों में काफ़ी घटनायें हुई हैं... आपका बताया एक्सप्लनेशन उन सब को एक्सप्लेन करता है लेकिन उसपे यकीन करना थोड़ा मुश्किल है... लेकिन सच तो यह है कि मेरे अंदर और प्रतिक के अंदर कुछ ऐसी पॉवर हैं जो और किसी भी तरह से एक्सप्लेन करना मुश्किल होगा..."

"पॉवर.. कैसी पॉवर..." हैरानी में अंकल ने पूछा...

"मुझे चोट नही लगती.. एक बार मेरा ट्रक से एक्सीडेंट हुआ और ट्रक में डेंट पड़ गया लेकिन मुझे कुछ नही हुआ.. अगर मैं अपनी उंगली काट दूं तो कुछ ही पलों में घाव ठीक हो जाता है..."

"इंट्रेस्टिंग.. और प्रतिक तुम.... क्या तुम भी सेम हो..."

"नही.. मेरी कहानी थोड़ी दूसरी है... मैं उड़ सकता हूँ..."

"व्हाट... अन्बिलीवबल... " अंकल ने कहा और उनके देखते ही देखते प्रतिक उड़ने लगा और छत पे चला गया.. फिर वो वहाँ से उड़ कर एक सर्कल लगा कर वापस नीचे आ गया...

"अन्बिलीवबल.. बट ट्रू..."

"माइ गॉड... अगर तुम यह सब कर सकते हो तो पता नही वो जीव क्या क्या कर सकता होगा.."

"अर्रे अंकल टेंशन नोट... हम हैं ना.. सारी दुनिया का भला करेंगे... " विवेक बोला..

"बेटा अननोन से हमेशा डर लगता है... जो पता है उसकी काट निकालना आसान है.. पर जो पता नही, उससे कैसे निपटोगे..."

"अंकल कुछ ना कुछ ज़रिया निकल ही आएगा.. आप टेंशन ना लो.. हम है ना.." प्रतिक बोला..

"तुम्हें पता है के पूजा क्या कर सकती है?"

"अभी तक तो पता नही अंकल..."

"ह्म... उसने अपने बारे में कुछ नही बताया.. मुझे लगता है कि वो पहले से ही इस बारे में जानती थी और तैयार है चुनोती के लिए..."

"अर्रे अंकल आप दिया की चिंता करो... वो बेचारी... उसको पता भी नही था शायद उसके अंदर पॉवर हैं .."

"उसकी चिंता छोड़ो... उसको मैं संभाल लूँगा... मुझे तुम लोगों की चिंता हो रही है..."

"अर्रे अंकल आप ऐसे ही चिंता कर रहे हो... ठंड रखो.. सब ठीक हो जाएगा..."

प्रतिक का इतना कहना ही था कि आसमान से जैसे आग बरस पड़ी... उनके आमने वाला पेड़ लपटों से घिर गया और जलने लगा... तभी एक धमाके की आवाज़ हुई और उनकी थोड़ी दूर धुआँ उठने लगा... कुछ ही पलों में दिया के घर का गेट ब्लास्ट हो गया था और सारी स्ट्रीट लाइट्स भी बंद पड़ गयी... इस अंधेरे में कुछ अनहोनी ना हो जाए, यह सोच कर विवेक और अंकल घर के अंदर भागे. प्रतिक उड़ के उपर उठ गया जिससे उसको चारों तरफ का नज़ारा दिख सके

प्रतिक को कुछ ज़्यादा नही दिख रहा था. चारों और घना अंधेरा था. ऐसा लग रहा था जैसे सारी लोकॅलिटी का करेंट गुल हो गया है. प्रतिक ने इधर उधर थोड़े नज़र दौड़ाई तो उसको गेट से अंदर घुसता हुआ एक आदमी दिखा. लगभग ७ १/२ फीट का वो आदमी बड़े ही अजीब ढंग से चल रहा था मानो उसकी एक टाँग खराब हो. देखते ही देखते उस जीव की हाइट छोटी होने लगी और वो एक नॉर्मल आदमी की तरह बन गया जिसकी शकल प्रतिक को उपर से नही दिख रही थी. प्रतिक का डर के मारे बुरा हाल था. उससे पता चल गया था कि हो ना हो, यह वही जीव है जिसने चंद्रशेखर की लॅब तबाह करी थी और अब वो इन सब को लेने आया है. अपनी जान बचाने के लिए प्रतिक छत पर ही थोड़ा झुक गया. और रह रह कर उस आदमी की तरफ देखता था. अब की बार जब प्रतिक की नज़र उस आदमी की तरफ गयी तो उसने पाया कि वो भी प्रतिक को ही देख रहा है. डर के मारे प्रतिक की हालत और पतली हो गयी और वो सोचने लगा कि अब क्या किया जाए. इससे पहले वो कुछ सोच पाता, अगले ही पल वो जीव भी छत के उपर था.

प्रतिक उसकी शकल देखने लगा. देखने में वो बिल्कुल एक नॉर्मल इंसान लग रहा था. शायद यहाँ आते वक़्त किसी की शकल देख कर उसने वैसा सा रूप धारण किया था. उसकी आँखों में एक अजीब सी हलचल थी. देखते ही देखते उसकी आँखें नॉर्मल आदमियों की आँख की बजाए पूरी काली हो गयी. प्रतिक को अब समझ में आ गया था कि उसको यहाँ से भागना ही पड़ेगा. उसने नीचे जंप लगाई और उड़ के आगे हो लिया. तभी उसने पाया कि उसके पैरों को कोई चीज़ जकड़े हुई है. पीछे मूड कर देखा तो वो उस जीव का हाथ था. हालाँकि प्रतिक उससे लगभग २० फीट दूर था, लेकिन उसके हाथ फिर भी प्रतिक का पैर पकड़े हुए थे. प्रतिक ज़ोर ज़ोर से "बचाओ बचाओ" चिल्लाने लगा. वो अपनी पूरी कोशिश करने के बावजूद भी आगे नही उड़ पा रहा था और एक ही जगह पर स्टेशनरी हुआ पड़ा था. फिर धीरे धीरे वो उस जीव की तरफ जाने लगा. उसने चीखना बंद नही किया था. तभी उसने देखा दरवाज़ा खुला और विवेक भागता हुआ बाहर आया. छत से पतंग की हालत में बँधे प्रतिक को देख कर विवेक की भी फट गयी. उसको कुछ पल लगे यह समझने में कि प्रतिक किसी रस्सी से नही, उस जीव के हाथ से बँधा हुआ है.

विवेक ने आस पास नज़र दौड़ाई और एक बड़ा सा पत्थर उठा लिया. उसने वो खीच के उस आदमी को मारा. पत्थर तो उसे लगा नही लेकिन उसका ध्यान थोड़ा बँट गया. ध्यान बँट-ते ही उसकी पकड़ थोड़ी ढीली पड़ी और प्रतिक छूट निकला.

अब उस जीव का ध्यान विवेक की ओर गया. वो कूद के नीचे आया और भाग के विवेक से टकराया. विवेक ने अपने आप को बचाने की कोशिश करी पर बचा ना पाया. लेकिन उस तेज़ टक्कर से वही हुआ जो ट्रक के साथ हुआ था. विवेक वहीं का वहीं खड़ा रहा और वो जीव कराहता हुआ दूर जा गिरा. इससे पहले विवेक कुछ समझ पाता, प्रतिक ने उसे पकड़ा और अपने साथ तेज़ी से कहीं ले कर जाने लगा.

"कहाँ जा रहा है..." विवेक ने उसे पूछा

"कहीं दूर. यहाँ रहना सेफ नही है"

"अर्रे घर में अंकल, आंटी, दिया और पूजा भी हैं.. हमे उनको बचाना चाहिए"

"पहले अपने आप को बचाओ, फिर दूसरों को बचाएँगे.. हम ने ठेका नही ले रखा है उनका."

"प्रतिक कमऑन. पागल हो गया है क्या.. हमारे फिर भी कुछ पॉवर हैं.. पता नही उनका क्या होगा."

पता नही प्रतिक को क्या सूझी कि वो भी वापस मूड गया. शायद उसमें थोड़ा कॉन्फिडेन्स आ गया था कि वो लोग उस जीव को हरा सकते हैं. उसने अपनी स्पीड बहुत तेज़ कर दी. तेज़ी से उड़ता हुआ वो जब वापस पहुँचा तो उसने देखा कि वो जीव अभी भी उपर देख रहा है... उसने पूरे ज़ोर से विवेक को उसकी तरफ फेंक दिया. विवेक ज़ोर से जाकर उस जीव पे गिरा और उस जीव की थोड़ी सी टांगे ज़मीन में धस गयी. विवेक बेतहाशा आँखें बंद कर के उस जीव पे मुक्कों की बरसात करने लगा. अब प्रतिक भी नीचे उतर आया और दोनो उस जीव को मारने लगे. वो जीव थोड़ा निढाल पड़ गया था और अजीब सी आवाज़ें निकाल रहा था. थोड़ी देर और मार खाने के बाद उस जीव के अंदर से खून जैसा कोई पदार्थ निकला जिसने विवेक और प्रतिक के हाथों को जलाना शुरू कर दिया. चीख मार के

प्रतिक साइड पे हुआ लेकिन विवेक पे इसका असर नही हुआ. तब तक घर के अंदर से सभी बाहर आ गये और वो नज़ारा देखने लगे.

फिर उस जीव के अंदर से दो और हाथ निकले जिन्होने विवेक को जकड लिया. विवेक बुरी तरह से छटपटाने लगा. फिर उस जीव ने विवेक को अपने से दूर फेंक दिया. विवेक का सर जा कर दीवार से लगा जिससे उसको चक्कर आने लगे और वो ज़मीन पर पस्त हो गया. प्रतिक भी तब तक अपने आप को संभाल चुका था. जीव को विवेक की तरफ बढ़ते देख, उसने फिर उड़ के विवेक को उठा लिया और थोड़ी दूर ले गया. जीव ने फिर से अपने हाथ बढ़ाए और प्रतिक को पकड़ा और तेज़ी से अपने पास खीचने लगा. यह देख पूजा भी हरकत में आई और उसने अपनी पॉवर से उस जीव को उपर उठा लिया. हड़बड़ा कर उस जीव ने प्रतिक को छोड़ दिया. प्रतिक का बॅलेन्स ठीक नही रहा और वो जा कर दीवार से भिड़ गया और बेहोश हो कर विवेक के साथ नीचे गिर गया. पूजा ने उस जीव को हवा में गोल गोल घुमाना शुरू कर दिया. फिर उसने देखा कि जीव के चारों हाथ उसको पकड़ने के लिए उसके पास आ रहे हैं. उसने अपनी आखें बंद कर दी और पूरी तरह से कॉन्सेंट्रेट करने लगी. उस जीव के ३ हाथ पूजा के आर पार हो गये लेकिन चौथे ने उसको पैर से पकड़ लिया. पूजा का ध्यान टूटा और वो जीव धम्म से नीचे आ गिरा. नीचे गिरने की साथ ही उसके चारों हाथ वापस रिट्रेट हुए और उसके अंदर घुस गये. वो निढाल हो कर ज़मीन पर पड़ा हुआ था जैसे मर गया हो.

"लगता है वो मर गया. " दिया उसके पास जाते हुए बोली

"दिया उसके पास मत जाना... प्रतिक और विवेक को देखो" पूजा चिल्लाई लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. उस जीव के दो हाथ तेज़ी से निकले और दिया को जकड लिया. जैसे ही वो हाथ दिया से टकराए, उनमें तेज़ करेंट दौड़ गया. उस जीव ने अपने दोनो हाथ जल्दी से पीछे खीचे और दिया को छोड़ दिया... दिया ने पूरी कॉन्सेंट्रेशन के साथ अपनी सारी पॉवर इकट्ठी करने की कोशिश करी और एक तेज़ बिजली का झटका उस जीव की तरफ फेंका. अजीब सी आवाज़ निकाल कर वो जीव जा कर उस जलते पेड़ से टकराया जो गिर गया और चारों ओर आग ही आग हो गयी. यह देख कर वो जीव थोड़ा घबरा गया और जल्दी से खड़ा हो कर भाग निकला. उस जीव को भागता देख सब लोग विवेक और प्रतिक की तरफ गये. विवेक अपना सर पक्कड़ कर बैठा था पर प्रतिक अभी तक बेहोश था. तभी सारा माहौल फाइयर ब्रिगेड के साइरेन्स से गूँज उठा. विवेक ने प्रतिक को उठाया और सब लोग घर के अंदर आ गये

# INDIAN BEST TELEGRAM ADULT (18 ) CHANNELS

## हिंदी Adult स्टोरी, Adult कॉमिक्स, सबसे अनूठे देसी मस्ती भरे XXX वीडियोज, हिंदी एडल्ट शायरिया, फन्नी एडल्ट जोक्स का अनूठा संगम..!! 🔞💯

(***Top To Click Here Join***)

**X Night Clubs**

***Click Here***

**Adult Comics Club**

***Click Here***

**Adult Shayari & Stories**

***Click Here***

**Night Club Chat Group**

***Click Here***

**18 Vargin Girls**

***Click Here***

जब सब सकुशल अंदर पहुँच गये तो उनकी जान में जान आई.

"अंकल देखो ना प्रतिक को क्या हो गया है... साँसें तो चल रही हैं पर उठ नही रहा है.." विवेक बोला

"बेहोश हो गया होगा बेटा.. वहाँ सोफे पे रखो मैं देखता हूँ" अंकल ने कहा तो विवेक ने प्रतिक को सोफे पे रख दिया और अंकल उसको टटोलने लगे..."लगता है सर पे चोट लगी है.. थोड़ी आइस ले आओ.. अगर थोड़ी देर में होश नही आया तो लगता है के हॉस्पिटल ले कर जाना पड़ेगा"

"मैं लाता हूँ आइस" कहता हुआ विवेक किचन की तरफ भागा और जल्द ही आइस ट्रे ले आया. एक नॅपकिन में थोड़े आइस क्यूब लपेट कर फिर अंकल प्रतिक के सर पर ठंडक पहुँचने की कोशिश करने लगे

"आंटी एक बात पूछूँ.." थोड़ी देर में विवेक बोला

"प..प्प..पूछो ब्ब.. बेटा" आंटी बोली.. वो अभी तक उस हादसे से थोड़ा हिली हुई थी

"जी वो फ्रिज में जलेबियाँ पड़ी हुई हैं... ज़्यादा पुरानी तो नही हैं?"

उसका यह कहना था के सब उसकी तरफ घूर घूर के देखने लग गये. "खाना खाना खाना... और कुछ सूझता है क्या तुम्हें.. पूरा वक़्त बस खाने की फिकर करते रहते हो तुम विवेक.. ग्रो अप..." गुस्से में पूजा बोली

"अर्रे ग्रो होने के लिए ही तो खाना ज़रूरी होता है.. और तुम्हें क्यूँ मिर्ची लग रही है.. तुम मत खाना... मेरे जलेबियाँ खाने या ना खाने से प्रतिक की हालत पर तो कुछ असर होने नही वाला... तुम चुप ही अच्छी लगती हो.. हर बात में टाँग मत अड़ाया करो... हां तो आंटी आपने बताया नही"

"बेटा कल शाम की हैं...." थोड़ा झिझकते हुए आंटी ने बोला..

"ठीक है तो फिर मैं ले आता हूँ.. कुछ पेट में जाएगा तो दिमाग़ भी चलेगा..." विवेक बोला

"हम अभी थोड़ी देर पहले ही खाना खा के हटे हैं विवेक... पेट में बहुत कुछ है" दिया बोली

"यार क्या है तुम लड़कियों के साथ... तुम्हें भी नहीं मिलेंगी अब जलेबियाँ.." कहता हुआ विवेक उठा और फ्रिज से जा कर पॅकेट उठा के ले आया और खाने लगा... "चलो अब एक बात तो बिल्कुल क्लियर है कि हम सब लोगोंके पास कोई ना कोई पॉवेर है.. "

"हां.. और अब लगता है के जो पापा ने बात बताई थी उसपे विश्वास करने के सिवा हमारे पास और कोई चारा भी नही है..."

"हां और अब सवाल यह उठता है कि आगे किया क्या जाए... मुझे यकीन है कि जीव इतनी आसानी से हार तो मानेगा नही.. इस बार वो और भी ज़्यादा तैयारी के साथ वापस आएगा" पूजा बोली

"हां. और हमे भी इस बार उसके लिए तैयार रहना पड़ेगा.. हमे.." विवेक का सेंटेन्स बीच में ही रुक गया जब उसको प्रतिक की आह सुनाई दी.. "अर्रे प्रतिक को होश आ रहा है" कह कर वो उसके पास हो गया

"सर घूम रहा है मेरा" प्रतिक अपना सर पकड़ के बोला

"ले थोड़ी जलेबी खा ले"

"वो गया क्या..."

"हां.. भगा दिया उसको हम ने.... तू जलेबी खा ना" विवेक ने फिर से पॅकेट उसकी तरफ करते हुए बोला"

"अर्रे नहीं खानी यार तेरी जलेबी.. दूर कर.. और मेरे सर पे मत बैठ.." गुस्से में प्रतिक ने विवेक के हाथ को धकेला जिससे पॅकेट नीचे गिर गया और जलेबियाँ फर्श पे बिखर गयी

"यार क्या दुश्मनी है तुम लोगों की जलेबी से.. नही खाना था तो मत खाता. साले अब मैं भी नही खा पाऊंगा... कैसा दोस्त है तू.. उठा के तुझे अंदर मैं लाया और उसके बदले में तूने जलेबियाँ गिरा दी..."

"विवेक मेरा सर फॅट रहा है तू चुप हो जा अभी !!" प्रतिक ने चिल्लाते हुए कहा..

"हॅना हां छोड़ अब इस बात को.. अर्रे आंटी आप ज़हमत मत उठाओ... मैं क्लीन करता हूँ ना" आंटी को नीचे झुकते हुए देख विवेक बोला.." इनफॅक्ट पूजा क्लीन कर देगी उसकी पॉवर से तो उसे झुकना भी नही पड़ेगा.. हैं ना पूजा... अर्रे ऐसे मत घूर मुझे.. सीरीयस बात चल रही है.. जल्दी से उठा दे.. कुछ तो कन्स्ट्रक्टिव यूज़ कर पॉवर का... हां तो अंकल आगे का क्या प्लान है.. क्या करना चाहिए हम को.. आप थोड़ा मार्ग दर्शन कीजिए"

"बेटा बात तो यह है कि इस बारे में मैं भी तुम लोगों जितना क्लूलेस ही हूँ. चंद्रशेखर ने मुझे बोला था के वो यहाँ आ रहा है... तो मुझे लगता है कि उसके यहाँ आने का इंतेज़ार करना चाहिए हमे... शायद वो ही बता सकता है कि आगे क्या करें"

"मुझे भी यही ठीक लगता है.. शायद वो जीव इतनी जल्दी वापस हमला नही करेगा... हमे चंद्रशेखर का इंतेज़ार करना चाहिए" पूजा बोली

"अर्रे ज़िंदगी हमारी है.. इसके बारे में फ़ैसला लेने वाला चंद्रशेखर कौन होता है... ज़रूर उसने एक्सपेरिमेंट्स करके ही हमे बनाया है पर इसका यह मतलब नही है कि हम पूरी तरह से उसके हो गये हैं.. उसी की वजह से आज हम इस मुश्किल में फसे हैं... मेरा मान-ना है कि हमे जो करना है जल्द से जल्द करना चाहिए. जब तक वो जीव अपना होश संभाले, हमे यहाँ से निकल लेना चाहिए." विवेक बोला

"भागना इस मुसीबत का हल नही है विवेक. जैसे उसने हमे यहाँ ढूँढ लिया है, हो सकता है २ दिन में कहीं से भी ढूँढ ले...

पूजा और पापा सच कह रहे हैं.. इस बारे में चंद्रशेखर की राई बहुत इंपॉर्टेंट है... हमे उसका इंतेज़ार करना चाहिए.. वैसे भी मुझे लगता नही है कि प्रतिक अभी कहीं जाने की हालत में है..." दिया बोली

"जैसी तुम्हारी मर्ज़ी आए तुम करो.. मैं तो यहाँ से निकल रहा हूँ.. तुम लोगों के भेजे में एक सीधी बात भी नही पड़ती..." विवेक ने गुस्से में कहा

"विवेक सीधी बात तुम्हारे भेजे में नही पड़ रही है.. क्यूँ हर चीज़ में इतना ज़िद्दी हो कर मनमानी करने की कोशिश करते हो तुम.. तुमने देख लिया है कि हम चारों को मिल के भी उस जीव का सामना करने में कितनी मुश्किल थी... अब जब वो हमारी पॉवर जान गया है तो और भयंकर बन के आएगा अगली बार.."

"विच ईज़ एग्ज़ॅक्ट्ली माइ पॉइंट पूजा... मुझे नही लगता कि हम उससे जीत सकते हैं.. हमे उसका काम मुश्किल करना है और यह तभी होगा जब हम यहाँ नही होंगे.. हम किसी चूहे की तरह बिल में दुबक कर मौत का इंतेज़ार नही कर सकते. चारों अलग अलग दिशा में जाएँगे तो उसको ४ गुना ज़्यादा परेशानी होगी हमे अगवा करने में.. खैर मैं तुमसे कोई बहेस नही करना चाहता.. तुम्हें जो करना है करो.. मैं यहाँ से जा रहा हूँ और जल्द ही यह देश भी छोड़ दूँगा" कहता हुआ विवेक पीछे मूड गया

"कोई कहीं नही जा रहा जब तक चंद्रशेखर नही आता आंड थ्ट्स फाइनल विवेक" कहते हुए पूजा ने अपनी पॉवर से विवेक को हवा में उठा लिया.

# २२

इस बात को आज १ साल बीत चुका था. लेकिन फिर भी इस घटना का हर एक व्याख्या विवेक के दिमाग़ में एकदम फ्रेश था जैसे यह कल की ही बात हो. दिया का उसको पूजा से बचाना और फिर उसको समझाना कि ऐसे भाग के कुछ फ़ायदा नहीं है क्यूंकी नयी ज़िंदगी शुरू करने के लिए सबसे इंपॉर्टेंट चीज़ उनके पास नही है - पैसा. वैसे भी अगर इस ग्रूप में से कोई भी तब चला जाता और वो जीव वापस अटॅक कर देता तो उसको रोकना नामुमकिन हो जाता. यही बात सुनकर विवेक वहाँ रुक गया था और आज उसको लग रहा था कि उसने सही काम किया वहाँ रुक कर.

२ घंटे के अंदर चंद्रशेखर वहाँ पहुँच गया था अरुणा के साथ. उसने वापस वही सब बातें उन चारों को बताई और उनको हेल्प करने में कोई भी सहयता करने में असमर्थता जताई. वो सिर्फ़ थोड़े पैसे दे सकता था जिनसे वो लोग अपनी नयी ज़िंदगी शुरू कर सकते थे. काफ़ी सोच विचार करने के बाद एक फ़ैसला हुआ था - ८ लोगों के ४ ग्रूप्स बनेंगे जो दुनिया के अलग अलग कोने में जाएँगे. २ ग्रूप्स तो बिल्कुल डिसाइडेड थे - चंद्रशेखर और अरुणा का एक ओर दिया के मम्मी और पापा का एक. बाकी २ ग्रूप्स डिसाइड करने में काफ़ी देर लगी. इससकी वजह थी इन लोगों की अलग अलग पॉवर. चंद्रशेखर का मान-ना था कि क्यूंकी विवेक और प्रतिक के पास सिर्फ़ डिफेन्सिव पॉवर थी, इसलिए उन दोनों को साथ रहना चाहिए ताकि एक दूसरे को बचा सकें उस जीव से. पूजा और दिया साथ रह कर उस जीव को ढूँढ कर ख़तम करने की कोशिश कर सकती थी. लेकिन यह प्लान तब फैल हो गया जब उन चारों ने यह इच्छा ज़ाहिर करी कि उस जीव को मार कर कोई फ़ायदा नही होगा. क्या पता कितने और जीव इस वक्त धरती की तरफ बढ़ रहे हो. काफ़ी समय तक माथापच्ची करने के बाद और विवेक और दिया के साथ रहने के फ़ैसले पर अडिग होने के बाद, विवेक और दिया और प्रतिक और पूजा के ग्रूप बन गये. चंद्रशेखर ने अपने काँटॅक्ट्स यूज़ कर के रात-ओ-रात आठों लोगों के लिए नयी पहचान के पासपोर्ट्स, डॉक्युमेंट्स एट्सेटरा तैयार करवा लिए और अगली ही सुबह सब अपनी अपनी नयी डेस्टिनेशन्स की तरफ चल पड़े. डिसाइड यह हुआ था कि कोई भी किसी दूसरे को काँटॅक्ट करने की कोशिश नही करेगा. चंद्रशेखर ने अपना एनक्रिपटेड ईमेल अड्रेस सब को दे दिया था और सिर्फ़ कोई मुसीबत आने पर वहाँ पर काँटॅक्ट करने के लिए बोला था.

विदाई का समय सब के लिए बहुत ही दुख भरा था. अपने सारे परिवार, दोस्तों को छोड़ कर एक नयी ज़िंदगी शुरू करना उन्हें बहुत मुश्किल लग रहा था. पर वक़्त के साथ साथ सब मुश्किले हल हो ही जाती हैं. विवेक और दिया एक छोटे से आइलँड पर शिफ्ट हो गये. दुनिया से दूर यह आइलँड मेन्ली टूरिस्ट्स के लिए था. वहाँ पर रहने वाला हर एक बंदा टूरिस्ट्स के लिए ही कोई ना कोई सर्विस चलाता था. विवेक और दिया ने भी अपना एक छोटा सा रेस्टोरेंट खोल लिया था. आज उन दोनो की शादी थी जिसके कारण विवेक यह सब पुरानी बातें याद कर रहा था. २१ साल की छोटी सी उमर में आज विवेक एक लड़के से आदमी बनने जा रहा था. उसको अजीब तो बहुत लग रहा था पर इस बात की बहुत खुशी थी कि जिसको प्यार किया उसी के साथ शादी कर रहा है. एक महीने पहले ही उसने दिया को प्रपोज़ किया था और दिया ने झट से हां कर दी थी. पिछला एक साल उन दोनो के लिए बहुत मुश्किल गुज़रा था. इतनी सी उमर में इतनी सारी ज़िम्मेदारी टूट पड़ने से दोनो जैसे टूट ही गये थे.

कभी कभी तो दोनों साथ बैठ कर सोचते थे कि ऐसा उन के साथ ही क्यूँ हुआ.. क्यूँ जिस उमर में उनको दुनिया देखनी चाहिए थी, उसी उमर में दुनिया को बचाने की इतनी बड़ी रेस्पॉन्सिबिलिटी उनके उपर आ गयी है. ऐसे समय में दोनो एक दूसरे का सहारा बनते और यह आश्वासन दिलाते के यह दिन भी बीत ही जाएँगे. यही कारण था कि जब उनका रेस्टोरेंट का बिजनेस अब चल पड़ा था तो विवेक ने ज़रा भी देर नही करी. जिस साथी ने उसका बुरे वक्त में साथ दिया, वो चाहता था कि सही वक़्त की शुरुआत से ही दोनो एक अटूट बंधन में बँध जायें.

पिछले एक साल से चंद्रशेखर को किसी ने भी काँटॅक्ट नही किया था जिससे वो बहुत खुश था. उसको विश्वास होने लगा था कि वो एलीयन वापस भाग गया है और शायद कभी भी लौट कर नही आएगा. आएगा भी तो इन लोगों को ढूँढने में उसको बहुत कठिनाई होगी. उस ने भी अरुणा से शादी कर ली थी और दोनो अपने बचाए पैसों के सहारे आराम से जी रहे थे. उन का प्यार पिछले एक साल में और भी बहुत बढ़ गया और दोनो अपनी ज़िंदगी से बहुत खुश थे. एक साल बाद जब उस ईमेल आइडी पर एक मैल आया तो चंद्रशेखर बहुत घबरा गया. काँपते हाथों से उसने वो ईमेल खोला और उसे पढ़ कर उसके चेहरे पर एक मुस्कान छा गयी

"अरुणा... यहाँ आओ तो ज़रा.. यह देखो"

"हां चंद्रशेखर" अरुणा ने उसके पास आ कर कहा

"देखो विवेक और दिया ने शादी कर ली है.. फोटोस भेजी हैं अपनी" और वो फोटोस देखने लगे

"कितने सुंदर लग रहे हैं दोनो.. एक साल में बहुत बदल गया है विवेक तो"

"हां.. मुझे लगता है ज़िंदगी ने इसको जीना सीखा दिया है. कितना मेच्यूर लग रहा है.. दिया भी कितनी सुंदर लग रही है... दोनो कितने खुश लग रहे हैं"

"बिल्कुल हमारी तरह चंद्रशेखर. सच बताऊ तो मैं इस बात से बहुत खुश हूँ कि तुमने वो सब पीछे छोड़ दिया और आराम से हम अब साथ रह रहे हैं... मैं रोज़ खुदा का इस बात के लिए शूकर करती हूँ" अरुणा ने चंद्रशेखर को अपनी बाहों के घेरे में लेकर चूमते हुए कहा. चंद्रशेखर के प्यार ने उसकी ज़िंदगी के वो सब शिकवे मिटा दिए थे जो कभी उससे थे. अपना घर, जिसमें सिर्फ़ वो दोनो हो.. बस एक औलाद की कमी उसको पूरा वक़्त खलती थी पर उससे पता था कि इस उमर में ट्राइ करना भी बेकार होगा क्यूंकी वो बच्चा शायद ना कॅरी कर पाए. वैसे भी वो अपनी ज़िंदगी से बहुत खुश थे और अभी कोई रिस्क नही लेना चाहते थे.

पूजा और प्रतिक की ज़िंदगी सबसे उलट गुज़र रही थी. दोनो साथ तो रहते थे लेकिन अब एक दूसरे को फूटी आँख नही भाते थे. जब से पूजा ने प्रतिक पर चोरी करने का प्रेशर डालना शुरू किया था, प्रतिक उससे एक दूरी बनाने लग गया था. जिन वॅल्यूस के साथ उसकी परवरिश करी गयी थी, वो कतयि यह इजाज़त नही देती थी कि अपने फ़ायदे के लिए किसी दूसरे का नुकसान करो. और सिर्फ़ क्यूंकी उनमें स्पेशल पॉवर थी, इसका यह मतलब नही था कि वो दुनिया को अपने इशारों पर नचाए. प्रतिक ने कॉलेज जॉइन किया हुआ था जहाँ से वो अपनी पढ़ाई पूरी कर रहा था. पार्ट टाइम में छोटी मोटी नौकरी कर के वो अपना पेट पाले हुए था. उसको पैसों की कमी से इतना दुख नही होता था जितना पूजा के रवैय्ये से होता था. वो पूजा जो कभी उस पर जान तक न्योछावर करने को तैयार थी, आज उसकी तरफ देखती भी नही थी. ऐसा नही था कि प्रतिक को उससे बहुत प्यार हो गया था या उसके प्यार को तरस रहा था, पर यह बात उसको हमेशा अंदर ही अंदर कचोट-ती थी कि लोग इतना मतलबी कैसे हो सकते हैं. क्या उसकी किस्मत में यही था कि वो अपने सिद्धांतो के कारण एक अच्छी दोस्त खो बैठे??

इस मुश्किल के समय में उसकी ज़िंदगी में अली आया. प्यार से लोग उसको मेरियाइज़ा कहते थे. छोटा नाम होने के बावजूद लोग उससे बड़े नाम से संबोधित क्यूँ करते थे, यह तो

अली को भी नही मालूम था पर प्रतिक उसको पहली ही नज़र में भा गया था. प्रतिक उसको एक अच्छे दोस्त की तरह ही ट्रीट करता था लेकिन अली उस से मन ही मन प्यार कर बैठा था. उसको मालूम था कि इस प्यार को दुनिया की मंज़ूरी नही मिलेगी लेकिन उसका दिल इस मामले में उसके दिमाग़ से कहीं आगे था. प्रतिक भी कई बार यह सोचता था कि अगर अली ना होता तो उसका क्या होता. अली एक दिए की तरह था तो उसकी ज़िंदगी के सबसे अंधेरे समय में उसके साथ रहा और उसका मार्गदर्शन किया. वो अली को अपना बहुत ख़ास दोस्त मानता था और उसके लिए कुछ भी करने को तैयार था.

बहुत ज़्यादा तो नही, पर पूजा अपनी ज़िंदगी से खुश थी. छोटी-मोटी चोरियाँ करके उसके पास बहुत पैसा आ जाता था. जब भी पैसे की ज़रूरत पड़ी, वो एक छोटा हाथ मार लेती. उसका दिमाग़ बहुत गरम हुआ था जब प्रतिक ने उसको मना कर दिया था. कितने ख्वाब बुने थे उसने अपने और प्रतिक के लिए. क्या क्या नही कर सकते थे वो दोनो अगर साथ हो तो. लेकिन एक प्रतिक था जो किसी पुरानी हिन्दी फिल्म के सिद्धांतवादी बाप के रोल से परे नही हट रहा था. कितना भी मनाने की कोशिश करो, उसका वही घिसा पिटा "वॅल्यूस" वाला टेप शुरू हो जाता था. वो उन लोगों में से तो था जो दुनिया के तलवों के नीचे आने को तैयार थे लेकिन थोड़ी सी भी हेरा फेरी जिन्हे मंज़ूर नही थी. खैर, पूजा आराम से उस के साथ रहती. उसकी खूबसूरती बढ़ती जा रही थी. जहाँ फ्लॅट के एक ओर प्रतिक रात को काम से थक कर वापस आता, वहीं दूसरी ओर पूजा हर दूसरे दिन किसी नये लड़के के साथ नशे में झूमती हुई आती. यह ज़िंदगी उसको बहुत पसंद आ रही थी. ना कोई कमिटमेंट, ना कुछ - बस हर रात एक नया मज़ा. उस रात भी वो दारू के नशे में धुत्त बार में बैठी थी जब उसने एक आदमी को आते देखा. अजीब सी सादगी थी उसके चेहरे में. पूजा ने अपनी आज की रात उसी के नाम करने की सोची. जब उस आदमी ने थोड़े पेग पी लिए तो पूजा उसके पास जा कर बैठ गयी, पर उसने बिल्कुल ध्यान नही दिया. पूजा के साथ ऐसा पहली बार हुआ था नही तो उसकी सुंदरता को देख कर हर कोई उससे दोस्ती करना चाहता था. किसी तरह से उसने उस लड़के से बात करनी शुरू करी तो पता चला कि उसका नाम विकास है. वो काफ़ी शरमा रहा था उससे बात करते हुए और थोड़ी ही देर में झूमता हुआ चल पड़ा बार से बाहर.

ऐसी हार पूजा को कतयि मंज़ूर नही थी. उसने भी अपना बिल दिया और जल्दी से बार से बाहर निकली. इधर उधर उसने नज़र घुमाई तो विकास उसे कहीं ना दिखा. तभी खंबे के सहारे खड़े एक आदमी पर उसकी निगाह गयी. वो आदमी लड़खड़ाते हुए सड़क क्रॉस करने लगा. तभी पूजा ने देखा कि सामने से एक ट्रक आ रहा है. यह पक्का था कि ट्रक की

भिड़ंत उस आदमी को जान से मार ही देगी क्यूंकी समय रहते वो आदमी रोड क्रॉस नही कर पा रहा था. पूजा ने अपनी पॉवर से ट्रक को रोकने की कोशिश करी. फुल स्पीड में आता ट्रक काफ़ी रुक गया था पर पूजा के भी नशे में होने के कारण, पूरी तरह से नही रुका और उस आदमी को टक्कर मार ही दी. वो आदमी थोड़ी दूर जा कर गिरा और पूजा ने ट्रक पे से पॉवर हटा दी. थोड़ी पास जा के देखा तो वो आदमी विकास ही था. आँखों मे उसे ना बचा पाने के आँसू ले कर पूजा उस दिन अकेले ही घर चल पड़ी

घबरा कर पूजा घर में घुसी और फूट फूट कर रोने लगी. उसने पहले भी कई मौतें देखी थी, पर पता नहीं क्यूँ, इस मौत ने उसे हिला दिया था. एक तरह से इस हादसे ने उसे दर्शा दिया था कि हर चीज़ जैसे वो चाहती है, वैसे नहीं हो सकती. पिछले एक साल से जिस बेफिक्री के किले में वो घूम रही थी, आज उसकी दीवारें शायद कुछ कमज़ोर पड़ गयी थी. उसको एहसास हो रहा था कि जिन पॉवर पे उसको इतना गुमान था, वो भी कोई गॅरेंटी नही दे सकती थी उसकी सेफ्टी की. आज वो बहुत ही वल्नरबल महसूस कर रही थी. उसको इस हालत में देख प्रतिक दौड़ा चला आया.

"क्या हुआ पूजा..." उसने बड़ी ही चिंता से पूछा. उसे किसी अनहोनी हो जाने की शंका थी

"प्रतिक वो.. वो.. वो..." इतना ही कह पाई पूजा और फिर फूट फूट के रोने लगी

"पूजा क्या हुआ.. कुछ बताओगी भी" उसको चुप ना होते देख प्रतिक और अधीर होता जा रहा था

"वो .. वो वहाँ.. सड़क पे..." इतना ही कह पाई पूजा के आँसुओं का सैलाब फिर उमड़ पड़ा और वो प्रतिक से चिपक गयी. प्रतिक को लग गया था कि पूजा इतनी आराम से चुप होने वाली नहीं है. वो उसको सहारा दे कर धीरे धीरे उसके बालों में हाथ फेरने लगा

"चुप हो जाओ पूजा. कुछ नही हुआ. एवरीथिंग ईज़ ऑलराइट. हिम्मत रखो.. और भगवान के लिए बताओ कि हुआ क्या है"

"वो.. वो एक्सीडेंट.."

"बस पूजा इतनी सी बात... इस देश की आबादी इतनी है कि हर पल सेकड़ों एक्सीडेंट होते हैं.. एक तुमने देख लिया तो क्या हुआ... यह कैसी पूजा है जो एक एक्सीडेंट देख कर इतना घबरा गयी है... जिस पूजा को मैं जानता हूँ वो तो बहुत ही बहादुर और निडर है.. चलो अब आँसू पोछो अपने" उसने पूजा को दिलासा देते हुए कहा

थोड़ा होसला रख कर पूजा ने भी अपना सर उसके कंधे से उपर उठाया और वहाँ अली को खड़ा देखकर एकदम चोंक गयी. अली का मूह ऐसे खुला हुआ था जैसे उसने किसी बकरी को भरतनाट्यम करते हुए देख लिया हो. उसकी ऐसी शकल देख कर अचानक से ही पूजा की हसी निकल गयी जिससे उसको हिचकियाँ लग गयी..

"इसे क्या हो गया" उसने वापस प्रतिक के कंधे पर सर रखते हुए कहा. प्रतिक पीछे मुड़ा और अली की शकल देख कर उसको भी हसी आ गयी

"अबे ऐसे क्या देख रहा है.. मेरी रूम मेट है.. यार थोड़ा पानी ले आ ना अंदर से.. "

"कौन है यह.." पूजा ने पूछा

"अली है" प्रतिक ने उत्तर दिया. तब तक पानी भी आ गया और पूजा को पानी पी कर थोड़ा होसला आया

"यार प्रतिक मैं चलता हूँ. मुझे लगता नही है कि अभी यहाँ रहना ठीक होगा... कल मिलते हैं"

"ओके अली.. गुड नाइट" प्रतिक ने उसको रोकने की कोशिश भी नही करी जिससे अली का दिल थोड़ा और टूट गया.

"कौन अली?" उसके जाने के बाद पूजा ने पूछा

"दोस्त है मेरा... मेरा एकलौता दोस्त" प्रतिक ने ये कहा तो पूजा को थोड़ा बुरा लगा जो उसके चेहरे से सॉफ झलक रहा था... "ऐसे मत देखो पूजा.. सच ही तो कह रहा हूँ मैं... हम दोनो में जो था, वो ख़तम हो चुका है.. तुम्हें याद भी है तुमने आखरी बार मुझसे कब बात

की थी? मैं ज़िंदा हूँ या नही .. तुम्हें इससे कोई फरक नही पड़ता. यह हमारी मजबूरी ही है जिसके कारण हम दोनो साथ रह रहे हैं.. नही तो मैं यहाँ एक पल भी ना रुकता. लेकिन जब ज़रूरी है ही कि हम दोनो साथ रहेंगे तो क्यूँ ना यह एक्सपीरियेन्स दोनो के लिए कम से कम पेनफुल बनाया जाए - सोचा है कभी तुमने ऐसा?? एक छत के नीचे रहते हुए भी तुम मुझे एक अजनबी की तरह ट्रीट करती हो. मैं यह नही कहता कि मुझसे प्यार करो या अपनी ज़िंदगी मेरे नाम लिख दो. लेकिन कभी कभार आते जाते अगर दिख जाउ तो हाल चाल ही पूछ लो.. किसी दूसरी दुनिया में रहती हो तुम ऐसा लगता है.. मेरी तरफ देख लोगि तो गंदी हो जाओगी. माना के हमारा रहने का तरीका अलग है, हमारी ज़िंदगी के बारे में राय अलग है, लेकिन इसका यह मतलब थोड़े है कि हम दोनो दोस्त नही हो सकते. अब चाहे मजबूरी हो या हमारी पसंद, दोस्ती तो बढ़ने से ही बढ़ेगी. यह एक ऐसा पौधा है जो कुछ ही देर में मुरझा जाता है अगर सही देखभाल ना करें तो. और हमारा पौधा तो शायद साल भर पहले ही मुरझा चुका है पूजा. बस बात इतनी सी है कि यह बात तुम्हें शायद रीयलाइज़ नही हुई.. या यह कहें कि इस बात से तुम्हें कुछ फरक नही पड़ा"

प्रतिक को इस तरह से बोलते देख पूजा सच मुच हक्की बक्की रह गयी. सच ही कह रहा था वो. उसको पता थोड़े था कि पूजा ने अपने स्वार्थ के कारण ही उससे दोस्ती करी थी और मतलब ना निकलने पर चाइ में से निकली मक्खी की तरह अपने जीवन से अलग कर दिया था. लेकिन आज पूजा को वापस रीयलाइज़ हुआ था कि वो अकेले शायद कुछ बड़ा नही कर सकती. कुछ करना तो दूर, अपनी जान के भी लाले पड़ सकते थे उसे. इसलिए आज उसने डिसाइड कर लिया कि जो भी हो, प्रतिक से दोस्ती वापस करनी ही पड़ेगी. लेकिन इस बार वो पिछली बार जैसी ग़लती नहीं करेगी. इस बार वो सब बात धीरे धीरे आगे बढ़ाएगी, ऐसा उसने मन ही मन सोचा और वो अपनी आखें नम कर के प्रतिक से लिपट गयी.

"आइ आम वेरी सॉरी प्रतिक. लालच ने मुझे अँधा कर दिया था. आइ प्रॉमिस यू कि अब तुम्हें शिकायत का मौका नही मिलेगा. मुझे अपनी ज़िंदगी में हमेशा से एक कमी महसूस हुई है. शायद बचपन में ही माँ बाप का प्यार छिन जाने से. और आज मुझे रीयलाइज़ हुआ है कि वो कमी तुम जैसा दोस्त ही पूरा कर सकता है प्रतिक. मैं सच में अपने किए पर बहुत शर्मिंदा हूँ"

"अच्छा पूजा, अब रात बहुत हो गयी है और मुझे लगता है कि तुमने आज पी भी बहुत ली है. अब तुम सो जाओ. कल बात करेंगे. मुझे भी अपने कॉलेज के थोड़े असाइनमेंट्स पूरे

करने हैं. गुड नाइट"

"गुड नाइट" पूजा बोली और अपने कमरे में सोने चले गयी. प्रतिक भी कुछ देर अपना काम करता रहा और उसके बाद सोने चला गया

अगले दिन सुबह जब प्रतिक का अलार्म बजा तो उसकी नींद खुली. वो जल्दी से बाथरूम गया और अपना सभी काम निपटा कर किचन में पहुँचा ताकि कॉलेज जाने से पहले थोड़ा नाश्ता कर ले. उसने देखा के पूजा पहले ही उठ चुकी है और नाश्ता बना रही है

"प्रतिक तुम बैठो. मैं अभी नाश्ता ले कर आती हूँ" वो बोली और अपनी स्पीड थोड़ी बढ़ा दी. प्रतिक को हैरानी तो बहुत हुई लेकिन वो थोड़ा खुश भी हुआ पूजा में आए इस बदलाव को देख कर. वो जा कर लिविंग रूम में बैठ गया और कॉफी टेबल खाली कर दी नाश्ते के लिए

"पूजा एक बात पूछूँ" जब पूजा ने नाश्ता लगा दिया तो प्रतिक ने उससे सवाल किया

"हां बोलो.."

"मुझे कल के बारे में कुछ पूछना है..."

"ज़रूर पूछो..."

"कल ऐसा क्या हो गया था जो तुम इतना अपसेट हो गयी थी..."

"प्रतिक मुझे समझ नही आ रहा कि कैसे बताऊ यह.. पर जब उस आदमी का एक्सीडेंट हुआ तो मुझे लगा कि यह नज़ारा मैने पहले भी कहीं देखा है...."

"ऐसा होता है.. डेजा-वू की फीलिंग हम सब को कभी ना कभी होती है"

"नहीं प्रतिक.. अगर ऐसा होता तो मुझपे इतना असर ना पड़ता... लेकिन पिछली २ रातों से मेरे सपनों में लगातार वो आदमी आ रहा था और मैं यह घटनाक्रम को देख रही थी..."

"सपने याद नही रहते पूजा.. तुम्हें पक्का कोई वहाँ हुआ होगा..."

"नहीं प्रतिक.. तुम इस बात को मानो या ना मानो... लेकिन मैं अपने सपनों में रोज़ उस हादसे को देख रही थी.. यहाँ तक कि वो ट्रक और उसका नंबर भी मुझे याद है... फिर भी मैं कल उस आदमी को नही बचा पाई... पता नहीं क्यूँ मुझे लगता है कि इस सपने का ज़रूर कोई मतलब है..."

"अर्रे बहकी बहकी बातें मत करो.. खाली पड़े रहने से तुम्हें वहाँ होने लगा है... मैं कॉलेज जाता हूँ, आ कर बातें करेंगे... मेरी मानो तो तुम भी कोई जॉब ढूँढ लो.. नहीं तो उल्टे सीधे ख़याल ही आते रहेंगे पूरा वक़्त" प्रतिक ने कहा और अपना बॅग ले कर निकल गया. पूजा उसको देख रही थी और बस यह ही सोच रही थी कि जिसको उसने इतनी आसानी से भ्रम का नाम दे दिया, सच्चाई तो सिर्फ़ पूजा ही जानती है.. वो ही जानती है कि उसने पता नही कितनी बार अपने ख्वाबों में उस आदमी को मरते देखा है...

# २३

सुबह जब विवेक की आँख खुली तो उसको जन्नत सा महसूस हो रहा था. पिछली रात उनकी मॅरीड लाइफ की पहली रात थी और उसके हिसाब से उसका पर्फोर्मेन्स अच्छा रहा था. जब उसने करवट बदल कर दिया की तरफ मूह किया तो पाया कि दिया है नही बिस्तर पर. एक पल के लिए वो घबरा गया फिर सोचा के शायद नहा रही होगी या नाश्ता बना रही होगी. वो उठा और बाथरूम में गया तो उसको खाली पाया. उसने अपनी मॉर्निंग रुटीन ख़तम की और नाश्ते के लिए डाइनिंग रूम पहुँच गया. लेकिन दिया ना तो वहाँ थी और ना ही किचन में. विवेक का दिल ज़ोर ज़ोर से धड़कने लगा किसी अनहोनी की आशंका में. वो फटाफट घर से बाहर भागा और वहाँ भी दिया को ना पा कर बहुत चिंतित हो गया. उनका रेस्टोरेंट घर के साथ ही लगा हुआ था. कुछ सोच कर विवेक वहाँ की ओर चल पड़ा.

रेस्टोरेंट में बाहर से ताला लगा हुआ था. विवेक ने खिड़की से अंदर झाँकने की कोशिश करी और अंदर एक साया इधर उधर होता हुआ पाया. धड़कते दिल के साथ विवेक तेज़ी से घर के अंदर घुसा और घर और रेस्टोरेंट को जो डोर कनेक्ट करती थी उसके पास पहुँच गया. उसको लगा कि शायद कोई चोर अंदर घुस आया है. किचन से चाकू उठा कर उसने एक झटके में रेस्टोरेंट का दरवाज़ा खोला और अंदर हो गया. अंदर दिया को सफाई करते देख उसकी जान में जान आई.

"अर्रे दिया तुम सुबह सुबह यहाँ क्यूँ घुस आई.."

"विवेक इतनी भी सुबह नही है.. १० बज चुके हैं... १२ बजे रेस्टोरेंट खोलना है.. और तुम शायद भूल रहे हो कि आज फुड इंस्पेक्शन वाले भी आ रहे हैं. मैं कोई रिस्क नही लेना चाहती. अगर हमारा लाइसेन्स रद्द हो गया तो लेने के देने पड़ जाएँगे"

"कैसे होगा लाइसेन्स रद्द... पूरा वॉट तो यह जगह बिल्कुल रूल्स के हिसाब से ही रखते हैं.. आज तक किसी ने कोई कंप्लेन भी नही करी..."

"अर्रे पर थोड़ा एक्सट्रा केयरफुल रहने में कोई बुराई तो नहीं है..."

"चलो ठीक है फिर तुम सफाई करो और मैं अंदर जा कर नाश्ता बना लेता हूँ. फिर साथ साथ नाश्ता कर लेंगे"

"ठीक है..." दिया ने कहा और वापस सफाई में लग गयी.

विवेक वापस घर के अंदर आया और पहले थोड़ा सुसताने का प्रोग्राम बनाया. उसने अख़बार हाथ में लिया, टीवी ऑन किया और अख़बार पढ़ने लगा. सुबह रेस्टोरेंट में रश पड़ने से पहले का यह समय उसका दिन का सबसे एंजायबल टाइम होता था. एक बार रेस्टोरेंट खुल जाता था तो रात तक साँस लेने की भी फ़ुर्सत नही मिलती थी. अख़बार पढ़ने के बाद वो उठा और किचन में नाश्ता बनाने को घुस गया. उसने गॅस ऑन करी पर रेंज जली नही.. दो तीन बार उसने ट्राइ किया और फिर भी जब वो रेंज नही जली तो वो लाइटर ढूँढने लग गया. कई बार ऐसा होता था के इनबिल्ट प्लग काम नही करता था. उसने लाइटर उठाया और फिर से रेंज जलाने की कोशिश करने लगा लेकिन फिर भी नाकामी हाथ लगी. शायद लाइटर का सेल ख़तम हो गया था. वो लाइटर को वहीं रख कर सेल ढूँढने चला गया. वो भूल गया कि रेंज ऑन पे है और गॅस धीरे धीरे किचन में भर रही थी.

नये सेल लेकर जब वो वापस आया, तो उसने वो सेल लाइटर में डाल दिए. जैसे ही उसने रेंज ऑन करी, एक ज़ोर से धमाका हुआ और उसकी आँखों के आगे अंधेरा छा गया. अगली चीज़ जो उसे याद आई वो यह थी कि दिया उसके उपर झुकी थी और उसका नाम ले लेकर रो रही थी.

"कुछ नही हुआ.. दिया मैं ठीक हूँ... वैसे भी मुझे कुछ नही होता रिमेंबर" उसने उठने की कोशिश करते हुए कहा. आसपास की दीवारें जल गयी थी लेकिन आग का कहीं नामोनिशान नही था

"विवेक यह क्या करते रहते हो तुम... मैं कितना डर गयी थी" दिया ने आँखों से आँसू पोछते हुए कहा.."वैसे यहाँ हुआ क्या था"

"हुआ क्या था मतलब.. आग लग गयी थी.. तुम्हें नही दिखा था क्या"

"नहीं... मुझे बस तुम्हारे चीखने की आवाज़ आई और मैं भागी हुई यहाँ आई.. आकर देखा तो सारा किचन काला पड़ा था"

"ह्म्म.. मुझे लगता है के गॅस खुली छूट गयी थी और लाइटर जलाने से धमाका हुआ और आग लग गयी..."

"ऐसा नही हो सकता विवेक. ऐसा हुआ होता तो मुझे भी आग की लपटें दिखती या जब मैं यहाँ आती तो कहीं तो आग का नामोनिशान होता"

"पता नही फिर क्या हुआ होगा.. मेरा सर भन्ना रहा है... मैं ज़रा नहा के आता हूँ. तुम रेस्टोरेंट वाला किचन यूज़ कर लो... इस की बाद में सफाई कर देंगे हम" कुछ सोचता हुआ विवेक बाथरूम में घुस गया.

अगर आग लगी थी, तो गयी कहाँ.. और अगर लगी नही थी तो मेरे कपड़े और दीवार कैसे जले... आईने में अपने आप को देखते हुए वो सोचने लगा... उसका शरीर तो बिल्कुल ठीक हो गया था लेकिन कपड़े बुरी तरह से जले हुए थे. उसने वो कपड़े उतार के दूर फेंके और शवर के नीचे खड़ा हो गया. शवर से निकला पानी उसको बहुत ठंडा लग रहा था. उसने टेंपरेचर बढ़ाया लेकिन कोई असर नही हुआ. उससे लगा कि शायद बोलिएर खराब हो गया है. तभी उसने अपने चारों तरफ नज़र दौड़ाई तो पाया के बाथरूम में बहुत ज़्यादा स्टीम भर गयी थी. मतलब पानी गरम तो था, लेकिन उसको गरम नही लग रहा था. इतने ठंडे पानी से वो नहा नही सकता तो शवर से बाहर आया और अपना बदन पोछने लगा. पोछते पोछते उसकी नज़र तोलिये पर पड़ी तो उसने पाया के वो तोलिया काला हो रहा था. उसने गौर से तोलिये की तरफ देखा तो वो भक्क से आग में घिर गया और कुछ ही क्षण में जल के राख हो गया.

विवेक को कुछ समझ नही आ रहा था कि यह हो क्या रहा है. शायद उसकी बॉडी के अंदर आग लगी हुई थी

"दिया दिया..." वो ज़ोर से चिल्लाया "जल्दी से यहाँ आओ"

"क्या हुआ.. क्यूँ चिल्ला रहे हो" दिया दौड़ी दौड़ी आई और पूछने लगी

"दिया मेरे शरीएर को हाथ लगा कर देखो तो.. क्या यह बहुत तप रहा है?"

"नहीं, नॉर्मल है" दिया ने उसके शरीर पर हाथ रखते हुए कहा "क्यूँ क्या हुआ"

"मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मेरे अंदर आग लगी हुई है.. बहुत गरम लग रहा है.. पानी भी बहुत ठंडा लग रहा है"

"लगता है तुम्हें कोल्ड हो रहा है.. मैं तुम्हारे लिए गोली लाती हूँ"

"दिया मुझे पक्कड़ लो. मेरा सर बहुत दुख रहा है.. फट रहा है मेरा सर..." विवेक बोला और धम्म से नीचे गिर गया

"विवेक क्या हुआ.. उठो... मैं डॉक्टर को बुलाती हूँ" दिया ने विवेक को उठाने की कोशिश करी.. लेकिन विवेक दर्द से चीखे जा रहा था. उसको ऐसा लग रहा था जैसे कोई उसके अंदर की अंतडियों को जला रहा है. तभी एकाएक जैसे दर्द आया था, वैसे ही गायब हो गया और विवेक बिल्कुल चुप हो गया.. "क्या हुआ विवेक.. बोलो.. क्या हुआ.. तुम ठीक तो हो" चिंता भरे स्वर में दिया ने पूछा

"हां.. अब ठीक हो गया..बिल्कुल ठीक लग रहा है अब" अभी तक दर्द में उसकी आँखें बंद थी. जैसे ही उसने आँखें खोली, नज़ारा देख कर वो हैरानी में पड़ गया. जहाँ उसे दिया दिखनी चाहिए थी, वहाँ उसे दिया नही, एक खाई दिख रही थी. अपने आस पास उसने देखा तो पाया कि वो किसी पहाड़ के कोने पे खड़ा है और नीचे एक गहरी खाई है... "दिया.." वो ज़ोर से चिल्लाया

"हां विवेक.. क्या हुआ.. यहीं हूँ मैं.. चिल्ला क्यूँ रहे हो" दिया की आवाज़ तो उसे सुन रही थी लेकिन वो उससे दिख नही रही थी. बस उस पहाड़ की छोटी पे वो अकेला ही खड़ा था

"दिया कहाँ हो तुम.. मुझे तुम दिख नही रही" विवेक घबरा के बोला और तभी उसका पैर फिसल गया. वो तेज़ी से पहाड़ से नीचे गिरने लगा. गिरते हुए उसने एक पेड़ का सहारा लिया और अपनी गति को रोका. तभी उसे ऐसा लगा जैसे उस पर बहुत पानी गिर गया हो.. हड़बड़ा कर उसकी आँख खुली तो उसने अपने आप को वापस अपने घर में ही पाया और सामने दिया दिखी...

"लगता है तुम कोई सपना देख रहे थे विवेक... आखें बंद कर के बोल रहे थे कि मैं तुम्हें दिख नही रही..." दिया ने उसका सर अपनी गोद में रखकर बोला

विवेक का ध्यान अपने हाथों पर गया. खाई से गिरने के ज़ख़्म अभी भी वहाँ पे थे और धीरे धीरे भर रहे थे. उसे कुछ समझ नही आ रहा था के क्या हो रहा है यह.

"तो दिया.. यह है मेरा शहर. तुम्हारे शहर के सामने बहुत ही छोटा है... पर यहाँ पे लोगों के दिल बहुत बड़े हैं... सभी देखना कैसे तुम्हें अपना बना के रखेंगे." ट्रेन से समान प्लॅटफॉर्म पर रख कर विवेक ने दिया से कहा.

"वो तो ठीक है पर एक कूली कर लें... इतना सामान उठा कर बाहर जाना है क्या"

"हां कर लेते हैं" विवेक का इतना बोलना ही था कि उसकी कनपटी पर एक थप्पड़ पड़ा. वो भोचक्का हो कर पीछे घूमा तो किसी ने उसको ज़ोर से अपने गले से लगा लिया

"साले इतने टाइम बाद आया है और बताया भी नहीं. आदमी है कि कुत्ता. ना कोई खबर, ना कुछ.. आंटी से पता चला कि तू आज आ रहा है तो मैने कहा तुझे स्टेशन से ही उड़ा ले चलूं.. साले सच बता.. एक भी बार याद नही आई मेरी"

"कैसी बात करता है दिलजीत.. ऐसा हो सकता है कि तेरी याद ना आए. लेकिन कमिटमेंट भी तो कोई चीज़ होती हा ना. अभी पढ़ाई करने गया था तो पूरी तरह से पढ़ाई ही करी"

"हां हां मेरे दबंग के सलमान.. तू और तेरी कमिटमेंट.. यहाँ तो कोई पढ़ाई करी नही.. वहाँ जा कर बड़ा गोबर में तीर मारा होगा...चल जीप ले कर आया हूँ. मस्त बियर पीएँगे... यारों से मिलेंगे.. फिर घर ले चलता हूँ"

"यार पहले घर चलते हैं..." झिझकते हुए विवेक ने कहा और फिर बोला "अभी मेरे साथ कोई और भी है" उसने दिया कि तरफ इशारा करते हुए कहा..

"कौन है... तेरी गर्ल फ्रेंड?" दिलजीत ने दिया की ओर देखते हुए पूछा

"नहीं..."

"तो फिर तो तुझे ऐतराज़ नहीं होना चाहिए आजा मैं थोड़ी लाइन मार लूँ इस पर तो" दिलजीत विवेक को एक तरफ धकेल के दिया की ओर बढ़ गया. "हेलो. माइसेल्फ दिलजीत सिंग. फ्रेंडशिप वित विवेक आंड यू ऑल्सो सो थॉट आइ वित यू हाउ आर"

"क्या मतलब..." दिया ने हैरानी से पूछा

"अर्रे पहले बताना था ना कि अँग्रेज़ी नही आती. मैने तो सोचा कि विदेश से हो तो अँग्रेज़ी आती होगी.. वैसे मेरा नाम दिलजीत सिंग है. विवेक का बहुत अच्छा दोस्त हूँ. आपका नाम क्या है और आप कैसी है ?"

"हेलो दिलजीत.. तुम्हारे किस्से सुन सुन कर ऐसा लगता है जैसे तुम्हें बहुत अच्छी तरह से जानती हूँ.. बहुत बताता है विवेक तुम्हारे बारे में.."

"वाह.. इसे कहते हैं दोस्त.. पहले से ही मेरी सेट्टिंग करवा के रखी है.." दिलजीत बोला तो दिया के चेहरे पर फिर से कंफ्यूजन आ गयी.."वैसे आपका नाम क्या है.."

"दिया इनसे मिलो.. मेरे बचपन का दोस्त दिलजीत. और दिलजीत इनसे मिलो.. दिया.. मेरी बीवी"

"ओ तेरी.. तूने शादी कर ली... साले अभी कह रहा था कि पढ़ाई की तरफ कमिटेड था.. अभी यह नज़ारा दिखा रहा है.. तेरे को तो चप्पलो से मार मार कर साले ज़मीन में गाढ देना चाहिए" गुस्से में दिलजीत बोला

"अर्रे नहीं यार.. तू नहीं समझेगा.. थोड़ा बड़ा किस्सा है... आराम से समझाऊंगा"

"क्या प्रेग्नेंट तो नही कर दिया था"

"अबे चुप कर यार... चल समान उठवा और गाड़ी तक ले कर चल... आते ही बक बक शुरू हो गयी तेरी..."

"वाह.. जाने से पहले जो शब्द तुझे हीरे से तराशे हुए लगते थे वो अब बक बक हो गयी... देख लो भाभी जी.. कितना बदल दिया है आपने विवेक को..."

"अर्रे डोंट कॉल मी भाभी... दिया ही बुलाओ.. और कुछ नहीं बदला है विवेक.. पूरे एक साल से लोगों का दिमाग़ खा रहा है तो अब इसको अजीब लग रहा है.."

"चलो जी बातें तो होती रहेंगी.. आओ आपको घर तक पहुँचा दे पहले" कहता हुआ दिलजीत पीछे मुड़ा.. "ओ कुली.. हां यह समान है.. पार्किंग में जीप खड़ी है उसमें डालना है..."

"५० रुपये होगा साहब"

"अबे ५० रुपये किस बात के? तेरी फूफी की शादी का शगुन माँग रहा है क्या... २० रुपये दूँगा..."

"नहीं साहब २० रुपये में कैसे होगा.. पुल के उपर से जाना पड़ेगा"

"अर्रे पता हैं पुल के उपर से जाना पड़ेगा.. यहीं के हैं हम... हमारे से ही सारी कमाई करेगा क्या.. चल उठा इसको.. २० रुपये मिलेंगे"

"नहीं साहब २० रुपये में तो नही होगा..."

"चल फिर तू निकल.. मैं ही उठा लूँगा" दिलजीत ने कहा

थोड़ा समान दिलजीत ने उठाया और थोड़ा विवेक ने उठा लिया.. दिया के लाख कहने पर भी दिलजीत ने उसको किसी समान को हाथ नही लगाने दिया. किसी तरह से खिचते पीट-ते वो लोग जीप तक पहुँचे और सामान उसमें रखा

"अबे इतनी मेहनत करने से तो अच्छा उसको ५० रुपये दे ही देते.."

"अबे बेईमानी की कमाई माँग रहा है वो... २० रुपये भी ज़्यादा थे.. ." फिर दिया की तरफ मूड कर बोला.. "भाभी जी.. आइ मीन दिया जी आप आगे बैठेंगी मेरे साथ, यहाँ पीछे बैठेंगी विवेक के साथ या अकेले पीछे बैठना पसंद करेंगी?"

"कुछ भी चलेगा दिलजीत जी..."

"ऐसा तो कोई ऑप्शन नही है... ऐसा कर विवेक तुम दोनो पीछे बैठ जाओ.. मैं एक साल अकेला रह लिया हूँ.. अब १५ किमी और सही..."

"अर्रे नही नही.. आप दोनो आगे बैठ जाओ.. मुझे कोई परेशानी नही है पीछे बैठने में.." दिलजीत के मन की बात समझते हुए दिया ने बोल दिया

"अच्छा अगर आप ज़ोर दे रहीं है तो ठीक है वरना मैं तो अकेला भी ठीक ही हूँ" मन ही मन खुश होते हुए दिलजीत बोला. वो तीनो जीप में बैठे और विवेक के घर की तरफ निकल पड़े.

पूरे रास्ते विवेक से बात करने की बजाय दिलजीत दिया को सारी जगहों के बारे में बताता रहा.. घर जाने की बजाए वो कभी गन्ने का जूस पीने जाते तो कभी खेतों में जा कर मूलियाँ निकाल के खाने लगते. कभी नहर पे जाते तो कभी किसी ढाबे पे जाते. फिर दिलजीत ने गाड़ी कॉलेज की तरफ मोड़ ली. "दिया जी अब आपको दिखाता हूँ यहाँ का सबसे बढ़िया कॉलेज... यहाँ के टीचर अभी भी विवेक के नाम से काँपते हैं.."

"यार दिलजीत बस कर.. कल देख लेंगे.. घर ले जा अभी.. बहुत टाइम हो गया.. मम्मी पापा परेशान हो रहे होंगे.."

"अबे घंटा परेशान हो रहे होंगे.. अजीब बातें मत कर... अभी फोन कर देते हैं और बोल देते हैं कि थोड़ा लेट हो जाएँगे" कहते हुए उसने अपना फोन उठाया और विवेक के घर का नंबर मिला दिया. काफ़ी रिंग्स जाने पर भी जब किसी ने फोन नही उठाया, तो उसने विवेक के पापा के मोबाइल पे लगाया लेकिन वहाँ भी किसी ने नही उठाया. "चल घर ही चलते हैं पहले" कहते हुए उसने जीप मोड़ ली.

"क्या हुआ कोई फोन नही उठाया क्या..." विवेक ने पूछा

"हां.. रिंग बजती रही.. शायद बिज़ी है किसी काम में"

"थोड़ा जल्दी कर यार..." विवेक को किसी अनहोनी की आशंका होने लगी थी.

"अबे ८० से तेज़ क्या चलाऊ... हवाई जहाज़ में नही बैठा.. पहुँच जाएँगे १० मिनट में" दिलजीत ने इरिटेट हो कर कहा. थोड़ी दूर चलते ही उन्हे आसमान में धुए के बादल बनते हुए दिखे. यह देख दिलजीत ने गाड़ी और तेज़ भगाने की कोशिश करी. आखरी मोड़ जब

लिया तो सामने का नज़ारे देख कर वो लोग दंग रह गये. घर आग की लपटों से घिरा हुआ था. और जल रहा था. विवेक जल्दी से जीप से बाहर निकला और जलते हुए घर में घुस गया. अंदर केवल आग ही आग थी. विवेक को कुछ ढंग से दिखाई नही दे रहा था लेकिन वो फिर भी अंदर घुसे चला जा रहा था अपने माँ बाप को बचाने के लिए. तभी आग किसी तरह से गॅस के सिलिंडर तक पहुँच गयी और एक ज़ोरदार धमाका हुआ. विवेक उड़ता हुआ खिड़की से बाहर आ गिरा. उसका सारा शरीर जल रहा था और वो दर्द में चीखे मार रहा था.

# २४

"पूजा.. पूजा क्या हुआ...इतना चीख क्यूँ रही हो..." प्रतिक पूजा के चीखने की आवाज़ सुनकर उसके रूम में गया और उसको जगाने की कोशिश करने लगा... पूजा की नींद खुली. उसकी आँखें बिल्कुल नम थी

"फिर वोही सपना प्रतिक... हो ना हो विवेक के साथ कोई अनहोनी होने वाली है... हमे कुछ करना पड़ेगा"

"पूजा कम ऑन.. वो सपना था.. सिर्फ़ एक सपना... कुछ नही हुआ है किसी को..."

"प्रतिक आज फिर मुझे वही सपना आया है... ज़रूर इसका कोई ना कोई मतलब है..."

"सपनो के मतलब नही होते पूजा... क्यूँ अपना दिमाग़ खराब कर रही हो..."

"प्रतिक तुम मानो या ना मानो... पिछला एक्सीडेंट भी मैने सपनों में देखा था लेकिन उसको रोक नही पाई.. इस बार में यह हादसा होने से पक्का रोकूंगी... हमे किसी भी तरह से विवेक को काँटॅक्ट करना पड़ेगा"

"नहीं कर सकते पूजा... इतनी आबादी वाली दुनिया में विवेक का काँटॅक्ट नंबर कैसे पूछेंगे..."

"चंद्रशेखर को मैल करो... प्रतिक प्लीज़ चंद्रशेखर को मैल करो... यह हादसा विवेक के घर में होने वाला है... हमे जल्द से जल्द वहाँ पहुँचना होगा... उससे विवेक का अड्रेस माँगो प्रतिक..."

"पूजा अभी सो जाओ.. रात बहुत हो गयी है.. सुबह उठ कर देखेंगे.." प्रतिक ने सोचा कि बुरा सपना है.. सुबह तक पूजा शांत हो जाएगी.. इसलिए ऐसा कह दिया

"मुझे पता है तुम क्या सोच रहे हो प्रतिक.. ठीक है तुम जा कर सो जाओ.. मैं खुद ही ईमेल करती हूँ चंद्रशेखर को"

"जो करना है करो.. तुम्हें तो कुछ समझाना ही बेकार है.." प्रतिक ने कहा और अपने रूम में चला गया सोने को.. यहाँ पूजा ने अपना लॅपटॉप निकाला और चंद्रशेखर को मैल लिखने लगी

# २५

विवेक रात में हड़बड़ा के उठा. उसने देखा तो उसका हाथ जला हुआ था जो देखते ही देखते ठीक हो गया. पसीने से उसका बुरा हाल था और वो हाँफ रहा था. दिया भी उसके इस अचानक हड़बड़ा के उठने के कारण उठ गयी.

"क्या हुआ विवेक"

"कुछ नही दिया.. तुम सो जाओ.. बुरा सपना था. मैं पानी पी कर आया" विवेक ने उससे दिलासा दिया. विवेक ने अभी तक उसको यह बताया नही था कि वो ख्वाबों में दूसरी जगहों पे जाता है. उसने सोचा कि ऐसे ही वो परेशान होगी. लेकिन सच तो यह था कि विवेक अब परेशान रहने लगा था. हालाँकि उससे पता था कि यह सब सपने हैं, फिर भी जागने के बाद उन सपनों के निशान अपने उपर पा कर वो बहुत ही विचलित होता था. पिछले २-३ दिनों से वो इसी कारण से थोड़ा गुमसुम रहने लगा था और दिया सोच रही थी कि वो शादी को ले कर चिंतित है. लेकिन विवेक के आश्वासन दिलाने पर कि यह शादी के कारण नही, ऐसे ही मूड स्विंग है, उसने कुछ नही कहा. लेकिन उससे पता था कि कोई चीज़ तो है जो विवेक को अंदर ही अंदर खाए जा रही है.

उधर विवेक पानी पीने गया और गहरी सोच में डूब गया. था तो यह एक सपना ही, पर उससे अपने घर वालों की चिंता होने लगी थी. पिछले एक साल से उसने उनकी कोई खबर नही ली थी. क्या पता उस जीव ने विवेक के घर पर भी धावा बोल दिया हो?? बिस्तर पर वापस आकर वो यह ही सोचने लगा कि उसको एक बार अपने घरवालों से मिलने ज़रूर जाना चाहिए. इस में रिस्क तो बड़ा था लेकिन अपने पेरेंट्स से मिलने की आग अब उसके अंदर लग गयी थी. सारी रात वो करवटें ही बदलता रहा कि कैसे दिया से यह बात चलाए... सच तो यह था कि दिया भी अपने पेरेंट्स से इतने टाइम से दूर रही है.. उसको अजीब तो नही लगेगा कि इसको मेरी फॅमिली की चिंता नही है... ऐसे कई सवाल विवेक के दिल में खलबली मचाते रहे. पूरी रात वो एक सेकेंड भी सो नही सका. बस छत को घूरता रहा और सोचता रहा कि दिया से यह बात कैसे चलाई जाए.

अगली सुबह फिर विवेक को विचलित देख कर दिया का मन डूब गया. आज उसने ठान ही ली कि जो बात है वो पता कर के ही रहेगी. वो नाश्ता बनाते ही विवेक के पास पहुँच गयी और नाश्ते की प्लेट को टेबल पर धम्म से मारा. विवेक सोच में डूबा हुआ था और आवाज़

से अचानक चौक गया. दिया का बिगड़ा मूड होने के कारण उसने अपनी बात टालने की सोची.

"विवेक क्या तुम्हें लगता है कि हम ने शादी कर के कोई भूल करी?"

"अर्रे दिया तुम क्या वोही बात ले कर बैठ गयी.."

"सच सच बताओ विवेक.. अगर कोई और है तुम्हारी ज़िंदगी में तो बोल दो... मुझे अच्छा नही लगता जब तुम ऐसे चुप चाप बैठे रहते हो और सोचते रहते हो किसी और के बारे में"

"अर्रे मैं किसी और के बारे में क्यूँ सोचने लगा दिया... कितने लोगों से मिलता हूँ मैं यहाँ... कितनी लड़कियों से बात करते हुए देखा है तुमने मुझे?"

"हर किसी कस्टमर के साथ तो फ्लर्ट करते हो... क्या पता किसी ने कोई सिग्नल दे दिया हो"

"दिया... दिया.... कैसी बातें सोच रही हो सुबह सुबह... अर्रे मैने जिससे प्यार किया, उसके साथ हूँ.. यह तुम भी जानती हो और मैं भी... अब मुझे क्या किसी पागल कुत्ते ने काटा है जो फिर किसी और मुसीबत को गले लगा लूँ" हँसते हुए विवेक ने कहा

"मज़ाक मत करो विवेक और सच सच बताओ कि तुम्हें क्या चीज़ अंदर ही अंदर खाए जा रही है"

"यह अच्छा मौका है विवेक, लगा दे चौका" विवेक ने सोचा और कहा "यार तुमसे कोई चीज़ छुपाना मुझे बिल्कुल भी गवारा नहीं है... आज तक ऐसा कुछ हुआ है के मैने तुमसे छुपाया हो... यहाँ तक कि जब कॉन्स्टिपेशन हुई थी तब भी तुम्हें बता दिया था.."

"विवेक फालतू की बात मत कर और बता जो मैने पूछा है" गुस्से में दिया ने फोर्क उसके उपर तानते हुए बोला

"अर्रे रुक जा मेरी बॅनडिट क्वीन. बताता हूँ बताता हूँ.. गुस्से में तुम बहुत क्यूट लगती हो" उसका इतना कहना ही था कि दिया ने वो फोर्क उठा कर उसकी हथेली में घुसा दिया.." आआहह.. अबे ठीक हो जाता है लेकिन दर्द होता है" उसने दर्द से चीखते हुए कहा

"इससे पहले में यह दूसरा फोर्क तुम्हारी आँख में घुसा दूं, बता दो मुझे" दिया ने दूसरा फोर्क उठाते हुए कहा

"मुझे मम्मी दादी से मिलने का दिल कर रहा था बहुत दिनों से... उनकी कोई खबर नही है ... तुम्हें ठीक लगता है तो उनसे मिलने चल सकते हैं, नहीं तो कोई प्राब्लम नही है.. मैं यहीं पड़ा रहूँगा.. चल पड़ते एक बार तो ठीक था लेकिन मुझे पता है कि इसमें सिर्फ़ हमारी जान को ही नहीं, दुनिया को भी ख़तरा है.. इसलिए अगर तुम ना कह दो तो भी कोई प्राब्लम नही है" किसी तरह से विवेक ने एक ही साँस में सब कुछ बोल दिया.

उसकी शकल देख कर दिया की हसी नही रुकी और वो खिलखिला कर हँसने लगी. "बस इतनी सी बात थी विवेक.. तुमने पहले क्यूँ नही बताया..."

"तो हम जा सकते हैं मतलब.. मैं टिकेट्स करता हूँ" वो खुशी में उठने को हुआ

"ऐसा तो नहीं कहा मैने विवेक" हताश हो कर वो वापस चेयर में धँस गया. "लेकिन प्लान बुरा नही है. इसी बहाने मैं भी उन से मिल लूँगी. हो सके तो मेरे घरवालों से मिलने का भी प्लान बनाते हैं" थोड़ी एक्साइट्मेंट में दिया ने बोला

"हां हां ज़रूर.. मुझे नही लगता कि अब कोई जीव-वीव आने वाला है.. शायद वो डर के भाग गया पहली मुलाक़ात से ही."

"चलो मैं चंद्रशेखर को मैल भेजती हूँ अपने प्लॅन्स के बारे में.. शायद वो मेरे पेरेंट्स का अड्रेस भी बता दे..."

"रूको..." विवेक ने तेज़ी से कंप्यूटर की तरफ जाती हुई दिया को टोकते हुए कहा "चंद्रशेखर को क्यूँ बताना है? वो बुड्ढा हमे इंडिया भी नही जाने देगा..."

"विवेक लेकिन वो ही तो है जो मुझे मम्मी पापा का पता बता सकते हैं."

"प्लीज दिया प्लीज.. वैसे भी जहाँ हम जा रहे हैं, वहाँ पे इंटरनेट होगा. वहाँ से कर लेंगे चंद्रशेखर को ईमेल"

"ठीक है विवेक जैसा तुम समझो. लेकिन मुझे लगता है कि हमे यह बात चंद्रशेखर को बता देनी चाहिए.. कुछ प्राब्लम हो गयी तो..."

"अर्रे कोई प्रॉब्लम हो गयी तो देख लेंगे.. वो घंटा कुछ कर सकता है"

"अच्छा अच्छा ठीक है.. नही बता रही" विवेक को गुस्से में आते देख दिया ने फटाफट बोल दिया. पर उसने मन ही मन यह प्लान कर लिया था कि घर से निकलने से पहले वो चंद्रशेखर को मैल ज़रूर डाल देगी.

# २६

उसी समय पूजा के गुस्से की कोई सीमा नही थी. चंद्रशेखर ने उससे विवेक के घर का अड्रेस नही भेजा था. अड्रेस भेजना तो दूर, उसने उनकी एक भी मैल का रिप्लाइ भी नही किया था. पूजा के २-३ मैल में समझाने के बावजूद के उसके सपने सच हो रहे हैं, चंद्रशेखर ने कोई रिप्लाइ नही दिया. उनके प्रति उसका ऐसा व्यवहार पूजा को अच्छा नही लग रहा था.

"क्या हुआ पूजा.. छोड़ो ना अब इस बात को.. नही तो नही.. शायद किस्मत में यही लिखा है"

"किस्मत में कुछ नही होता प्रतिक. मैं अपनी किस्मत खुद लिखने में विश्वास करती हूँ. और मैं इस बात की जड़ तक पहुँच के रहूंगी.. कोई ना कोई कारण तो है ना कि मुझे यह ही सपना आता है.. और भी तो दुनिया में लाखों लोग मरते हैं, उनका तो सपना नही आता... इसका ही क्यूँ.. क्यूंकी मैं इसको चेंज कर सकती हूँ.. और मैं चेंज कर के रहूंगी"

"जो करना है तुमने करो.. चंद्रशेखर ने मदद करी नही है.. कहाँ से लाओगी अब अड्रेस... सपने में ही आएगा क्या वो भी..."

"अर्रे सही आइडिया दिया... आज रात को मुझे वो स्टेशन और विवेक के कॉलेज के नाम की तरफ अच्छी तरह से ध्यान देना होगा... शायद कुछ बात बन जाए"

"पूजा तुम सच में थोड़ा सनकी जैसे बात कर रही हो..."

"कोई और यह कहे तो फिर भी ठीक लगता है प्रतिक.. लेकिन जब एक उड़ने वाला इंसान ऐसी बात कहे, तो हँसने का दिल करता है... अच्छा गुड नाइट.. कल सुबह मिलते हैं" कहते हुए पूजा अपने कमरे में चली गयी

"पूजा तुम्हें ऐसा क्यूँ लगता है कि दुनिया को बचाने का ठेका सिर्फ़ तुमने ही लिया हुआ है. क्यूँ हर किसी के काम में अपनी टाँग अड़ाती हो"

"प्रतिक तुम बात को समझते क्यूँ नही"

"क्या है समझने लायक इस बात में.. बस एक ख्वाब के ज़रिए तुम किसी के घर पहुँच के क्या बोलोगि उनको?? तुम समझने की कोशिश करो. वो सिर्फ़ एक सपना था. सिर्फ़ एक सपना"

"प्रतिक अगर वो सिर्फ़ सपना होता तो मुझे कैसे पता चलता कि उस नाम का कॉलेज उस शहर में है ..."

"पूजा हो सकता है तुमने वो कॉलेज का नाम कहीं पे पढ़ा हो. इसलिए वो तुम्हारे सपने में आया" प्रतिक ने सपने शब्द पर ज़्यादा स्ट्रेस देते हुए कहा. "और तुम साबित क्या करना चाहती हो?? तुम अब फ्यूचर देख सकती हो?? सिर्फ़ शराब के नशे में तुमने एक आदमी का एक्सीडेंट होते देख लिया और उस हालत में सोच लिया कि तुमने यह हादसा होते हुए सपने में पहले भी देखा है, तो यह शराब का असर है - किसी पॉवर का नही" आपा खोते हुए प्रतिक पूजा पर बरस पड़ा. उसका सच में पूजा की इन बातों से बहुत दिमाग़ खराब हो रहा था.

"प्रतिक एक बार सोच के देखो.. क्या जाएगा हमारा अगर एक बार चेक कर लिया हम ने तो.. कोई नुकसान तो नही होगा ना. मुझे यकीन है कि हम एक अनहोनी को टाल सकते हैं.. तुम्हारे पर्स्पेक्टिव से भी सोचा जाए तो अगर १% भी चान्स है किसी को बचाने का तो क्यूँ ना लिया जाए वो?" पूजा ने ऐसा कहा तो प्रतिक सोच में पड़ गया. सच में नुकसान तो नही था कोई चेक करने में. "वैसे भी मैने २ टिकेट बुक कर लिए हैं. ४ घंटे बाद की फ्लाइट है. जल्दी से थोड़ी पॅकिंग कर लो. थोड़ी देर में हमे निकलना है"

"ठीक है पूजा. चलते है हम. पर यह आख़िरी बार होगा जब तुम्हारे किसी सपने की वजह से मैं अपनी ज़िंदगी में खलल डाल रहा हूँ. ध्यान रखना इस बात का"

"ओह्ह थँक यू प्रतिक" कहते हुए पूजा उससे लिपट गयी " आइ प्रॉमिस आज के बाद कभी ऐसी किसी बात के लिए तंग नही करूँगी"

थोड़े समय बाद दोनो तैयार थे. उनके हाथ में एक एक ओवरनाइट बॅग था. उनका प्लान वहाँ ज़्यादा दिन रुकने का नही था. प्लान बस इतना था कि एक बार विवेक के घर जाएँगे.

वहाँ उसके पेरेंट्स से थोड़ा टाइम बात करेंगे और वापस निकल लेंगे. अगर रात ज़्यादा हो गयी होगी तो वहीं किसी होटेल में रुक के, नेक्स्ट डे की फ्लाइट पक्कड़ लेंगे.

"आइ रियली कँट बिलीव आइ म डूयिंग दिस पूजा"

"अब रोना बंद करो प्रतिक. दो दिन काम पे नही जाओगे तो कोई पहाड़ नही टूट पड़ेगा" टॅक्सी में बैठ ते हुए पूजा ने प्रतिक से कहा.

"बात काम की नही है पूजा. बात है पागलपन की. बिना किसी कारण के हमे ऐसे ही इतने पैसे बर्बाद कर के एक अंजान जगह पर जाना पड़ रहा है"

"तुम्हें पैसों की क्यूँ चिंता है प्रतिक.. टिकेट्स तो मैने अपने पैसों से लिए हैं... पैसों की चिंता मुझे करने दो"

"हां हां.. तुम ही करो पैसों की चिंता. ख़तम हो गये तो एक और डाका डाल लेना. मुझे क्या पड़ी है" प्रतिक ने दूसरी तरफ मूह घुमा कर कहा

"प्रतिक प्लीज़ डोंट स्टार्ट अगेन. इस टॉपिक को यहीं छोड़ दो" अभी पूजा के मूह से यह शब्द निकले ही थे कि एक ट्रक आ कर टॅक्सी से भिड़ गया.

एक्सीडेंट ज़ोर का था और टॅक्सी कलाबाज़ियाँ खाते हुए दूर जा गिरी और उल्टी हो गयी. थोड़ी देर बाद पूजा को होश आया तो उसने अपने आप को बंद टॅक्सी में पाया. प्रतिक भी उसके पास ही था पर बेहोश था. उसके शरीर से काफ़ी खून बह रहा था. पूजा ने अपनी साइड वाले दरवाज़े को अपनी पॉवर से उखाड़ लिया और रेंग कर बाहर हो गयी. उसने अपने हाथ पैर चेक किए तो कहीं कोई भी हड्डी टूटी हुई नही लगी उसको. उसने प्रतिक को भी खीच के बाहर निकाला. प्रतिक को बाहर निकालते ही उसकी मौत हो गयी.वो एक अजीब सी दुविधा में पड़ गयी. उसको अपने सामने २ ऑप्शन्स दिख रहे थे. अगर वो यहाँ रुकती है और प्रतिक के साथ रहती है, तो पक्का उसकी फ्लाइट मिस हो जाएगी. दूसरी ओर अगर वो अभी यहाँ से निकल कर एयरपोर्ट चली जाती है, तो शायद विवेक और उसके खानदान को बचा पाए. वो यह सोच ही रही थी कि उसको एक गाड़ी आने की आवाज़ सुनाई दी. उसने लिफ्ट माँगने के लिए अपना हाथ आगे किया लेकिन गाड़ी नही

रुकी. लेकिन पूजा ने अपना मन बना लिया था के वो सीधा एयरपोर्ट ही जाएगी. वो अपनी पॉवर से गाड़ी को उठा कर वापिस पीछे लाई और उसमें बैठे आदमी को निकाल के बाहर किया. वो हैरत से पूजा की तरफ देख रहा था क्यूंकी उसको यकीन नही हो रहा था कि किसी के पास इतनी पॉवर हो सकती हैं. पूजा ने अपना बॅग उठाया और उसकी गाड़ी में बैठ गयी, उससे सॉरी बोला और धम्म से गाड़ी उसके उपर चढ़ा दी. हमेशा की तरह, आज भी पूजा का पीछे किसी को ज़िंदा छोड़ने का मूड नही था. फिर उसने गाड़ी उसने एयरपोर्ट की तरफ भगा दी.

# २७

"तुमने आज से पहले कभी ट्रेन में सफ़र किया था दिया?" ट्रेन में बैठे विवेक ने दिया से पूछा

"ओफ़फकौर्स किया है.. मैं किसी दूसरे प्लॅनेट से थोड़ा आई हूँ.."

"कभी इंडियन ट्रेन में सफ़र किया है?"

"ना.. पहली बार है.."

"इसलिए मैने एसी का टिकेट नही लिया था. एसी में वो मज़ा कहाँ जो खुली खिड़की के कॉमपार्टमेंट में है. देखो देश की मिट्टी की कितनी अच्छी सुगंध आ रही है. कितना सुंदर नज़ारा दिख रहा है"

"खाख अच्छी सुगंध आ रही है. मुझे तो बहुत बदबू आ रही है. उपर से एंजिन के इतनी पास की बुगी मिली है कि उसका धुआँ भी सीधा अंदर जा रहा है शरीर के" चिड़ते हुए दिया बोली

"यही होता है मेडम महलों में रहने का नतीजा. तुम लोग छोटी छोटी खुशियों से महरूम रह जाते हो. अपने देश और अपनी मिट्टी की खुशबू क्या होती मुझसे पूछो. एक साल ही यहाँ से दूर रहा हूँ लेकिन फिर भी ऐसा लगता है जैसे पता नही कब से यहाँ के लिए तरस रहा हूँ" अब देश और मिट्टी की बात सुनकर बगल की सीट पर बैठे २ फ़ौजी भाइयों को भी थोड़ा जोश चढ़ा. वो भी कॉन्वर्सेशन के बीच में कूद पड़े और इधर उधर की बातें करने लगे. इसी टाइम पास में वक्त कैसे बीत गया, किसी को अंदाज़ा ही नही हुआ, और उनका वाला स्टेशन आ गया.

"तो दिया.. यह है मेरा शहर. तुम्हारे शहर के सामने बहुत ही छोटा है... पर यहाँ पे लोगों के दिल बहुत बड़े हैं... सभी देखना कैसे तुम्हें अपना बना के रखेंगे." ट्रेन से समान प्लॅटफॉर्म पर रख कर विवेक ने दिया से कहा.

"वो तो ठीक है पर एक कूली कर लें... इतना सामान उठा कर बाहर जाना है क्या"

"हां कर लेते हैं" विवेक का इतना बोलना ही था कि उसकी कनपटी पर एक थप्पड़ पड़ा. वो भोचक्का हो कर पीछे घूमा तो कोई उसको ज़ोर से अपने गले से लगा लिया

"साले इतने टाइम बाद आया है और बताया भी नहीं. आदमी है कि कुत्ता. ना कोई खबर, ना कुछ.. आंटी से पता चला कि तू आज आ रहा है तो मैने कहा तुझे स्टेशन से ही उड़ा ले चलूं.. साले सच बता.. एक भी बार याद नही आई मेरी"

# २८

"क्या कर रहे हो चंद्रशेखर" चंद्रशेखर के गले में बाहे डालते हुए अरुणा ने पूछा

"अपनी तबाह हुई लॅब्रेटरी के लॉग्स लगभग ठीक कर ही लिए हैं मैने. बस थोड़ी सी मेहनत और करूँगा तो पता चल जाएगा कि उस केज का दरवाज़ा किस ने खोला था." चंद्रशेखर ने आन्सर दिया

" क्या तुम अभी तक उसी बात पे अटके हुए हो चंद्रशेखर... गेट ओवर इट"

"इतना आसान नही है अरुणा. मुझे पता करना है कि वो जीव को किसने प्रोग्राम किया था और किसने उसकी केज खोली थी. इतने सालों से मैं उसपे काम कर रहा था. कभी भी उसने ऐसी कोई हरकत नही करी थी. और कैसे ही मैने उसमें वो चिप फिट किया, ताकि उसको कंट्रोल कर सकूँ, कुछ ही दिनों में यह हादसा हो गया. मुझे यह नॅचुरल नही लगता"

"ग्रो अप चंद्रशेखर. तुम्हारी एक ज़िद के पीछे कितनी कठिनाइयाँ उठानी पड़ी है हम को तुम्हें पता है ना. एक तो तुमने पहले सबके मना करने के बावजूद एक एक्सट्रा जीव बनाया. उपर से उसको नॉर्मल आदमियों की तरह रखने की बजाए तुम उस पर तरह तरह के एक्सपेरिमेंट करते रहे. पता नही क्या क्या इंजेक्ट करते रहे उसके अंदर. जब वो निकल के किसी तरह से भाग गया, तो तुम्हें यह भी गवारा नही हुआ. अब जब तुम्हें उसे नष्ट करे हुए एक साल से उपर हो चुका है, तब भी तुम उस की ही याद में डूबे हुए हो."

"तुम नही समझोगी अरुणा. मेरे बरसों की मेहनत को जब मैने अपने हाथों से नष्ट किया तो कितना दुख हुआ, यह मैं ही जानता हूँ. कितने अरमान मैने पाले थे कि इस दुनिया में किसी को बीमारी नही हो, ऐसा कोई क्यूर बनाऊंगा. मैने लगभग एक पर्फेक्ट सँपल तैयार कर ही लिया था. उसके उपर थोड़े से एक्सपेरिमेंट हम और करते तो मुझे यकीन है कि हम बहुत सारी बीमारियों का इलाज ढूँढ सकते थे. यह दुनिया और अच्छी जगह हो सकती थी रहने के लिए. मुझे पूरा यकीन है कि वो जीव अपने आप वहाँ से नही निकला, उसे किसी ने वहाँ से भगाया था"

"जो हुआ वो हुआ चंद्रशेखर. तुम यह मत सोचो कि तुमने क्या खोया है. यह देखो कि तुमने क्या पाया है. उस ज़िंदगी से तुम्हें छुटकारा मिल गया. देखो कितनी खुशी से हम यहाँ रह

रहे हैं. पर तुम हो कि अभी भी उन चार लोगों पर निगरानी रखे हुए हो अपने ट्रॅकर्स के ज़रिए. उन्हे सच क्यूँ नही बता देते.. क्यूँ उनकी ज़िंदगी भी तुमने खराब करी हुई है... क्यूँ उनको भी किसी के प्यार से वंचित किया हुआ है"

"क्यूंकी मुझे लगता है कि उनकी पॉवर पूरी तरह से डेवेलप नही हुई हैं. मैं देखना चाहता हूँ कि वो क्या क्या कर सकते हैं और उनकी पॉवर इवॉल्व होती हैं कि नहीं"

"चंद्रशेखर कभी तो हमारे बारे में भी सोचा करो. क्यूँ अपनी ज़िंदगी पर ठोकर मार रहे हो. क्या तुम्हें आराम से जीने का कोई हक नही है??" बोलते बोलते अरुणा ने नोट किया कि चंद्रशेखर बहुत ही हैरानी से स्क्रीन की तरफ देख रहा है.

"यह.. यह... यह नही हो सकता...." गुस्से में उसने अरुणा की तरफ घूरते हुए कहा "अरुणा.. उस जीव को तुमने आज़ाद किया था ?"

"तुम पागल हो गये हो क्या चंद्रशेखर.. ऐसा क्यूँ बोल रहे हो तुम" थोड़ा हिचकिचाते हुए अरुणा ने बोला.

"ऐसा बोल रहा हूँ क्यूंकी ऐसा लोग्स में दिख रहा है. सॉफ पता चल रहा है कि केज को खोलने के लिए तुमने अपने फोन से कमँड दिया था"

"ऐसा कुछ नही हुआ था चंद्रशेखर"

".. यहाँ यह भी दिखाया जा रहा है कि आर१००६८५ का लास्ट आक्सेस भी तुमने किया था...... यह कैसे हुआ अरुणा.... मैने तो आने से पहले पासवर्ड चेंज किया था और तुम्हें नया पासवर्ड नही बताया था"

"ग़लत बता रहे हैं लोग्स तुम्हारे चंद्रशेखर" अरुणा चीखते हुए बोली. "क्या तुम सोच सकते हो कि मैं कुछ ऐसा करूँगी जिससे हमारे रिश्ते में कोई दरार पड़े..."

"तुमने कई बार आर१००६८५ को आक्सेस किया है कुछ ना कुछ करने के लिए.. तुमने कभी मुझे बताया क्यूँ नही यह सब... लगता है मुझे और गंभीरता से इसकी छानबीन करनी

पड़ेगी" चंद्रशेखर ने अरुणा की बातों को बिल्कुल अनसुना करते हुए बोला. "पर तुम ऐसा कैसे कर सकती हो... तुम मुझसे प्यार करती हो... तुम मेरा बुरा कैसे सोच सकती हो..." चंद्रशेखर बड़बड़ाने लगा. यह इन्फर्मेशन उसके लिए सच में बहुत ही अनैपेक्टेड थी और उसका दिमाग़ काम करना बिल्कुल बंद कर चुका था.

"मैने ऐसा कुछ नही किया चंद्रशेखर. तुम मेरी बात मानते क्यूँ नही..." अरुणा गिडगिडाते हुए बोली

"हर बार का आक्सेस तुम्हारे फोन से हुआ है... वाय्स पासवर्ड दिया है तुमने ऑतेनटिकेशन के लिए... मतलब कोई और नही हो सकता... तुमने ऐसा क्यूँ किया अरुणा... क्या बिगाड़ा था मैने तुम्हारा..." अरुणा की एक ना सुनते हुए चंद्रशेखर ने यह सवाल अरुणा से पूछा. उसको कितना दर्द हो रहा था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता था कि उसकी आँखें नम थी. जिन आँखों ने अपना सपना टूट-ते हुए देखा था, अपनी सारी मेहनत को नाश होते हुए देखा था और फिर भी एक बूँद नही बहाई थी, आज वो इस विश्वासघात से नम हो गयी थी. आज चंद्रशेखर को सच में एहसास हो रहा था कि उसका सपना चूर हुआ है और लग रहा था जैसे उस चूर हुए सपने का हर एक ज़र्रा काँटे की तरह उसके दिल में घुस रहा है - धीरे धीरे, दर्द देते हुए. इतना ठगा चंद्रशेखर ने कभी अपने आप को महसूस नही किया था. "क्यूँ अरुणा क्यूँ.... क्यूँ किया तुमने ऐसा..."

अरुणा को पता चल चुका था कि अब बहाना बनाने से कुछ नही होगा. उस ने सच बोलने में ही ख़ैरियत समझी. चंद्रशेखर के पास बैठ कर और उसके हाथों को अपने हाथों में पकड़ कर वो उसे सारी बातें बताना शुरू कर दी, "चंद्रशेखर मेरी माँ मुझे जनम देते वक़्त चल बसी थी. मेरे बाप ने मुझे इसका ज़िम्मेदार माना और मुझे कभी उतना प्यार नही दिया जितना मैं चाहती थी. उसको हमेशा अपनी बीवी से एक बेटे की चाहत थी. अगर मैं लड़का होती तो भी शायद कुछ हो सकता था लेकिन अफ़सोस..." अरुणा की आवाज़ थोड़ी भारी हो रही थी. "खैर... जिस उमर में बच्चों को माँ-बाप के प्यार की ज़रूरत होती है, उस उमर में मैं बोरडिंग स्कूल में थी. मेरे हिस्से का प्यार मेरे बाप की दूसरी दुल्हन और उनके नये बेटे को मिल रहा था. मैं चाहे जो कुछ भी कर लूँ, अपने माँ-बाप की नज़रों में नही आ पाती थी. ९०% मार्क्स, स्टेट रंक १ - यह सब तो जैसे सिर्फ़ ट्रोफीस थे जो मेरे रूम में थे. इनको प्राप्त करने की खुशी कभी मुझे नही मिली. बाद में मुझे पता चला कि मेरे पापा अपने बेटे को साइंटिस्ट बनाना चाहते हैं, तो उनका प्यार पाने के लिए मैने भी साइंटिस्ट बन-ने की सोची. वो पहली बार था जब मैने अपने पापा की आँखों में अपने वजह से आई खुशी देखी थी. मुझे पता नही था कि वो ही आखरी बार भी होगी.

पढ़ाई के दौरान मुझे खबर मिली कि पापा का देहांत हो गया है और माँ ने मुझे बताना भी उचित नही समझा. जिस प्यार को पाने की उम्मीद मुझे उमर भर थी, आज वो उम्मीद भी टूट गयी थी. अपने सारे गुस्से को अपने अंदर दबा कर मैने अपनी पूरी कोशिश पढ़ाई में लगा दी. जब बहुत मेहनत के बाद मुझे तुम्हारे साथ काम करने का मौका मिला तो मुझे लगा जैसे मेरा जीवन सफल हो गया हो. मुझे पूरा यकीन था कि पापा उपर से जब मेरी तरफ देखते होंगे, तो ज़रूर एक खुशी का अनुभव करते होंगे और सबको कहते होंगे कि यह है मेरी बेटी जिसने सिर्फ़ अपने बाप को खुश करने की ठानी थी और आज कर दिखाया. धीरे धीरे हम दोनो में बोल चाल शुरू हो गयी और मैं मन ही मन तुम्हें चाहने लगी. वो दिल जो तब तक सिर्फ़ मेहनत करने के लिए धड़का था, उसकी धड़कनों में से सिर्फ़ तुम्हारी ही आवाज़ आने लग गयी.

समय के साथ मुझे पता चला कि तुम्हारे दिल में भी मेरे लिए वोही प्यार है. तुम्हारे मूह से यह बात सुनकर मेरी खुशी का कोई ठिकाना नही रहा. तुम्हारे साथ मुझे जीवन की वो सब खुशियाँ मिलने लगी जो मैने कभी चाही थी. लेकिन यह डर हमेशा दिल में रहता था कि कहीं मैं तुम्हें भी खो ना दूं. अपने काम के प्रति तुम्हारे अंदर भी वोही जुनून था जो कभी मुझमें हुआ करता था. इस बात से मैं तुम्हारे और करीब आ गयी और तुम्हें और अच्छी तरह से समझने लगी. लेकिन यही कारण था कि मेरा डर और भी बढ़ता जा रहा था. जहाँ मेरी मेहनत किसी और के लिए थी, तुम्हारी मेहनत सिर्फ़ अपने लिए थी.

मुझे यकीन था के अपने एक्सपेरिमेंट्स के आगे तुम और किसी के बारे में नहीं सोचोगे. तुम्हारे इतने करीब आ कर और तुम्हें खो जाने का डर ही था जिसने मेरे दिमाग़ ने इस प्लान को एक्सेक्यूट करने की ताक़त दी. मैने ही उस जीव को अच्छी तरह से प्रोग्राम किया था. मैं चाहती थी कि ऐसा लगे कि वो जीव बेकाबू हो गया और उसने अपने जैसे चारों लोगों को मार दिया. जब केविन से यह बात पता चली कि स्पेसशिप पे भेजे गये सिग्नल्स रेडीरेक्ट हो रहे हैं, तब मैने अपने प्लान को अंजाम देने की ठान ली थी. मुझे लगा कि सारा ब्लेम मैं एलीयेन्स पे डाल दूँगी और हम अपनी ज़िंदगी आराम से बिताएँगे. अपने दिल पे हाथ रख कर कसम खाओ चंद्रशेखर और मुझे बताओ कि तुम अपनी पिछले १ साल की ज़िंदगी से खुश नही हो..."

चंद्रशेखर जो इतनी देर से चुप चाप अरुणा की बात सुन रहा था, अब बोला "अरुणा यहाँ बात मेरी खुशी की नही है.. बात यह है कि तुम अपने स्वार्थ में इतनी अंधी हो गयी थी कि तुमने मेरी या उन ४ मासूमों की ज़िंदगी के बारे में कुछ नही सोचा. एक निर्दयी प्राणी बन

कर तुमने उन चारों को धरती से मिटाने का फ़ैसला कर लिया... क्यूँ ? सिर्फ़ अपनी खुशी के लिए ना..."

"हां चंद्रशेखर.. मैं स्वार्थी हो गयी थी. प्यार में अक्सर आदमी अँधा हो जाता है. और उन चारों की ज़िंदगी हमारी ही मेहनत का फल है. अगर हम नही होते, तो वो चारों भी नही होते. जो ज़िंदगी हम ने दी, हमे उसे लेने का भी पूरा हक़ होना चाहिए..."

"क्या तुम वोही अरुणा हो.. जिसे मैने प्यार किया?? मुझे ऐसा नही लगता... मुझे लगता है जिससे मैं प्यार करता था वो सिर्फ़ एक छलावा था और यही तुम्हारा असली रूप है. तुम मुझसे एक बार कह कर तो देखती अरुणा...."

"कितनी बार चंद्रशेखर.. कितनी बार मैने तुम्हें एहसास दिलाने की कोशिश करी, पर तुमने मेरी एक ना सुनी. जुनून बन कर वो चारों तुम्हारे उपर हावी थे. और जिस अरुणा को तुम छलावा कह रहे हो, वोही है वो जिसने तुम्हारे प्यार में दुनिया के एक कोने में ज़िंदगी बिताने की सोची. वोही है जिसने तुम्हारे प्यार के कारण एक बार भी ना सोचा कि वो एक खूनी बनने जा रही है चंद्रशेखर... प्लीज प्लीज प्लीज मुझसे अब मूह ना फेरो चंद्रशेखर... मैने ज़िंदगी में बहुत कुछ खोया है... अब जो चीज़ मुझे मिल गयी है, वो मेरे से दूर मत करो चंद्रशेखर" अरुणा की आँखों से आँसू झरने की तरह बह रहे थे.

"मुझे कुछ समझ नही आ रहा अरुणा कि मैं क्या करूँ... किस पर भरोसा करूँ मैं अब.." चंद्रशेखर ने अपना सर पकड़ लिया जो इतनी ज़्यादा इन्फर्मेशन पाने के बाद दुखने लगा था.

"उन चारों को अपने हाल पर छोड़ दो चंद्रशेखर. हम अभी खुश हैं और खुश ही रहेंगे. मेरे पास अभी वो दवाई पड़ी है तो हम आर१००६८५ पर यूज़ करते थे उसकी पॉवर सप्रेस करने को. हम अभी भी उनको वो दवाई दे कर उनको एक नॉर्मल इंसान बना सकते हैं. मेरी बात मान लो चंद्रशेखर"

"ऐसा कुछ नही होगा अरुणा. वो लोग जैसे हैं, वैसे ही रहेंगे... रही हमारे बीच की बात तो उसका फ़ैसला भी मैं चन्द दिनों में कर लूँगा" अभी चंद्रशेखर बोल ही रहा था कि उसके पास दिया का ईमेल आ गया कि वो लोग विवेक के घर जा रहे हैं. पूजा का भी वहाँ जाने

की इच्छा रखना उस पर पहले ही ज़ाहिर हो गया था. "लगता है वो चारों विवेक के घर की तरफ जा रहे हैं अरुणा.. मैं भी उनसे मिलकर ही अपना फ़ैसला करूँगा. मैं भी इंडिया जा रहा हूँ."

"मुझे भी साथ ले चलो चंद्रशेखर" अरुणा ने बोला

"नहीं अरुणा. कुछ समय मुझे अकेले में चाहिए इस बात पे गौर करने को. प्लीज़ मुझे अकेला जाने दो"

"ठीक है चंद्रशेखर. पर वादा करो कि तुम वापस ज़रूर आओगे. जो भी तुम्हारा फ़ैसला होगा वो तुम मुझे यहाँ आ कर बताओगे"

"ज़रूर अरुणा. मैं वापस ज़रूर आऊंगा."

"मैं तुम्हारा समान पॅक कर देती हूँ. मैं वो दवाई भी रख रही हूँ जिससे उन सब की पॉवर दब जाएँगी. अगर तुम्हें उचित लगे तो उसका इस्तेमाल करना, नहीं तो रहने देना" चंद्रशेखर में अब अरुणा के व्यू अपोज़ करने की हिम्मत नही बची थी. हां में सर हिलाते हुए वो इंडिया जाने का प्लान बनाने लगा.

# २९

"जी विवेक यहीं रहता है.."

"बिल्कुल जी, यह विवेक का ही घर है.. आप कौन..."

"मैं पूजा हूँ.. विवेक की दोस्त... "

"अर्रे वाह.. अंदर आइए... अपना ही घर समझिए..." उसने पूजा और प्रतिक को अंदर किया और फिर बोला "देखो आंटी विवेक की दोस्त भी आये है...लगता है मेरे सिवा उसने सब को खबर कर दी थी कि वो आज यहाँ आ रहा है... और फिर मुझे अपना दोस्त कहता है" थोड़ी नाराज़गी के साथ वो बोला

"अर्रे दिलजीत बेटा क्यूँ अपना दिल छोटा करता है.. मुझे पूरा यकीन है कि विवेक ने तुझे इसलिए नही बताया ताकि वो यहाँ आ कर तुझे सर्प्राइज़ दे..." विवेक की मम्मी की किचन में से आवाज़ आई..

"खाख सर्प्राइज़... साले को स्टेशन पे ही पकड़ के रगड़ दूँगा देखना आप.. अच्छा वैसे गाड़ी का समय हो गया है.. मैं उसको ले कर आता हूँ.." फिर पूजा की तरफ मूड कर बोला.. "आप चलेंगी उसको लेने ?"

"न..न... नहीं... आप जाओ.. मैं यहीं उसका इंतेज़ार करती हूँ. " पूजा बोली. वो इंशुअर करना चाहती थी कि पीछे से घर में कोई अनहोनी ना हो...

"जैसी आप की मर्ज़ी" दिलजीत बोला और गाड़ी की चाबी उठा कर चलता बना

"अर्रे दिलजीत बेटा यह सिलिंडर ख़तम हो गया है.. इसको चेंज तो कर दे.... " आंटी ने किचन से बाहर आ कर बोला "अर्रे.. चला गया... यह भी पूरा वक़्त हवा पे सवार ही रहता है.. लगता है मुझे ही करना पड़ेगा..."

"अर्रे आंटी हम करवा देते है. आप अकेले क्यूँ करती हैं" कहते हुए पूजा  उनके साथ हो लीई.

“यार दिलजीत. मुझे पता है कि तेरे मन में बहुत अरमान होंगे अपनी भाभी को यह शहर दिखाने के.. पर प्लीज पहले घर चलते हैं और फिर घरवालों से मिल कर सीधा घूमने चलेंगे. प्लीज़ इस बात को मत काटना. आज इतने साल बाद तेरा दोस्त तुझसे कुछ गुज़ारिश कर रहा है. इस बात का मान रखना” जीप में चढ़ने से पहले विवेक ने दिलजीत से बोला

“अबे तू तो बहुत सेनटी हो रहा है यार. ठीक है ठीक है.. सीधा तेरे घर ही चलते हैं, आराम से यह बात कह देता, इतना सेनटी होने की क्या ज़रूरत थी... तू तो सच में बिल्कुल बदल गया है रे.. चलो जी सब लदो जीप में, चलते हैं सीधा आपके ससुराल” दिलजीत का मूड अपने यार को इतना बदला देख थोड़ा ऑफ हो गया था. पूरे रास्ते उस ने कोई बात नही करी और १५ मिनट में ही उनको घर पे ले आया. “तुम लोग चलो. मैं समान ले कर आता हूँ”

“अकेले कैसे उठाएँगे आप.. हम तीनो को स्टेशन पे उठाने में इतनी मेहनत लगी थी. सब थोड़ा थोड़ा ले जाते हैं. आराम से हो जाएगा.” दिया बोली

“अर्रे दिया जी. फॉरमॅलिटी मत ना करो. यह विवेक कम है फॉरमॅलिटी के लिए जो आप भी शुरू हो गयी.. आप चलो मैं लाता हूँ”

“अबे बंद कर यह नाटक. दिया तुम यह उठाओ. मैं वो उठाता हूँ और दिलजीत तू वो उठा... साले एक झापड़ मारूँगा अब मूड खराब रखा तो. अब घर आ गये हैं. खुश हो जा” विवेक ने बोला. वो घर को देख कर बहुत ही खुश था. जो अनहोनी होने का डर उसे सता रहा था, उसका कोई नाम ओ निशान ना था. सब ने सारा समान उठाया और भाग के अंदर हो लिए. वो देख ना पाए कि एक और टॅक्सी वहाँ आ कर रुकी है जिसमें चंद्रशेखर बैठा था.

अंदर पूजा अपनी पॉवर से सिलिंडर को उठा कर उसकी जगह पहुँचा रही थी.प्रतिक भी साथ ही था. आंटी से बातचीत के दौरान उसको पता चल गया था कि चंद्रशेखर ने उनके बारे में सब कुछ बता दिया है. अब फालतू में सिलिंडर उठा के वो अपनी शक्ति खर्च करना नही चाहती थी. जब दिलजीत, दिया और विवेक घर में घुसे तो सिलिंडर हवा में था और किचिन की तरफ जा रहा था. “पेन्चो यह क्या हो रहा है” दिलजीत ज़ोर से चीखा. पूजा की कॉन्सेंट्रेशन थोड़ी सी टूटी जिसके कारण सिलिंडर धडाम से नीचे गिरा. इससे पहले कि वो ज़मीन पर लगता, दिया ने अपनी पॉवर से उसे रोकना चाहा पर बिजली के झटके से

# INDIAN BEST TELEGRAM E-BOOKS CHANNEL

(*Click Here To Join*)

## साहित्य उपन्यास संग्रह

*Click Here*

## Indian Study Material

*Click Here*

## Audio Books Museum

*Click Here*

## Indian Comics Museum

*Click Here*

## Global Comics Museum

*Click Here*

## Global E-Books Magazines

*Click Here*

सिलिंडर रुकने की बजाए एक बहुत ही ज़ोर का धमाका हुआ. धमाका इतनी ज़ोर का था कि घर के सारे शीशे टूट गये और सब लोग इधर उधर जा कर लगे. घर पूरा जलने लगा. विवेक इंपॅक्ट के कारण और दरवाज़े के सबसे पास होने के कारण, सीधा बाहर जा कर गिरा.

चंद्रशेखर घर की ओर बढ़ ही रहा था जब धमाका हुआ और अगले ही पल उसने विवेक को उड़ते हुए बाहर आ कर देखा. उसने फटाफट से अपने फोन से फाइयर ब्रिगेड को बुलाया और दौड़ के विवेक के पास हो गया. उसकी एक नज़र घर की तरफ गयी जो बुरी तरह से जल रहा था. अंदर किसी के भी बचने का कोई आसार नज़र नही आ रहा था. विवेक का चेहरा भी पहचान-ने लायक नही था. बहुत ही धीरे धीरे विवेक की बॉडी रिस्टोर हो रही थी. उसका सर अपनी गोद में रखकर चंद्रशेखर के ज़हन में सिर्फ़ फ्यूचर का ख़याल आ रहा था. अब यह बात पूरी सॉफ हो गयी थी कि उसके बनाए २ अजूबे घर के अंदर ही मर गये थे. विवेक बच सकता था. लेकिन चंद्रशेखर का एक्सपेरिमेंट पूरी तरह से बंद हो ही चुका था. आज अगर विवेक जी भी जाता तो शायद वो इस हादसे को अपने ज़हेन से कभी ना निकाल पाता.

उसका सारा परिवार आज ख़तम हो चुका था. ऐसे में जब उसको सच पता चलेगा कि यह सब अरुणा के कारण हुआ है, तो क्या वो कभी चंद्रशेखर और अरुणा को माफ़ कर पाएगा? चंद्रशेखर अरुणा से पागलों की हद तक प्यार करता था. वो जानता था कि वो अरुणा के बिना नही रह सकता. और जब तक विवेक ज़िंदा था, चंद्रशेखर पूरी तरह से कभी अरुणा का नही हो सकता था. सच कह रही थी वो.. यह चारों एक जुनून की तरह सवार थे चंद्रशेखर के उपर और यह जुनून ख़तम करने का एकलौता मौका अब चंद्रशेखर के हाथ में आ गया था. अपनी पूरी ज़िंदगी की मेहनत पीछे छोड़ कर आज वो एक नयी ज़िंदगी शुरू करने जा रहा था. उसने अपने बॅग से निकाल कर वो दवाई विवेक में इंजेक्ट कर दी जिससे विवेक का ठीक होना बंद हो गया. उस की हालत इतनी खराब थी कि कुछ ही पलों में उसने भी दम तोड़ दिया. उसकी साँसों के रुकने के साथ ही चंद्रशेखर की आँखों से भी आँसू टपक पड़े. यह आँसू अपनी पुरानी ज़िंदगी भुला कर नयी ज़िंदगी शुरू कर रहे चंद्रशेखर की कोशिश की निशानी थी. थोड़ी ही देर में फाइयर ब्रिगेड वाले आ गये. जैसा कि चंद्रशेखर को पता था, घर में से विवेक के 'तीन दोस्तों' और माँ-बाप की बॉडी निकाली गयी. किसी का चेहरा पहचान में नही आ रहा था. लेकिन चंद्रशेखर को पूरा यकीन था कि वो इन सब को पहचान गया है. थोड़ी सी एंक्वाइरी निपटाने के बाद, चंद्रशेखर वापस अरुणा के पास जाने के लिए प्लेन की टिकेट बुक करने के लिए चला गया. एक नयी जिंदगी की शुरुआत की तरफ.चंद्रशेखर के लिए अरुणा ने अपने करियर की कुर्बानी दी थी और इंसानियत के लिए चंद्रशेखर ने अपने सपनो की कुर्बानी दे दी .....

**●◆■★ समाप्त ★■◆●**